समृद्धि न्यूज़

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 163
लखनऊ, शनिवार 01 फरवरी 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

मझवार जाति समूह की उपजातियों को परिभाषित कर केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजने की तैयारी 03

यमुना में पानी की गुणवत्ता में हुआ सुधार : अरविंद केजरीवाल 12

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संसद के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा

नवान्वेषण से बनेगा 2047 का विकसित भारत

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि सरकार विकास में सबकी भागीदारी को महत्व देते हुए किसान, मजदूर, नौकरी पेशा मध्यम वर्ग, महिलाओं की हिस्सेदारी को सुनिश्चित कर विश्व बंधु की भूमिका में ग्लोबल साउथ (दक्षिण गोलार्द्ध के विकासशील और गरीब देशों के समूह) की प्राथमिकताओं के साथ तीसरी आर्थिक शक्ति बन रहे देश को 2047 में विकसित भारत बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रही है।

श्रीमती मुर्मु ने शुक्रवार को संसद के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार विकसित भारत के विजन में जनभागीदारी के सामूहिक सामर्थ्य को महत्व देते हुए देश की आर्थिक उन्नति के रोडमैप को सशक्त बना रही है और अपने तीसरे कार्यकाल में जो कदम उठा रही है उसमें आर्थिक गति बढ़ाने के लिए ढांचागत विकास, कृषि विकास, सामाज के हर वर्ग को

सरकार विकसित भारत के विजन में जनभागीदारी के सामूहिक सामर्थ्य को महत्व देते हुए देश की आर्थिक उन्नति के रोडमैप को बना रही है सशक्त

विकास की धारा से जोड़कर सबके विकास को सुनिश्चित को विशेष महत्व दे रही है। देश में सभी को भोजन और आवास मिले इस योजना को प्राथमिकता देते हुए सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना का विस्तार कर तीन करोड़ अतिरिक्त परिवारों को नये घर देने का निर्णय लिया है।

इसके लिए पांच लाख छत्तीस हज़ार करोड़ रुपए खर्च किए जाने की योजना है। सरकार के विकसित भारत के विजन में जनभागीदारी के सामूहिक सामर्थ्य को महत्व देते हुए देश की आर्थिक उन्नति के रोडमैप को मजबूत बनाया जा रहा है। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन के आरंभ में दो माह पहले संविधान बनने की 75वीं वर्षगांठ तथा 26 जनवरी को भारतीय गणतंत्र की 75 वर्षों की यात्रा का ज़िक्र किया और लोकतन्त्र की जननी के रूप में भारत के गौरव को नयी ऊंचाई देने के लिए देशवासियों की तरफ से

राष्ट्रपति ने भविष्योन्मुखी विकास के महत्व को रेखांकित किया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण की सराहना की तथा इसे विकसित भारत के निर्माण की दिशा में भारत की यात्रा का एक व्यापक दृष्टिकोण बताया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति ने विभिन्न क्षेत्रों में प्रमुख पहलों पर प्रकाश डाला तथा सर्वांगीण विकास के साथ-साथ भविष्योन्मुखी विकास के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में ऐसे भारत का विजन समाहित है, जहां युवाओं को फलने-फूलने के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति के भाषण में पिछले दशक में हमारे राष्ट्र की सामूहिक उपलब्धियों का खूबसूरती से सारगर्भित वर्णन किया गया है और हमारी भविष्य की आकांक्षाओं को भी शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा, ५राष्ट्रपति जी द्वारा संसद के दोनों सदनों को आज दिया गया संबोधन, विकसित भारत के निर्माण की दिशा में हमारे राष्ट्र के मार्ग की एक स्पष्ट रूपरेखा थी। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में की गई पहलों पर प्रकाश डाला और सर्वांगीण तथा भविष्योन्मुखी विकास के महत्व को रेखांकित किया। उनके संबोधन में एक ऐसे भारत का विजन समाहित था, जहां युवाओं को फलने-फूलने के बेहतरीन अवसर मिलेंगे।

बाबासाहेब आंबेडकर समेत सभी संविधान निर्माताओं को नमन किया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर भी शोक व्यक्त करते हुए प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर तड़के भगदड़ में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि भी अर्पित कर घायलों के शीघ्र स्वास्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा, भारत की विकास यात्रा के इस अमृतकाल को आज सरकार अभूतपूर्व उपलब्धियों के माध्यम से नई ऊर्जा दे रही है। तीसरे कार्यकाल में तीन गुना तेज गति से काम हो रहा है। आज देश बड़े निर्णयों और नीतियों को असाधारण गति से लागू होते देख रहा है। और इन निर्णयों में देश के गरीब, मध्यम वर्ग, युवा, महिलाओं, किसानों को सर्वोच्च

अभिभाषण पर कांग्रेस नेता की प्रतिक्रिया दुर्भाग्यपूर्ण

नई दिल्ली। राष्ट्रपति भवन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के संसद में अभिभाषण पर कांग्रेस नेताओं की टिप्पणी को उच्च पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसे खारिज कर दिया है। राष्ट्रपति सचिवालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा, संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर मीडिया के समक्ष प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस पार्टी के कुछ प्रमुख नेताओं ने ऐसी टिप्पणियां की हैं, जो स्पष्ट रूप से उच्च पद की गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं, इसलिए अस्वीकार्य हैं। राष्ट्रपति भवन के अनुसार कांग्रेस के इन नेताओं ने कहा है कि राष्ट्रपति अभिभाषण के अंत में बहुत थक गई थीं और वे मुश्किल से बोल पा रही थीं। राष्ट्रपति भवन यह स्पष्ट करना चाहता है कि यह बात सच्चाई से बहुत दूर है।

प्राथमिकता मिली है। गांव में गरीबों को उनकी आवासीय भूमि का हक़ देने और वित्तीय समावेशन के लिए प्रतिबद्ध है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज पेश करेंगी आठवां आम बजट

एजेंसी

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 01 फरवरी, 2025 को अपना आठवां आम बजट पेश कर एक नया इतिहास रचेंगी। वित्त मंत्री ने आज आम बजट 2025-26 को अंतिम रूप दिया। श्रीमती सीतारमण ने यहां नार्थ ब्लॉक स्थित वित्त मंत्रालय में बजट की तैयारियों में लगे अधिकारियों और मंत्रालय के सचिवों से चर्चा की और बजट को अंतिम रूप दिया। इस दौरान वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी मौजूद थे। यह मोदी 3.0 सरकार का पहला पूर्ण बजट है और बजट आमतौर पर सुबह 11 बजे लोकसभा में पेश किया जाता है तथा उसके बाद उसे राज्यसभा के पटल पर भी रखा जाता है।

वित्त मंत्री के रूप में श्रीमती सीतारमण का यह आठवां बजट होगा, जिसमें अब तक उनके द्वारा पेश किए गए दो अंतरिम बजट भी शामिल हैं। इसमें आम लोगों विशेषकर नौकरीपेशा लोगों

विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार की पूरी कोशिश वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की है और वित्त मंत्री का पूरा जोर इस वर्ष भी पिछले वर्ष की तरह ही बुनियादी क्षेत्र (इन्फ्रास्ट्रक्चर) पर व्यय, सामाजिक कल्याण, ग्रामीण भारत के साथ ही अर्थव्यवस्था में हाल में आई नरमी को गति देने के उपायों पर हो सकती है।

को भी राहत मिल सकती है ताकि उनकी व्यय योग्य आय में वृद्धि हो सके और उनके व्यय से अर्थव्यवस्था को गति देने में मदद मिल सके।

संक्षिप्त समाचार

जल्द होगा आतंकी हमले के सूत्रधार राणा का प्रत्यर्पण

नई दिल्ली। मुंबई में 26 नवंबर 2008 के आतंकवादी हमले के सूत्रधार तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण का रास्ता साफ हो गया है और अब भारत एवं अमेरिका की सरकारों के बीच प्रक्रिया को लेकर काम शुरू हो गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां नियमित ब्रीफिंग में एक सवाल के जवाब में कहा, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 21 जनवरी 2025 को आरोपियों की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। अब हम मुंबई आतंकी हमले के आरोपी के भारत प्रत्यर्पण के लिए प्रक्रियात्मक मुद्दों पर अमेरिकी पक्ष के साथ काम कर रहे हैं।

सचिन तेंदुलकर को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड शनिवार को नमन पुरस्कार समारोह के दौरान सचिन तेंदुलकर को सी.के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित करेगा, जबकि रविचंद्रन अश्विन को भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान के लिए विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। खेल के दिग्गज खिलाड़ी तेंदुलकर ने भारत के लिए 200 टेस्ट, 463 वनडे और एक टी20 मैच खेले और सभी प्रारूपों में 34,000 से ज्यादा रन बनाए। वह भारत की 2011 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा थे और अपने शानदार करियर में तेंदुलकर देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न के भी प्राप्तकर्ता रहे हैं।

घुसपैठ की कोशिश नाकाम हथियारों के साथ दो आतंकी ढेर

पुंछ। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पार से घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए सेना ने दो भारी हथियारों से लैस आतंकियों को मार गिराया है। सेना द्वारा इलाके में जारी तलाशी अभियान के दौरान कई हथियार और युद्ध जैसे सामान बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि यह घटना गुरुवार को पुंछ जिले के खारी करमारा इलाके में हुई और आज सुबह अंतिम रिपोर्ट मिलने तक बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चल रहा था।

आवश्यकता

लखनऊ से प्रकाशित 12 पृष्ठीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्य के समस्त जनपदों हेतु जिला एवं तहसील स्तरीय संवाददाताओं की, जो खबरों के साथ समाचार पत्रों की व्यवसायिक क्षेत्रों में दक्षता रखते हों, केवल वही अपने पूर्ण विवरण के साथ सम्पर्क करें।

समृद्धि न्यूज
202, रीजेंसी प्लाजा, द्वितीय तल, 5-पार्क रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001,
samradhinews@gmail.com
7985738649/9305748833

चार-पांच फरवरी को बारिश का अलर्ट, आज से बदलेगा मौसम

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । राजधानी लखनऊ में सुबह के समय धुंध और कोहली का असर देखने को मिला। इसके बाद मौसम साफ हो गया। तेज धूप निकलने के चलते तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा है। तड़के सुबह लखनऊ का तापमान 10 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम विभाग का अनुमान है, आज लखनऊ का अधिकतम तापमान 27 डिग्री रहने की संभावना है। दिन में हवाओं का असर भी बना रहेगा। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार

प. विक्षोभ के सक्रिय होने से सहारनपुर सहित तराई में होगी बूंदाबांदी

सिंह का कहना है कि आने वाली तीन से चार दिनों तक लगातार न्यूनतम तापमान और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। दिन में हल्के से मध्य कोहरे का असर भी देखने को मिलेगा। लेकिन इसके बाद 1 फरवरी से पश्चिम विक्षोभ के सक्रिय होने से सहारनपुर सहित तराई क्षेत्र में बूंदाबांदी की स्थिति देखने को मिलेगी। इसके बाद 3 फरवरी से दूसरा पश्चिमी भी छोड़ सक्रिय होगा।

नेपाल सीमा के रास्ते भारत में घुसपैठ की फिराक में चीनी नागरिक गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले के मोहना थाना क्षेत्र स्थित भारत-नेपाल सीमा के ककरहवा बॉर्डर के रास्ते अवैध रूप से भारत में प्रवेश करते समय एक चीनी नागरिक को सीमा सुरक्षा बल और पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने शुक्रवार को बताया कि पकड़े गए अभियुक्त का नाम झी युंग बोधिसत्व है। एसएसबी जवान और मोहना थाना पुलिस ने उसे ककरहवा बॉर्डर के पिलर संख्या 544 के पास से गिरफ्तार किया। चीनी नागरिक की गिरफ्तारी की खबर मिलते ही सुरक्षा जांच एजेंसी भी अलर्ट हो गई हैं।

यूपी के गाजीपुर में सड़क हादसा, आठ लोगों की मौत

प्रयागराज से तीर्थ यात्रियों को लेकर आ रहा था वाहन, 12 घायल

समृद्धि न्यूज



गाजीपुर। उत्तर प्रदेश में महाकुंभ स्नान के बाद प्रयागराज से तीर्थ यात्रियों को लेकर आ रहा वाहन गाजीपुर जिले के नन्दगंज थाना क्षेत्र के कुसुम्ही कला के पास हाई-वे पर शुक्रवार को हादसे का शिकार हो गया। इसमें आठ लोगों की मौत हो गई जबकि 12 लोग घायल हो गये। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद गाजीपुर में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गयी है। प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करके पिकअप से बांसगांव गोरखपुर निवासी करीब 20 श्रद्धालु वापस घर जा रहे थे, तभी नंदगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसुम्हीं के रेवसा गांव के पास यह हादसा हुआ। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराते हुए शवों की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। इधर, दुर्घटना की खबर मिलते ही भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह अपने कार्यकर्ताओं के साथ गाजीपुर मेडिकल कालेज में पहुंच कर राहत कार्यों का जायजा लिया।

फिरोजपुर में धुंध में कैंटर-पिकअप की टक्कर, 11 की मौत

चंडीगढ़। पंजाब के फिरोजपुर में आज सुबह पिकअप और कैंटर की टक्कर में 11 लोगों की मौत हो गई जबकि 15 लोग घायल हो गए। घायल व्यक्तियों में पांच की हालत गंभीर है। यह हादसा फिरोजपुर-फाजिल्का रोड पर गांव मोहन के उताड़ के पास हुआ। पिकअप में 25 से ज्यादा मजदूर सवार थे। इंस्पेक्टर जसविंदर सिंह बराड़ ने कहा कि यह हादसा संभवतः धुंध के कारण हुआ। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। मजदूर फिरोजपुर से देहात एरिया की ओर जा रहे थे। जिला उपायुक्त दीप शिखा शर्मा ने नौ लोगों की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही तुरंत पांच एंबुलेंस भेजी गईं। घायलों में से 10 को मेडिकल कॉलेज फरीदकोट और एक को जलालाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी शव जलालाबाद अस्पताल में रखे गए हैं।

आप के सात विधायकों ने पार्टी से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। दिल्ली में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आम आदमी पार्टी के सात विधायकों ने शुक्रवार को इस्तीफे का ऐलान कर दिया। आप के सात विधायकों राजेश ऋषि, नरेश यादव, रोहित कुमार महरौलिया, भावना गौड़, भूपेंद्र सिंह जून, मदन लाल और पवन शर्मा ने पार्टी से इस्तीफे की घोषणा की जनकपुरी से दो बार के विधायक राजेश ऋषि ने श्री अरविंद केजरीवाल को भेजे इस्तीफे में आरोप लगाया कि पार्टी मूल सिद्धांतों को त्यागकर भ्रष्टाचार में डूब गई है। उन्होंने कहा कि संतोष कोली के बलिदान के साथ गलत व्यवहार किया गया और उनके हत्यारे को टिकट दिया गया, यह पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ विश्वासघात है। उन्होंने पार्टी में भाई-भतीजावाद किए जाने का भी आरोप लगाया है।

ममता कुलकर्णी व लक्ष्मी नारायण को किन्नर अखाड़े से हटाया गया

समृद्धि न्यूज

उज्जैन। 31 जनवरी को किन्नर अखाड़े के संस्थापक ऋषि अजय दास ने एक बड़ा कदम उठाते हुए ममता कुलकर्णी और लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को महामंडलेश्वर पद से हटा दिया। यह विवाद तब शुरू हुआ जब ममता कुलकर्णी को महाकुंभ में 24 जनवरी को महामंडलेश्वर की उपाधि दी गई और उनका नया नाम 'श्री यामाई ममता नंदिनी गिरी' रखा गया।

ममता कुलकर्णी, जो एक अभिनेत्री रह चुकी हैं, को किन्नर अखाड़े के महामंडलेश्वर बनाने पर कई साधु-संतों और अन्य अखाड़ों ने आपत्ति जताई। किन्नर अखाड़े के संस्थापक अजय दास ने यह आरोप लगाया कि ममता कुलकर्णी का फिल्मी बैकग्राउंड और उसके खिलाफदेशद्रोह के आरोप इस पद के लिए उचित नहीं हैं। अजय दास के अनुसार, किन्नर अखाड़े का महामंडलेश्वर पद एक ऐसे व्यक्ति के लिए होना चाहिए जो लंबे समय से आध्यात्मिक जीवन जीता हो और जो इस पद की परंपरा और सिद्धांतों को समझता हो। ऋषि अजय दास ने किन्नर अखाड़े की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ÷लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने ममता कुलकर्णी को बिना किसी धार्मिक परंपरा को मानते हुए महामंडलेश्वर पद दे दिया, जो किन्नर अखाड़े के सिद्धांतों के खिलाफ है।

कार्रवाई : पुलिस भर्ती के फिजिकल टेस्ट में धांधली पर मेडिकल अफसर सस्पेंड

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और यूपी कैबिनेट में स्वास्थ्य मंत्रालय संभाल रहे बृजेश पाठक ने आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर भर्ती को लेकर अभ्यर्थियों के फिजिकल टेस्ट में गड़बड़ी के आरोप में चिकित्साधिकारी को सस्पेंड कर दिया है। साथ ही आगे भर्ती को लेकर किसी भी तरह की वसूली व मानकों की अनदेखी करने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। मेरठ स्थित सरूरपुर खुर्द के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्साधिकारी डॉ. दिव्य कुमार राणा तैनात हैं। इनकी ड्यूटी पुलिस लाइन में अभ्यर्थियों के फिजिकल टेस्ट के लिए लगाई गई थी। इनपर आरोप है कि अभ्यर्थियों को फिजिकल टेस्ट में पास कराने के लिए उनसे वसूली की।

महाकुंभ हादसे की जांच के लिए न्यायिक आयोग पहुंचा प्रयागराज

समृद्धि न्यूज

महाकुम्भनगर। प्रयागराज महाकुम्भ में दूसरे अमृत स्नान मौनी अमावस्या के पहले देर रात्रि संगम नोज पर हुए हादसे की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग शुक्रवार को प्रयागराज पहुंचा। महाकुंभ में आयोग भगदड़ के कारणों और परिस्थितियों की जांच करेगा। साथ ही भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने के सिलसिले में सुझाव भी देगा।

गुरुवार को लखनऊ में न्यायिक आयोग ने कामकाज शुरू कर चुका है। आयोग के तीनों सदस्य शुक्रवार को जांच के लिए प्रयागराज आए हैं। आयोग का कार्यालय लखनऊ के जनपथ में बनाया गया है। आयोग के

न्यायमूर्ति हर्ष कुमार की अध्यक्षता वाले आयोग में डी. के. सिंह व आईपीएस वीके गुप्ता हैं शामिल

पदाधिकारियों का मेला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठकों का दौर शुरू हुआ है। ये पदाधिकारी घटनास्थल का निरीक्षण करेंगे, साथ ही प्रत्यक्षदर्शियों से भी बात करेंगे। उल्लेखनीय हैं कि प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के मौके पर स्नान के लिए उमड़ी भीड़ में भगदड़ की स्थिति बन गई, जिसमें 30 लोगों की मौत हो गई थी और 60 अन्य घायल हो गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे की जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया था।

116 देशों के राजनयिक आज संगम में डुबकी

महाकुंभनगर (प्रयागराज)। संपूर्ण दुनिया के आकर्षण का केंद्र बना प्रयागराज महाकुंभ नित नए कीर्तिमान रच रहा है। विश्व के 116 देशों के राजनयिक आज महाकुंभनगर आ रहे हैं। सभी राजनयिक प्रयागराज के बमरौली एयरपोर्ट पर उतरेंगे। वहां से हेलीकाप्टर से अरैल पहुंचेंगे। राजनयिकों के साथ विदेशमंत्री एस.जयशंकर पहुंच रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभी का प्रयागराज में स्वागत करेंगे। सभी राजनयिक अरैल पहुंचने पर सबसे पहले अपने देश का झंडा फहरायेंगे। इसके बाद संगम में डुबकी लगाने पहुंचेंगे ।यह वैश्विक आयोजन मां गंगा के तट पर होगा। इस समागम में धुर विरोधी रूस और यूक्रेन के राजदूत भी शामिल होंगे। राजनयिक संगम में डुबकी लगाने के बाद अक्षयवट और लेटे हुए हनुमान जी का दर्शन करेंगे।

परीक्षण देश का पहला वर्टिकल लिफ्टअप ब्रिज दो किमी है लंबा, नीचे से कोस्ट गार्ड की बोट निकली

पम्बन रेलवे ब्रिज पर रामेश्वरम एक्सप्रेस ट्रेन का सफल ट्रायल

एजेंसी

रामेश्वरम। नए पम्बन ब्रिज को रामेश्वरम से लेकर मंडपम तक बनाया गया है। तमिलनाडु के रामेश्वरम में बने नए पम्बन रेलवे ब्रिज पर शुक्रवार को रामेश्वरम एक्सप्रेस ट्रेन का सफल ट्रायल किया गया। ट्रेन को मंडपम से रामेश्वरम रेलवे स्टेशन तक ले जाया गया। इसमें कोई यात्री नहीं था। 2 साल बाद ट्रेन सेवा फिर से शुरू होने से स्थानीय लोगों में खुशी है।

इसके अलावा वर्टिकल लिफ्ट अप ब्रिज को पहली बार इंडियन कोस्ट गार्ड की पेट्रोलिंग बोट के लिए ऊपर उठाया गया। इसके बाद बोट ब्रिज के नीचे से गुजरी। पम्बन ब्रिज इंजीनियरिंग की अद्भुत मिसाल है। ये ब्रिज 2 किमी लंबा है, जो बंगाल की खाड़ी पर बना हुआ है। इसे मौजूदा पम्बन ब्रिज के समानांतर बनाया गया है। इसमें समुद्र के पार 100 स्पैन हैं, जिनमें से 99 स्पैन 18-3 मीटर और एक स्पैन 72-5 मीटर माप का है। पम्बन ब्रिज देश का पहला वर्टिकल लिफ्ट अप ब्रिज है, जो 531 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार हुआ है। ये ब्रिज रामेश्वरम को तमिलनाडु की मुख्य भूमि से जोड़ता है।

पहले 2 ट्रायल रन हुए दक्षिण रेलवे ने 12 जुलाई, 2024 को नए पम्बन ब्रिज पर लाइट इंजन ट्रायल रन किया था, जिसमें पुल की संरचनात्मक अखंडता और विश्वसनीयता की पुष्टि की गई। 4 अगस्त, 2024 को आयोजित टावर कार ट्रायल रन के साथ, ब्रिज के पार रामेश्वरम स्टेशन तक एक ओएचई (ओवरहेड उपकरण) टावर कार का संचालन किया गया। 1914 में शुरू हुआ था पुराना पम्बन ब्रिज पूर्व युग में बनी संरचनाओं में से एक के रूप में माना जाने वाला, पम्बन कैंटिलीवर ब्रिज वर्ष 1914 में चालू किया गया था। प्रायद्वीपीय भारत और मन्नार की खाड़ी को जोड़ते हुए, यह मंडपम को रामेश्वरम द्वीप से जोड़ती है। यह ब्रिज दक्षिण रेलवे के मदुरै मंडल के अधिकार क्षेत्र में आता है।

हर साल हजारों पैसेंजर्स विजिट करते हैं ग्रेट पम्बन ब्रिज

दुनिया भर से हजारों पर्यटकों को आकर्षित करता है। दर्शकों को एक शानदार नजारा पेश करते हुए, शेरजर रोलिंग स्पैन खूबसूरती से उठते हैं और क्रूजर और जहाजों को गुजरने की अनुमति देते हैं। यह पुल प्रसिद्ध रामनाथस्वामी मंदिर में आने वाले तीर्थयात्रियों को ले जाता है। 110 साल से ज्यादा पुराना ब्रिज पुराना ब्रिज 110 साल से ज्यादा समय तक सेवा दे चुका है जो कोडल लाइफ से कहीं ज्यादा है। उच्च ज्वार के स्तर और गर्डर के निचले हिस्से के बीच सिर्फ 1-5 मीटर की जगह उपलब्ध है, जिसके कारण गर्डरों पर समुद्री पानी के छींटे पड़ते हैं। ब्रिज को 23 दिसंबर, 2022 को बंद कर दिया गया था।

सक्करकोट्टई पक्षी अभयारण्य सहित चार आर्द्रभूमि रामसर स्थलों में शामिल

समृद्धि न्यूज

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमियों वाली रामसर स्थलों की सूची में भारत के चार और स्थल जोड़े गए हैं। तमिलनाडु से सक्करकोट्टई पक्षी अभयारण्य व थरथंगल पक्षी अभयारण्य, सिक्किम से खेचेओपलरी वेटलैंड और झारखंड से उधवा झील शामिल है।

भारत में रामसर स्थलों की संख्या 89 हो गई है। केन्द्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने एक्स पोस्ट में कहा कि रामसर सूची में भारत के चार स्थलों के नाम और जुड़ गए हैं। इसी के साथ यह संख्या 89 हो गई है। वैश्विक समुदाय विश्व आर्द्रभूमि दिवस मनाने की तैयारी कर रहा है। इस बीच भारत के पास खुश होने का कारण है। अंतरराष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमियों की सूची में चार नए रामसर स्थल जोड़े गए हैं। यह इस बात का एक और उदाहरण है कि कैसे प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रकृति और प्रगति एक साथ आगे बढ़ रही हैं।

लव जिहाद... हत्या मामले के मुख्य आरोपी गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

लव जिहाद और हत्या मामले के मुख्य आरोपी आसिफ उर्फ छोटू को पढुआ थाना प्रभारी निराला तिवारी ने पुलिस टीम के साथ गुरुवार की रात लगभग 9 बजे बैरिया पुल के पास मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है, मुठभेड़ के दौरान आरोपी ने पुलिस पर फायर झोंक दिया, जिसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्यवाही के दौरान फायरिंग कर दी, जो आरोपी के पैर में लगी, जिससे आरोपी वहीं गिर गया, जिसे पुलिस हिरासत में लेकर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां आरोपी का इलाज किया जा रहा है। वहीं गांव में सुरक्षा के मद्देनजर चप्पे चप्पे पर पुलिस बल मुस्तैद रहा।

शुक्रवार की सुबह मृतका का शव उत्तराखंड से गौरिया पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया, मृतका का शव के साथ की गई निर्ममता को देखते ही गांव के लोग आक्रोशित हो गए, और शव के अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया और आरोपियों के विरुद्ध बुलडोजर की कार्यवाही की मांग कर प्रदर्शन करने लगे, वहीं गांव पहुंचे विश्व हिन्दू युवा वाहिनी एवं राष्ट्रीय बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए आरोपियों के घरों पर बुलडोजर की कार्यवाही कर फांसी की सजा की मांग करते हुए प्रदर्शन करने लगे, स्थिति को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नैपाल सिंह सीओ महक शर्मा मौके पर पहुंच गए और परिजनों से बातचीत कर दोषियों के विरुद्ध फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई और कड़ी से कड़ी कार्यवाही का आश्वाशन दिया जिसके बाद परिजन अंतिम संस्कार को राजी हुए। और हिंदू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार कर दिया।

मामले मृतका के पिता की तहरीर पर 14 के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कर 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था, जिसको पुष्टि एसपी संकल्प शर्मा ने की थी। वहीं मुख्य आरोपी को पुलिस न मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है और एडिशनल एसपी नैपाल सिंह के अन्य आरोपियों की तलाश में टीमें गठित कर तलाशी अभियान शुरू करने और जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया, आरोपियों के विरुद्ध ताबड़तोड़ को गई कार्रवाई से पीड़ित परिवार संतुष्ट दिखा, जिसे न्याय दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

पढुआ थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को अगवा करने के बाद देहरादून मे निर्मम हत्या कर शव जंगल फेंकने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी छोटू उर्फ आसिफ को मुठभेड़ के दौरान दबोच लिया है वहीं मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पेर में गोली लगी है। पढुआ थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को 26 जनवरी की शाम आरोपी छोटू उर्फ आसिफ अपने सहयोगियों के साथ मिलकर अगवा करके देहरादून लेकर चला गया था।परिजनों का आरोप हैं,की आरोपी ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया उसके बाद किशोरी के ऊपर धर्मांतरण का दबाव बनाया, किशोरी के द्वारा धर्मांतरण से इन्कार कर दिया इसके बाद आरोपियों ने गला घोट का हत्या कर दी और शव को जंगल में फेंक दिया। मृतका के शरीर पर चोट के निशान मिले है।घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस के द्वारा आरोपियों को पकड़ने का सिलसिला शुरू हो गया।

पुलिस ने आरोपियों की लोकेशन व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ढखेरवा चौकी पुलिस के द्वारा देहरादून के रामनगर थाना क्षेत्र से घटना में संलिप्त कुछ लोगों को पुलिस ने दबोचा था वहीं गिरफ्तार किए गए आरोपियों की निशानदेही पर मृतक किशोरी का शव को देहरादून के जंगल से बरामद किया था।शव पोस्टमार्टम के बाद घर भेज दिया गया।शुक्रवार को सुबह शव गांव पहुंचते ही माहौल गर्म हो गया जिसमें मृतक किशोरी का परिवार आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाने के बाद मांग करता रहा,परिवार का कहना है जब तक आरोपियों के घर पर प्रशासन बुलडोजर नहीं चलाएगा तब तक किशोरी का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा इसके बाद पुलिस के मान मनौव्वल व समझाने के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए।

घटना को अंजाम देने वाले आरोपी एक विशेष समुदाय के हैं इसके चलते आस पास क्षेत्र से लेकर हिंदू संगठनों में दिनभर भारी रोष व्याप्त रहा।



छावनी में तब्दील रहा मृतका का गांव

किशोरी की मौत के बाद तनावपूर्ण स्थिति से निपटने के लिए गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा गांव की गलियों से लगाकर चाक चौराहे पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल मौजूद रहा। तनावपूर्ण स्थिति से निपटने के लिए सीओ निघासन महक शर्मा, सीओ धौरहरा पीपी सिंह सहित पढुआ, मझगई, तिकुनियां, धौरहरा, शारदानगर, फरधान, नीमगांव सहित अन्य थानों की पुलिस मुस्तैद रही।

एडिशनल एसपी के आश्वाशन के बाद परिजन अंतिम संस्कार को हुए राजी

तनाव की स्थिति को देखते हुए एडिशनल एसपी नैपाल सिंह ने परिजनों से बातचीत की और आरोपियों के खिलाफ हो रही कार्यवाही की पूरी जानकारी परिवार व हिन्दू संघटनो को दी उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ ऐसी कार्यवाही होगी जो समाज के लिए नजीर बनेगी प्रशासन के मान मनौव्वल के बाद परिजनों ने मृतका का दाह संस्कार कर दिया है।

ससुरालियों ने बहू की धारदार हथियार से की नृशंश हत्या

मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र के ग्राम खंजन नगर में ससुरालियो द्वारा मिलकर अपनी बहू की धारदार हथियार से नृशंश हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार ग्राम खंजन नगर निवासी शरीफ अहमद गाजी की बड़ी बहू सिम्मी पत्नी सफीक गाजी सुबह करीब 5:00 बजे घर में चाय बना रही थी अज्ञात कारणों के चलते शरीफ ससुर तथा उसके पुत्र सत्तार तथा घूरना पत्नी शरीफ ने मिलकर अपनी बहू सिम्मी उम्र 32 वर्ष की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई। घटना के समय सफीक जानवरों के चारे के लिए गन्ना छीलने बाहर खेत पर गया हुआ था। घटना की जानकारी मिलने पर मितौली थाना पुलिस चौकी प्रभारी कस्ता प्रशांत श्रीवास्तव ने हमराही पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर जाकर मृतका का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए लखीमपुर चिकित्सालय भेजा गया है। घटनास्थल का निरीक्षण पुलिस उपाधीक्षक गोला तथा फोरेंसिक टीम द्वारा किया गया। सिम्मी के दो बच्चे समर उम्र 8 वर्ष लड़की अर्बिस उम्र 4 वर्ष बताई जाती है। पुलिस ने शरीफ ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। शरीफ स्वयं अकेले ही अपने को जुर्म इकबाल कर रहा है किंतु ग्रामीणों ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि घर में मौजूद शरीफ के पुत्रों तथा शरीफ की पत्नी ने मिलकर अपनी बहू की हत्या कर दी है। सभी हत्यारे घटनास्थल से फरार हैं। घर पर केवल जानवरों के अलावा कोई मौजूद नहीं था।

शारदा नदी क्षेत्र में बने पट्टे से संबंधित मीटिंग आयोजित

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।

ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामनगर में आए दिन नदी के किनारे की जमीन को लेकर आए दिन विवाद होता रहता है। गरीब किसान अपनी जमीन को नापवाने के लिए तहसील में एप्लिकेशन देते हैं ताकि उनकी जमीन उन्हें मिल सके। बताया जाता है कि तराई में पट्टा दूसरे के नाम और फसल कोई दूसरा व्यक्ति वो रहा है। जिससे आए दिन विवाद होता है इसी को लेकर कुछ ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी गोला व क्षेत्रीय विधायक अमन गिरी को लिखित प्रार्थना पत्र दिया था जिसे लेकर शुक्रवार को बाजार प्रांगण रैनागंज रामनगर में विधायक द्वारा पट्टे से संबंधित मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक अमन गिरी ने कहा कि सभी किसान जब अपना गाना छील लेंगे उसके बाद में पैमाइश की जाएगी और जो बाहरी लोगो ने जमीन जोत रखी हैं। उनको वहां से हटाया जाएगा गन्ना छीलने के बाद जो रामनगर कला का बॉर्डर है। उसी से नपाई की शुरुआत होगी तब तक के लिए किसी भी किसान को परेशान ना किया जाए और ना ही उससे कोई अवैध वसूली की जाए।

इस मौके पर गोला विधायक अमन गिरी व उपजिला अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता व नायब तहसीलदार भानु प्रताप सिंह, कानूनगो करुणेश, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह भूषण राज डॉ0 बच्चू, सुदीश, रामसरन, रामबहादुर, महावीर,ग्राम प्रधान रामनगर महेश सिंह, मुकेश प्रधान ग्राम इटकुटी स्थानीय लेखपाल अमन कुमार सत्यार्थी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

मिशन मैदान के लिए यह जनपद डीसी मनरेगा को हमेशा याद रखेगा : डीएम

- डीसी मनरेगा, डीआरडीए के लेखाकार सेवानिवृति, गई विदाई

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

जिले में सफल कार्यकाल पूर्ण करते सेवानिवृत्त होने वाले लोकप्रिय डीसी मनरेगा विपिन कुमार चौधरी और डीआरडीए के लेखाकार शिव प्रसाद दीक्षित को शुक्रवार शाम जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा विकास भवन के विवेकानंद सभागार में पुष्पगुच्छ व पुष्पमाला पहनाकर भावभीनी विदाई दी। अधिकारियों ने उनके कार्यकाल को सराहा।

कार्यक्रम की शुरुआत में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और सीडीओ अभिषेक कुमार ने पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीसी एनआरएलएम जितेंद्र सिंह समेत सभी अधिकारी-कर्मचारियों संग सेवानिवृत डीसी मनरेगा विपिन कुमार चौधरी और डीआरडीए के लेखाकार शिव प्रसाद दीक्षित को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह, बुके एवं अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया।

विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए सेवानिवृत्ति डीसी मनरेगा विपिन कुमार चौधरी ने सबसे पहले उन लोगों के प्रति आभार जताया, जिन्होंने उनके साथ टीम भावना के साथ काम किया। उन्होंने अपने कार्यकाल की कुछ यादों को साझा करते हुए कहा कि डीएम और सीडीओ के नेतृत्व निर्देशन और सभी के सहयोग से मनरेगा कार्यो का संचालन किया जा सका। कहा कि जनपद लखीमपुर खीरी की यादें उनके साथ सदा रहेंगी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि सेवानिवृत्ति डीसी मनरेगा ने सौम्यता के साथ अपने पद को सुशोभित किया। उनसे सौम्यता सीखने वाली है। उनके कार्यों की जिलेभर में चहुओर प्रशंसा होती है। उनका कार्यकाल सकारात्मक दृष्टिकोण व यादगार पारी के रूप में याद किया जाएगा। मिशन मैदान के तहत रिकॉर्ड समय में खेल मैदान का निर्माण निश्चित रूप से एक कीर्तिमान है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने डीसी मनरेगा और डीआरडीए के लेखाकार के कार्यकाल व उनके विशेष सहयोग को याद किया।

कार्यक्रम को डीसी एनआरएलएम जितेंद्र सिंह, डीपीआरओ विशाल सिंह, सभी बीडीओ ने संबोधित किया। पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी ने कहा कि निवर्तमान सीडीओ से उन्होंने विभिन्न प्रशासनिक दक्षताओं व विधाओं को सीखा है। उनके पास प्रशासनिक व सामाजिक अनुभवों का अपार भंडार है। इस दौरान सभी जिला स्तरीय अधिकारी, सभी एसडीएम, बीडीओ सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

अज्ञात कारणों से लगी आग, सामान सहित चार मवेशी जले

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज। बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत पकरिया सलिहा गांव में अज्ञात कारणों से शुक्रवार शाम करीब 6:30 बजे आग लग गई। ग्रामीण जब तक आग पर काबू पाते तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया घर सहित पशु बाड़े को अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें पशु बाड़े में बंधे चार जानवर झुलस गए जिसमें एक जानवर की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताते है पकरिया निवासी गिरधारी पुत्र अन्तू काम करने गए थे घर पर छोटे छोटे बच्चे थे अचानक घर में आग लग गई ग्रामीणों ने बच्चों को बाहर निकाला तब तक आग ने उग्र रूप धारण कर लिया कड़ी मसकत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। अग्निकांड में जेवर सहित घरेलू अनाज, कपड़ा, बर्तन, बिस्तर सहित सब कुछ जल कर खाक हो गया। ग्राम प्रधान ने घटना की जानकारी स्थानीय लेखपाल, व मवेशी चिकित्सा अधिकारी को दी।

पेशकार व राजस्व सहायक द्वितीय को दी विदाई

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए दो कर्मचारियों का विदाई समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान सेवानिवृत्त हुए जिलाधिकारी के रीडर राजेश कुमार कश्यप, आरए द्वितीय कैलाश चंद्र श्रीवास्तव को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एडीएम संजय कुमार सिंह ने एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, एसडीएम, अमिता यादव, अंकित तिवारी के साथ धार्मिक पुस्तक व स्मृति चिंह भेंट कर विदाई दी।

इनके सेवानिवृत्त होने पर कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्ट्रेट कर्मचारियों की ओर से विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एडीएम संजय कुमार सिंह ने दोनों कर्मचारियों को धार्मिक पुस्तक व स्मृति चिंह भेंट किया।

विदाई समारोह कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एडीएम संजय कुमार सिंह ने दोनों सेवानिवृत कर्मचारियों की कार्यशैली एवं उनके विशेष सहयोग को याद किया। इस दौरान कर्मचारियों ने उनका माल्यार्पण कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट के कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे।

महात्मा गांधी के पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित

मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज। विकास खंड मितौली स्थित सत्यम पब्लिक स्कूल मितौली खीरी में महात्मा गांधी के पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय प्रांगण में प्रधानाचार्य एस. के. मौर्य ने शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा बच्चों सहित राष्ट्रपिता , मोहन दास करमचंद गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया। प्रधानाचार्य एस0 के0 मौर्य ने गांधीजी के जीवन दर्शन तथा कार्यों पर प्रकाश डाला । अमित कुमार ने गांधी जी द्वारा चलाए गए विभिन्न आंदोलनों की चर्चा की। बच्चों ने गीत कहानी भाषण प्रतियोगिताओं के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर शिव शंकर लाल,अनिल कुमार, दीपिका शर्मा, शिवांशी अग्निहोत्री, विजय लक्ष्मी, सुनील कुमार वर्मा, आनंद कुमार शर्मा, निशि मिश्रा, अर्पित बाजपेई, हिमांशी सिंह, आयशी वर्मा, शिवम वर्मा, निखिल कुमार, शिवान्शु अवस्थी आदि शिक्षक -शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

डीएम की पहल जोन ऑफ एक्सीलेंस से साकार होगा जीवन रक्षा का संकल्प

- कलेक्ट्रेट के 10KM दायरे में बनेगा जीरो एक्सीडेंट जोन, तैयारियां पूरी
- डीएम-एसपी ने की हाई लेवल मीटिंग
- NCC-NSS के स्टूडेंट को जागरूकता दूत बनाने की तैयारी

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं जाने, यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर कलेक्ट्रेट की 10 किमी परिधि में ÷जोन ऑफ एक्सीलेंस÷ बनाने का खाका खींचा गया। गुरुवार की देर शाम डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने सड़क सुरक्षा से जुड़े अफसरो संग बैठक की, इसमें विभागों के उत्तरदायित्व निर्धारित करने और इसे जमीन पर उतारने की पूरी रूपरेखा, रणनीति तय हुई।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि बच्चे रोड सेफ्टी कार्यक्रम की नींव है। जोन ऑफ़ एक्सीलेंस के तहत बच्चे कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत पुलिस के सहयोगी बनने जा रहे हैं। पुलिस बनने के सपने को संजोए इन सभी स्वयंसेवी बच्चों को अग्रिम भविष्य की उज्जवल शुभकामनाएं। गोल्डन आवर में घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाई जा सकती है। सभी चिकित्सालय इमरजेंसी केयर को प्राथमिकता दें। ब्रेन इंजरी हुई तो जान बचाना मुश्किल होता है इसलिए प्रोटेक्शन के लिए हेलमेट का इस्तेमाल जरूरी है। एसपी संकल्प शर्मा ने अपने निजी जीवन को याद करते हुए बताया कि उनकी मां ने बिना हेलमेट उन्हें कभी भी घर से बाहर निकलने नहीं दिया। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से जोन ऑफ़ एक्सीलेंस में पड़ने वाले सड़क मार्गों पर अतिक्रमण हटाने, ओवर स्पीड पर अंकुश लगाने, हेलमेट ड्राइविंग, ड्रिंक एंड ड्राइव की चेकिंग जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अपने महत्वपूर्ण और सारगर्भित विचार व्यक्त किए डीएम ने जोन ऑफ़ एक्सीलेंस के भीतर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों को निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार सभी जरूरी कदम उठाए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सड़क मार्गों पर स्पीड (गति) कम करने हेतु रिपीटेड बार का निर्माण, ज़ेबरा क्रॉसिंग, एनएच पर मिलने वाले गांव के लिंक मार्ग पर स्पीड ब्रेकर का निर्माण, सड़कों पर सुधारात्मक कार्य कराए जाने को कहा। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि जिले में डीएम की पहल सड़क दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मृत्यु दर को शून्य करने में मील का पत्थर साबित होगा। इसके लिए जन जागरूकता एवं जन सहभागिता पर भी अपने विचार व्यक्त किए। बैठक की शुरुआत में अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी अनिल कुमार यादव ने जोन ऑफ़ एक्सीलेंस के भीतर आने वाले मार्गो पर गत वर्षो में घटित दुर्घटनाओं के डाटा, उनके कारणों को रेखांकित किया। जोन में दुर्घटना बाहुल्य एरिया में संकेतक, रोड इंजीनियरिंग और ट्रैफिक रूल्स के प्रति जागरूकता फैलाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन मंथन हुआ। प्रेजेंटेशन के माध्यम से विगत 3 वर्षों के अकड़ो का विश्लेषण एवं उनके आधार पर जोन ऑफ़ एक्सीलेंस को नो फैटेलिटी जोन बनाने की प्लानिंग एवं स्ट्रेटेजी प्रस्तुत की गई। मोर्थ की 4 ई गाइडलाइन के अनुसार समस्त स्टेक होल्डर्स द्वारा अपेक्षित कार्यवाही की भी प्रेजेंटेशन द्वारा जानकारी दी गई। बैठक में एआरटीओ अखिलेश कुमार द्विवेदी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग तरुणेन्द्र त्रिपाठी, केके झा, अनिल कुमार यादव, शुभ नारायण सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, माध्यमिक, बेसिक शिक्षा, रोडवेज सहित सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विभाग, निजी चिकित्सक, बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

सीएमओ ने बताई इमरजेंसी ट्रामा केयर की रुपरेखा, निजी चिकित्सक भी बनेंगे मददगार

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष गुप्ता ने जोन ऑफ़ एक्सीलेंस निर्धारित सीमा के भीतर इमरजेंसी ट्रामा केयर को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपनी रुपरेखा बताई। वही निजी क्षेत्र के चिकित्सक डॉ आरआर मिश्रा, डॉ अनिल वर्मा समेत उपस्थित अन्य चिकित्सकों ने इमरजेंसी ट्रामा केयर को सुनिश्चित करने में अपना हर संभव सहयोग देने की बात कही।

एक सप्ताह में NCC-NSS के इच्छुक बच्चों का करें चयन, ट्रेनिंग देकर बनाएं ट्रैफिक दूत

जोन ऑफ़ एक्सीलेंस : सजग प्रहरी बनकर ट्रैफिक रूल्स के प्रति जागरूक करेंगे NCC-NSS के स्टूडेंट

जोन ऑफ़ एक्सीलेंस में हृष्ट-हृस्र के स्टूडेंट सजग प्रहरी बनकर ट्रैफिक रूल्स के प्रति जागरूक करेंगे। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने डीआईओएस डॉ महेन्द्र प्रताप सिंह को निर्देशित किया कि 07 दिन के भीतर एनएसएस, एनसीसी के इच्छुक बच्चों को चयनित करते हुए ट्रेनिंग दे और ट्रैफिक दूत बनाए, जो समाज के सजग प्रहरी बनकर ट्रैफिक पुलिस और प्रशासन संग जनमानस को ट्रैफिक रूल्स पालन करने हेतु जागरूक करेंगे।

कक्षा 7 की अदिति बनीं एक दिन की एसडीएम

मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज। मिशन शक्ति फेज 5 कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत उपजिलाधिकारी मितौली रेनू मिश्रा के द्वारा एवं खंड शिक्षा अधिकारी भगवान राव के कुशल नेतृत्व में उच्च प्राथमिक विद्यालय मुरासा की कक्षा 7 की छात्रा अदिति शुक्ला को एक दिन के लिए उप जिलाधिकारी मितौली बनाया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति विशेष अभियान के तहत ब्लॉक नोडल बालिका शिक्षा सलीम अहमद की अगुआई में बालिका को तहसील परिसर में ले जाकर कार्यक्रम आयोजित किया गया।उप जिलाधिकारी मितौली रेनू मिश्रा द्वारा कार्यभार ग्रहण कराए जाते ही अदिति ने सर्वप्रथम मौजूद स्टाफ का परिचय प्राप्त किया व उनको उनकी जिम्मेदारी को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने के लिए निर्देश दिए द्य इस मौके पर उपस्थित लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनकर उनको प्रेरित किया व तहसील का भ्रमण भी किया। उप जिलाधिकारी रेनू मिश्रा ने इस पहल की बहुत सराहना की और पुष्प गुच्छ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया वहीं एक दिन उपजिलाधिकारी के रूप में कुर्सी पर बैठी अदिति से जब बात की गई तो उन्होंने बताया आज के समय में बालिकाएं हर कार्य को कर सकती है। मेहनत और लगन से अपने कार्य को करना चाहिए। कार्यक्रम में पूनम सिंह तोमर , एआरपी राजेश पांडेय, प्रशांत पांडेय व विद्यालय के शिक्षक विमल मिश्र मौजूद रहे।

नो हेलमेट नो फ्यूल आपके प्रति हमारी चिंता है, इसका पालन करें : ऋतु

- संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में समारोहपूर्वक आयोजित किया गया सड़क सुरक्षा माह समापन कार्यक्रम

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।

सड़क सुरक्षा माह के समापन अवसर पर शुक्रवार को संभागीय परिवहन विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रमों का समारोहपूर्वक आयोजन किया गया।इस कड़ी में जहां एक ओर संभागीय परिवहन कार्यालय में आरटीओ (प्रशासन) सुश्री ऋतु सिंह व आरटीओ (ई) विश्वजीत ने डीलर्स तथा ट्रांसपोर्ट पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें शपथ दिलाई वहीं दूसरी ओर शहर के सहादतगंज क्षेत्र में आरटीओ प्रशासन सुश्री सिंह ने लोगों को हेलमेट वितरित कर यातायात नियमों के पालन के निर्देश दिया।इस दौरान उनके साथ मातहत कर्मचारी भी मौजूद रहे।सड़क सुरक्षा माह के समापन कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर तीन बजे संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) कार्यालय में आयोजित बैठक के साथ हुई।इस बैठक में डीलर्स व ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन पदाधिकारियों के अलावा विभाग के अधिकारी,कर्मचारी व संभ्रांत व्यक्ति भी मौजूद रहे।बैठक को संबोधित करते हुए संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सुश्री सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह,कोई दिन या महीना विशेष नहीं है,बल्कि सड़क सुरक्षा हमारी जीवन शैली का एक अनिवार्य अंग होना चाहिए।यातायात नियमों को अपनी जिम्मेदारी समझकर उनका पालन करें।नो हेलमेट,नो फ्यूल की जो नई पहल शुरू की गई है,इसे अपनी सुरक्षा के लिए परिवहन विभाग व जिला प्रशासन की चिंता समझिए और इसका अनिवार्य रूप से पालन कीजिए।दो पहिया वाहन चालकों को जागरुक करते हुए उन्होंने कहा कि दो पहिया वाहन चालक स्वयं हेलमेट लगाए और पीछे किसी व्यक्ति को बैठाने की दशा में उसे भी हेलमेट जरूर पहनाएं तथा चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें।सुश्री सिंह ने कहा कि दुर्घटनाओं में पचास प्रतिशत की कमी लाने में हम सभी को समेकित प्रयास करना है जिसमें सभी की सहभागिता आवश्यक है।डीलर्स रोड सेफ्टी कॉर्नर्स को स्थापित करें तथा कालेज व रोड सेफ्टी क्लब्स उन्हें एक्टिव करें तथा उनकी गतिविधियों से हमें अवगत करायें।कार्यक्रम के अंत में संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सुश्री सिंह द्वारा मौजूद लोगों को यातायात के नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम के बाद संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सुश्री सिंह द्वारा यातायात नियमों के प्रचार प्रसार शहर के विभिन्न चौराहा पर यातायात नियमों का पालन करने वाले शुभम बागेश सहित कई अन्य लोगों को पुरस्कार स्वरूप हेलमेट वितरण किया गया।कार्यक्रम के दौरान आरटीओ (ई) विश्वजीत ने मौजूद लोगों को शपथ दिलाई।इस दौरान सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) डॉ आरपी सिंह व कर्मचारी मौजूद रहे।

श्रद्धालुओं ने जताया नगर निगम की व्यवस्था पर संतोष

- नगर आयुक्त ने पैदल भ्रमण कर लिया सफाई व्यवस्था का जायजा

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।

कुंभ स्नान कर अयोध्या आ रहे श्रद्धालुओं को किसी तरह की कठिनाई न हो, इसके मद्देनजर नगर नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने सफाई, पेयजल, अलाव और आश्रय स्थल की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने रामपथ मार्ग का पैदल भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं गुजरात से आए श्रद्धालुओं से वार्ता की। श्रद्धालुओं ने नगर निगम की व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने नयाघाट पुलिस चौकी से तुलसीदास घाट मार्ग एवं पापमोचन घाट पर व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान रामपथ मार्ग से सैकड़ों श्रद्धालुओं को आश्रय स्थल पहुंचवाया। उन्होंने नगर में सफाई व्यवस्था को बेहतर होने पर कर्मचारियों की पीठ थपथपाई।

बिजली के निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन

▶ मंत्री समूह के अध्ययन और रिपोर्ट आने तक निजीकरण के निर्णय किए जाएं निरस्त

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफइलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के आवाहन पर आज देश के सभी प्रांतों में बिजली कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं ने बिजली के निजीकरण के विरोध में जोरदार विरोध प्रदर्शन किए। चंडीगढ़ की बिजली व्यवस्था निजी कंपनी को सौंपी गई तो 01 फरवरी को भी राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के पदाधिकारियों ने बताया कि चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में बिजली वितरण का मनमाने ढंग से निजीकरण किया जा रहा है जिसके विरोध में देश भर में 27 लाख बिजली कर्मी आज सड़कों पर उतरे। उन्होंने कहा कि मुनाफे में चल रहे चंडीगढ़ विद्युत विभाग को एमिनेंट इलेक्ट्रिक डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को सौंपने के निर्णय से बिजली कर्मचारियों में गुस्सा फूट पड़ा है। उप्र में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के जरिए उत्तर प्रदेश के 42 जनपदों की बिजली व्यवस्था निजी घरानों को सौंपने की तैयारी हो रही है। राजस्थान में विद्युत वितरण के निजीकरण की प्रक्रिया चल रही है और उत्पादन निगम को जॉइंट वेंचर के नाम पर एनटीपीसी और कोल इंडिया लिमिटेड को हैंडोवर किया जा रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय ने केंद्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद यश नायक के नेतृत्व में एक मंत्री समूह का गठन किया है। इस मंत्री समूह में महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री सम्मिलित है। इसके संयोजक उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री अरविंद कुमार शर्मा हैं। मंत्री समूह के टर्म्स ऑफरेफरेंस में विद्युत वितरण व्यवस्था के वित्तीय सुधार, ऋणों और घाटे से उबारने हेतु विस्तृत अध्ययन कर सुझाव देने का कार्य है। ऐसे में उप्र, चंडीगढ़ और राजस्थान में विद्युत वितरण के निजीकरण के एकतरफा निर्णय को तत्काल रद्द किया जाय।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय ने सितम्बर 2020 में विद्युत वितरण के निजीकरण हेतु स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट का एक ड्राफ्ट जारी किया था। ऊर्जा मंत्रालय ने अभी तक इस ड्राफ्ट को अंतिम रूप नहीं दिया है और अब विद्युत वितरण की व्यवस्था में सुधार हेतु उसे कर्ज और घाटे से उबारने हेतु एक मंत्री समूह का गठन कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस मंत्री समूह के सामने बिजली इंजीनियरों और कर्मचारियों के विभिन्न प्रांतों के और राष्ट्रीय संगठन अपनी बात रखेंगे। मंत्री समूह को कर्मचारी संगठनों से बात करना चाहिए और उनके प्रस्ताव पर भी विचार करना चाहिए। इस दृष्टि से मंत्री समूह की रिपोर्ट आने तक निजीकरण के तमाम फैसले तत्काल वापस लिया जाना बेहद जरूरी है।

निजीकरण का विरोध जारी : न शासन सुनने को तैयार, न कर्मी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज । निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों का विरोध प्रदर्शन आज भी जारी रहा, लेकिन सरकार पर इसका जहां इसका कोई फर्क नहीं पड़ रहा है, वहीं बिजली कर्मचारी भी किसी भी कीमत पर झुकने को तैयार नहीं लगते। इस मुहिम में नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के आवाहन पर 31 जनवरी को देश के सभी प्रांतों में बिजली कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं ने बिजली के निजीकरण के विरोध में जोरदार विरोध प्रदर्शन किए। वहीं विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र के पदाधिकारियों ने बताया कि चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में बिजली वितरण का मनमाने ढंग से निजीकरण किया जा रहा है, जिसके विरोध में देश भर में 27 लाख बिजली कर्मचारी सड़कों पर उतरे। उन्होंने कहा कि मुनाफे में चल रहे चंडीगढ़ विद्युत विभाग को एमिनेंट इलेक्ट्रिक डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को सौंपने के निर्णय से बिजली कर्मचारियों में गुस्सा फूट पड़ा है। उप्र में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के जरिए उत्तर प्रदेश के 42 जनपदों की बिजली व्यवस्था निजी घरानों को सौंपने की तैयारी हो रही है। राजस्थान में विद्युत वितरण के निजीकरण की प्रक्रिया चल रही है और उत्पादन निगम को जॉइंट वेंचर के नाम पर एनटीपीसी और कोल इंडिया लिमिटेड को हैंडोवर किया जा रहा है।

मझवार जाति समूह की उपजातियों को परिभाषित कर केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजने की तैयारी

▶ मंत्री असीम अरुण को मझवार आरक्षण प्रक्रिया में तकनीकी खामियां दूर करने के निर्देश

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में 17 अति पिछड़ी जातियों को अनुसूचित जाति का आरक्षण दिलाने के प्रयासों को नया आयाम मिल रहा है। उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में जारी अधिसूचनाओं को रद्द करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया है।

सरकार की योजना मझवार जाति समूह की उपजातियों को परिभाषित कर केंद्र को प्रस्ताव भेजने की है, जिससे इन जातियों को आरक्षण का लाभ मिल सके। उत्तर प्रदेश की 17 जातियां, जिनमें कहार, कश्यप, केवट, मल्लाह, निषाद, कुम्हार, प्रजापति, धीवर, बिंद, भर, राजभर, धीमर, बाथम, तुरहा, गोड़िया, मांझी, और मछुवा शामिल हैं, लंबे समय से अनुसूचित जाति वर्ग में शामिल होने की मांग कर रही हैं। इन जातियों को आरक्षण का लाभ दिलाने की मांग दशकों से उठती रही है, लेकिन इसे कानूनी और तकनीकी कारणों से अब तक लागू नहीं किया जा सका। सपा सरकार के दौरान जारी अधिसूचनाएं अदालत में असंवैधानिक घोषित हो गईं, जिसके बाद योगी सरकार ने नए सिरे से इस प्रक्रिया को शुरू करने का फैसला किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्री डॉ. संजय निषाद और एमएसएमई मंत्री राकेश सचान के साथ बैठक में मझवार जाति समूह की उपजातियों को परिभाषित करने पर जोर दिया। उत्तराखंड में शिल्पकार जाति को परिभाषित करने के उदाहरण को ध्यान में रखते हुए, योगी सरकार उत्तर प्रदेश में मझवार जाति समूह के लिए ऐसा ही प्रस्ताव तैयार करेगी। मंत्री डॉ. संजय निषाद ने मुख्यमंत्री को यह स्पष्ट किया कि मछुवा समुदाय की उपजातियां पहले से अनुसूचित जाति की सूची में मझवार और तुरैहा के रूप में दर्ज हैं। इसे संविधान अनुसूचित जाति आदेश, 1950 के तहत परिभाषित करना होगा।

मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण को निर्देश दिया कि मझवार आरक्षण की प्रक्रिया में मौजूद तकनीकी खामियों को दूर किया जाए। इस प्रस्ताव को केंद्र सरकार तक भेजने की तैयारी तेजी से की जा रही है। यह कदम समाज के उन वर्गों को आरक्षण दिलाने में मील का पत्थर साबित होगा, जो आर्थिक और सामाजिक पिछड़ेपन से जूझ रहे हैं।

खबरें एक नजर में

ग्रामीण युवाओं के कौशल संवर्धन पर क्षेत्रीय कार्यशाला संपन्न

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में आगरा में आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आज समापन हुआ। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना 2.0 और आरएसईटीआई 2.0 के कार्यान्वयन की चुनौतियों और रणनीतिक हस्तक्षेपों पर विस्तृत चर्चा के साथ कार्यशाला के अंतिम दिन विभिन्न राज्यों की वार्षिक कार्य योजनाओं की प्रस्तुति दी गई। पहले सत्र में ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा डीडी-जीकेवाई 2.0 और आरएसईटीआई 2.0 की मानक संचालन प्रक्रिया पर विस्तृत अध्याय-वार प्रस्तुति दी गई। इसके बाद द्वितीय सत्र में जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने राज्यों में डीडी-जीकेवाई 2.0 और आरएसईटीआई 2.0 की वार्षिक कार्य योजना प्रस्तुत की। कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को आधुनिक और रोजगारपरक कौशल से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी रणनीतियां तैयार करना था। उत्तर प्रदेश सहित आठ राज्यों के प्रतिनिधियों ने इस मंच के माध्यम से अपने अनुभव साझा किए और कौशल विकास मिशन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विचार-विमर्श किया। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में ग्रामीण विकास मंत्रालय, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के प्रबंध निदेशक अभिषेक सिंह, एमडी/सीईओ, एसआरएलएम/एसएसडीएम, आरएसईटीआई के अधिकारी और अन्य संबंधित विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

शहीद पथ पर कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराई, मौत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। बिजनौर प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह राणा ने बताया कि सरोजनी नगर के आजाद नगर, चिल्लावां निवासी विकास सिंह का बेटा अभिषेक (22) यहीं के रहने वाले इस्माइल खान के बेटे साहिल खान (21) के साथ शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे साहिल की क्रेटा कार से कानपुर रोड से शहीद पथ होते हुए कमता की तरफजा रहे थे। कार को साहिल चला रहा था। तभी बिजनौर थाना क्षेत्र में औरंगाबाद पुल के पास पहुंचते ही अचानक कार बेकाबू होकर डिवाइडर की रेलिंग तोड़ते हुए दूसरी तरफडिवाइडर से जा टकराई।अभिषेक सरोजनी नगर स्थित सेंट थॉमस स्कूल में इंटर का छात्र था। उसके पिता विशाल सिंह एयरपोर्ट में नौकरी करते हैं। मृतक के एक बड़ी और छोटी बहन है। अभिषेक अपने मां बाप का इकलौता बेटा था।

पुलिस मुठभेड़ में बाइक सवार दो बदमाश गिरफ्तार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ के पीजीआई क्षेत्र में पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद बाइक सवार दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि एक सूचना के आधार पर पुलिस गश्ती दल ने बीती देर रात वृंदावन पुलिस चौकी क्षेत्र में बाइक सवार दो लोगों को रुकने का इशारा किया जिस पर उन्होने पुलिस दल पर फायर करते हुये भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में जितेंद्र कुमार रावत के पैर में गोली लगी और वह और उसका साथी सनी गौतम नीचे गिर पड़े जिन्हे गिरफ्तार कर लिया गया। सूत्रों ने बताया कि दोनों बदमाश रिश्ते में जीजा साले है जिन्होंने 26-27 जनवरी की रात पीजीआई साउथ सिटी क्षेत्र में एक महिला के साथ छेड़छाड़ की थी और विरोध करने पर उसका मोबाइल फोन छीन लिया था।

ट्रेन की चपेट में आया पटरी पर काम कर रहा रेलवे कर्मचारी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ के भरवारा रेलवे क्रॉसिंग के पास पटरी पर काम कर रहा रेलवे कर्मचारी ट्रेन की चपेट में आ गया। उसकी हालत गंभीर है। घटना के बाद आधे घंटे तक एंबुलेंस नहीं पहुंचने से कर्मचारियों में आक्रोश है। रेलवे कर्मचारी सुभाष गौरव (45) बाराबंकी का रहने वाला है। शुक्रवार को रेलवे क्रॉसिंग पर वेल्डिंग का काम कर रहा था। इस दौरान उसे हॉर्न उसे सुनाई नहीं दिया और वह ट्रेन की टक्कर से घायल हो गया। साथी कर्मचारियों का कहना है कि पटरी पर काम कर रहे सभी कर्मचारी समय रहते अपनी जगह से हट गए, लेकिन कुछ लोग वेल्डिंग मशीन से काम करते रहे। इसलिए ट्रेन का हॉर्न नहीं सुनाई दिया। मशीनों की तेज आवाज की वजह से ही ट्रेन आने की जानकारी नहीं मिल पाई और सुभाष उसकी चपेट में आ गया। हादसे के बाद, कर्मचारियों ने एंबुलेंस को बुलाया। आधे घंटे से ज्यादा वक्त बीत जाने के बाद पहुंची एंबुलेंस से सुभाष को अस्पताल भेजा गया है।

केजीएमयू पैथोलॉजी विभाग का 113वां स्थापना दिवस मना

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के पैथोलॉजी विभाग का 113वां स्थापना दिवस शुक्रवार को मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक थे पर अपरिहार्य कारणों से उनका दौरा रद हो गया। चिकित्सा विश्वविद्यालय के सेल्बी हॉल में हो रहे इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद मौजूद रहीं। इस दौरान फाउंडेशन डे ओरेशन और लेक्चर सेशन का भी आयोजन हुआ। एक्सपर्ट्स लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के जरिए पैथोलॉजी की फील्ड में आए बदलावों पर भी चर्चा की। स्थापना दिवस का एनुअल ओरेशन प्रो. थुपपिल वेंकटेश ने दिया। बैंगलोर के सेंट जॉन हॉस्पिटल के पूर्व हेड ऑफबायोकेमिस्ट्री लेड फ्री कंपैन के बारे में बताया। इसके अलावा एसजीपीजीआई के पैथोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रो. मनोज जैन एआई इन पैथोलॉजी डायग्नोस्टिक पर लेक्चर दिया।

मजदूर की नाबालिग बेटी लापता, पड़ोसी पर अपहरण का आरोप

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लखनऊ के बंथरा क्षेत्र से बुधवार को एक 17 वर्षीया किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद किशोरी के परिजनों ने एक युवक के खिलाफ बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मूल रूप से बिहार प्रांत के पूर्णिया जिले में रहने वाले व्यक्ति के मुताबिक वह पिछले दो वर्षों से बंथरा के एक निजी अस्पताल परिसर में परिवार सहित टीन शेड में रहकर वहीं मजदूरी करता है। उसका कहना है कि बुधवार सुबह करीब 8 बजे वह अपनी पत्नी के साथ काम करने चला गया। जबकि टीन शेड में उसकी 17 वर्षीया बेटी अकेले थी। साथ ही बगल के टीन शेड में सीतापुर जिले का रहने वाला सोनू राज भी था। पीड़ित का कहना है कि शाम करीब 5.30 बजे जब वह वापस अपने टीन शेड पर पहुंचा, तो उसकी बेटी वहां से गायब मिली। जबकि सोनू राज भी अपनी टीन शेड में नहीं था। पीड़ित का कहना है कि खोजबीन के साथ ही जानकारी करने पर पता चला कि सोनू राज ही बेटी को कहीं बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़ित की मानें तो उसकी बेटी के पास मोबाइल भी नहीं है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर दोनों की तलाश में शुरू की है।

मलिहाबाद और माल थाना प्रभारी लाइन हाजिर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लखनऊ में पुलिस कमिश्नर ने शुक्रवार दोपहर शहर के दो थानेदारों को लाइनहाजिर कर दिया। उन्होंने मलिहाबाद के इंस्पेक्टर सतीश चंद्र साहू और माल के इंस्पेक्टर विनय कुमार चतुर्वेदी तत्काल प्रभाव से लाइनहाजिर करने के निर्देश दिए हैं। दूसरी तरफमाल थाने का चार्ज साइबर थाना प्रभारी आनंद कुमार द्विवेदी और मलिहाबाद का चार्ज ठाकुरगंज के इंस्पेक्टर रहे बैजनाथ को दिया गया है। इस फेरबदल के पीछे का कारण दोनों के खिलाफपुराने मामले में चल रही जांच को बताया जा रहा है।

जैन धर्म से जुड़ी छह विभूतियां हुईं सम्मानित

▶ जैन धर्म की सांस्कृतिक परंपरा सनातन धर्म के करीब : जयवीर सिंह

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान के स्थापना दिवस के अवसर पर जैन धर्म के प्रचार-प्रसार एवं उपदेशों को जीवन में उतारने में सहयोग करने वाले जैन धर्म से जुड़ी 6 विभूतियों को सम्मानित करते हुए कहा कि जैन धर्म प्राचीन धर्म है। इसके उपदेश लोकहित एवं लोक कल्याणकारी तथा मानवता को सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

जैन शोध संस्थान के परिसर में आयोजित इस सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि जैन धर्म की सांस्कृतिक परम्परा को सनातन धर्म के करीब है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जैन धर्म को मानवता का धर्म बनाने के लिए इस धर्म से संबंधित स्थलों को बेहतर बनाने पर जोर दे रही है। इसके साथ ही जैन सर्किट के विकास के लिए 31 करोड़ रुपये की धनराशि पर्यटन विभाग को उपलब्ध करा दी गई है। जैन तीर्थस्थलों से संबंधित योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। इसके साथ ही युवाओं को जैन धर्म की शिक्षा एवं उपदेशों से जोड़ने के लिए भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय से संबद्ध जैन विद्या शोध संस्थान में आगामी सत्र से स्नातक की पढ़ाई शुरू करने का निर्णय लिया। पर्यटन मंत्री ने इस अवसर पर आयोजित अलंकरण समारोह में तीर्थंकर ऋषभदेव सम्मान से प्रो. राजा राम जैन, नोएडा को प्रथम सम्मान के रूप में एक लाख रुपये की धनराशि देने की घोषणा की। तीर्थंकर महावीर अहिंसा सम्मान से डॉ. पत्रिका जैन, लखनऊ और आचार्य कुन्दकुन्द सम्मान से डॉ. सचिन्द्र जैन, मंगलायतन, अलीगढ़ को सम्मानित किया । इन्हें 51-51 हजार रुपये की धनराशि दी गई। भरत चक्रवर्ती सम्मान से डॉ. ज्योति जैन, मुजफ्फरनगर को पुरस्कार स्वरुप 31 हजार रुपये की धनराशि दी गई। गणेश प्रसाद वर्णी श्रुत आराधक सम्मान से भोपाल के डॉ. पंकज जैन तथा श्रुत संवर्धन सम्मान से जैन अमन अकलंक को सम्मानित किया गया। इन्हें पुरस्कार स्वरूप 21-21 हजार रुपये की धनराशि दी गई। इसके अलावा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले आइडियल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य दिलशाद हुसैन, वर्धमान इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अंकित जैन, प्रयाग पब्लिक इंटर कॉलेज की ज्योति और शशिभूषण डिग्री कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर सौरभ मिश्रा को स्मृति चिह्न सम्मान स्वरूप दिया गया।

लखनऊ विवि में छात्रों का प्रदर्शन, एडमिशन सेल का किया घेराव

लखनऊ । लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार को संयुक्त छात्र मोर्चा के बैनर तले छात्रों के गुट ने कैंपस में जोरदार प्रदर्शन किया। छात्रों ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा में ट्रांसपेरेंसी की मांग करते हुए एडमिशन सेल में धरना दिया। प्रदर्शन कर रहे छात्रों की मांग थी कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा के प्रश्नपत्र की आंसर की, बिना देरी किए तत्काल जारी की जाए। इसके अलावा जेआरएफ और नीट के परिणामों का दोबारा सत्यापन कराया जाए। दोपहर बाद कैंपस में जुटे छात्र एडमिशन सेल पहुंचे। छात्रों का कहना था कि विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही और प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी के चलते कई योग्य उम्मीदवारों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। ऐसे में यदि तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो एडमिशन में बड़ा खेल हो जाएगा। इसी मसले पर स्टूडेंट्स ने एडमिशन कोऑर्डिनेटर यानी प्रवेश समन्वयक को ज्ञापन सौंपा।

एयर मार्शल की मौजूदगी में मध्य वायु कमान को मिला सी-295 विमान

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, मध्य वायु कमान एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित की उपस्थिति में 30 जनवरी 2025 की सुबह पहला सी-295 विमान प्राप्त करना वायु सेना स्टेशन आगरा के लिए गर्व का क्षण था। समारोह की शुरुआत दो एसयू-30एस के साथ नए सी-295 के एक प्रभावशाली फ्लाई-पास्ट के साथ हुई और इसमें विभिन्न नागरिक और सैन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इस आधुनिक सैन्य परिवहन विमान को मध्य वायु कमान के फ्लाइंग स्क्वाड्रन में शामिल करना एक महत्वपूर्ण परिवर्तन है जो इस क्षेत्र में हवाई संचालन को बढ़ावा देगा।

मध्य वायु कमान में सैन्य उद्देश्यों को पूरा करने की दिशा में वायुशक्ति का प्रयोग दिन पर दिन बढ़ती जा रहा है, और सी-295 विमान अपनी बहुमुखी प्रतिभा के कारण इस चुनौती का सामना करने के लिए आदर्श रूप से उपयुक्त है। विमान की लंबी पहुंच, कुशल उठाने की क्षमता, बहु-भूमिका क्षमता, आत्म-सुरक्षा और आधुनिक ऑन-बोर्ड उपकरण सुविधा उत्तरी सीमा पर सैन्य उद्देश्यों को पूरा करने की दिशा में एक अहम भूमिका निभाएंगे। यह विमान पैरा कमांडो और विशेष बलों के प्रशिक्षण को भी बढ़ाएगा, जिसे बाद में यथार्थवादी परिदृश्यों में नियोजित किया जा सकता है, ताकि सीमा पार से किसी भी खतरे का सामना किया जा सके या सीमाओं में आकस्मिकता से निपटने के लिए त्वरित और सुनिश्चित करवाई की जा सके। विमान को चरणबद्ध तरीके से भारतीय वायु सेना में शामिल किया जाएगा। यह इंडक्शन मध्य वायु कमान के हवाई संचालन में एक मील का पत्थर है, और नए विमान का स्क्वाड्रन परिसर में प्रवेश करते समय पारंपरिक श्वॉटर कैनन सलामी के साथ स्वागत किया गया। समारोह का समापन स्मृति चिन्हों के आदान-प्रदान और पहले विमान के साथ टीम आगरा की तस्वीर के साथ हुआ।

हिंदी संस्थान ने नौ प्रतिष्ठित बाल साहित्यकारों को किया सम्मानित

समृद्धि न्यूज

▶ कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर हुआ माल्यार्पण

लखनऊ । राजधानी लखनऊ के हिंदी भवन स्थित निराला सभागार में उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा आयोजित श्अभिनंदन पर्व समारोहश् में नौ प्रतिष्ठित बाल साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई, जिसके बाद सरबजीत मारवा ने वाणी वंदना प्रस्तुत की।

संस्थान के निदेशक राज बहादुर ने डॉ. करुणा पांडे, डॉ. आर.पी सारस्वत, डॉ. मोहम्मद अरशद खान, दिलीप शर्मा, नरेंद्र निर्मल, बलराम अग्रवाल, देवी प्रसाद गौड़, डॉ. दीपक कोहली और अनिल कुमार निलय को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में डॉ. करुणा पांडे ने बाल साहित्य के महत्व को बताते हुए कहा कि बच्चों में संस्कार विकसित करने के लिए गुणवत्तापूर्ण बाल साहित्य आवश्यक है। कार्यक्रम में विभिन्न साहित्यकारों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। डॉ. आर.पी सारस्वत ने बच्चों के खेल-कूद पर आधारित कविता सुनाई, जबकि डॉ. मोहम्मद अरशद खान ने श्मिट्टी का कटोराश् कहानी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

दिलीप शर्मा ने चित्रकला और साहित्य के बीच संबंध पर चर्चा की, वहीं नरेंद्र निर्मल ने पढ़ने की आदत विकसित करने पर जोर दिया। बलराम अग्रवाल ने बाल साहित्य की व्यापक भूमिका के बारे में बताया। डॉ. दीपक कोहली और अनिल कुमार निलय ने बाल साहित्य के प्रति साहित्यकारों की जिम्मेदारियों पर चर्चा की। कार्यक्रम का सफल संचालन उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान की प्रधान संपादक डॉ. अमिता दुबे ने किया। उन्होंने सभी साहित्यकारों, विद्वानों और मीडियाकर्मियों का आभार व्यक्त किया।

हर हाल में सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटाएं : मंडलायुक्त

लखनऊ । लखनऊ मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक का आयोजन हुआ। इसमें मंडलायुक्त ने अवैध कब्जों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सरकारी और ग्रामसभा की जमीनों से अवैध कब्जे हटाने के अभियानों की प्रगति की समीक्षा की। मंडलायुक्त ने बताया कि जनपद में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है। राजस्व और नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा सरकारी भूमि की पैमाइश, जीएस मैपिंग और जीरो टैगिंग की जा रही है। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध कब्जों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। चिन्हित सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त कराकर संरक्षित किया जाए। अवैध प्लॉटिंग और बाउंड्री निर्माण को तत्काल ध्वस्त किया जाए। जमीनों पर सरकारी स्वामित्व का बोर्ड लगाया जाए। सर्वे कार्य में तेजी लाकर नियमित समीक्षा की जाए। दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें।

प्रदेश महामंत्री ने अर्जुन अवार्ड मिले खिलाड़ियों को किया सम्मानित

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। प्रदेश महामंत्री एवं विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंश ने अपने आवास पर अर्जुन अवार्ड से सम्मानित नवदीप, अजीत यादव, संदीप सहित पैरालंपिक विजेताओं को सम्मानित किया स सुभाष यदुवंश ने खिलाड़ियों से बात चीत में कहा कि पैराओलंपिक में जीत कर पूरे देश का सम्मान बढ़ाया है। पूरे देश आप लोगो की उपलब्धियों से गौरवान्वित महसूस करता है। आप में से प्रत्येक ने जीवन की चुनौतियों पर विजय प्राप्त की है और विजेता के रूप में उभरे हैं। आप सभी भारत के लाखों युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा खिलाड़ी देश के जी-जान लगाकर खेलते हैं तो वर्तमान की केंद्र और राज्य सरकार खिलाड़ियों को खेल के लिए उचित सुविधाओं के साथ साथ, सरकार सम्मान, पद और पुरस्कार दे कर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा रही है। इससे प्रोत्साहन भी मिलता है। खिलाड़ियों ने कहा कि 2014 के बाद से पूरे देश के परिदृश्य में परिवर्तन आया है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंच पर बुलाकर खिलाड़ियों को सम्मानित करते हैं।

आस्था | **महाकुम्भ में सेवा और समर्पण की गूंज, श्रद्धालुओं के लिए मददगार बन रहे संघ के स्वयंसेवक**

संघ के स्वयंसेवक दुनिया को दिखा रहे मानवता की राह

समृद्धि न्यूज

लखनऊ/महाकुम्भ नगर । प्रयागराज महाकुम्भ एक ऐसा पावन अवसर, जहां अध्यात्म, आस्था और समर्पण की त्रिवेणी प्रवाहित हो रही है। गंगा, यमुना और अन्तः सलिला सरस्वती के पवित्र संगम पर करोड़ों श्रद्धालुओं का सैलाब है और इस महासंगम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कई हजार स्वयंसेवक निःस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। संघ का मानना है कि महाकुम्भ एक राष्ट्रीय आयोजन है और इसमें सभी को अपना योगदान देना चाहिए।

पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के प्रचार प्रमुख सुभाष कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं की सेवा में काशी प्रान्त के करीब 15 हजार स्वयंसेवक जुटे हुए हैं। ये स्वयंसेवक श्रद्धालुओं को विभिन्न मार्गो पर भोजन व जलपान करा रहे हैं। बुजुर्ग श्रद्धालुओं को निःशुल्क स्कूटी सेवा के जरिए मेला क्षेत्र में पहुंचा रहे हैं। मेले में खोये हुए परिजनों को मिलवा रहे हैं। खोये हुए श्रद्धालुओं को मिलवाने के लिए एक वाट्सग्रुप बना हुआ है, जिसमें देशभर के स्वयंसेवक जुड़े हुए हैं। जो भी श्रद्धालु मेले में अपने परिजनों से बिछुड़ गए हैं, उनकी फोटो व पता उस ग्रुप में डाला जाता है, फिर संबंधित राज्य व जिले के स्वयंसेवक उनके बारें में पता करके जो सूचनाएं देते हैं, उसके आधार पर हजारों भूले श्रद्धालुओं को परिजनों को मिलवाया गया है। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह मानवता की सेवा और समर्पण का भी प्रतीक है। ऐसे में जब लाखों-करोड़ों श्रद्धालु संगम स्नान और धार्मिक अनुष्ठान करने आते हैं तो सुव्यवस्थित ट्रैफिक, भोजन व जलपान के साथ सही मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है।

वयंसेवकों की टोली सेवा कार्य में जुटी

काशी प्रान्त के सह प्रान्त कार्यवाह डॉ. राकेश तिवारी ने बताया कि महाकुम्भ में देशभर से सभी दिशाओं से लाखों श्रद्धालु आ रहे हैं। उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो और सुगमता से महाकुम्भ पहुंचें, इसके लिए स्वयंसेवकों की टोली काशी प्रान्त के कई जनपदों में सेवा कार्य में जुटी हुई है। उन्होंने बताया कि हजारों स्वयंसेवक प्रयागराज के अलावा काशी, मीरजापुर, संतरविदास नगर, जौनपुर, प्रतापगढ़, सुलतानपुर, रायबरेली जैसे कई अन्य जनपदों में श्रद्धालुओं को भोजन, चाय व जलपान कराने के बाद गतंव्य की ओर रवाना कर रहे हैं। श्रद्धालुओं के लिए स्वयंसेवकों की ओर से भण्डारे भी चलाए जा रहे हैं। संगम तट पर राष्ट्रसेवा की अलौकिक छटा कुम्भ का मेला भले ही आध्यात्मिकता का केंद्र हो, लेकिन इसके सफल आयोजन के पीछे अनेक हाथों का सहयोग होता है। इन स्वयंसेवकों का अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव उन्हें इस कार्य के लिए विशेष रूप से उपयुक्त बनाता है। वे बिना किसी लालसा के, बिना किसी स्वार्थ के, सिर्फ समाज और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कार्यरत हैं। यह दृश्य देखकर हर भक्त का हृदय श्रद्धा से भर उठता है। सेवा और समर्पण की प्रेरणा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह योगदान केवल कुम्भ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है।

एसटीएफ ने अभियुक्त को पकड़ा, भारी मात्रा में अवैध ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन जब्त

लखनऊ। यूपी एसटीएफ और मदेयगंज की थाना पुलिस टीम ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 69 लाख 67 हजार 620 रुपये के अवैध ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन बरामद हुए हैं।

एसटीएफ में तैनात उपनिरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि एक सूचना पर एसटीएफ, मदेयगंज थाना की फोर्स की मदद से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान मदेयगंज के सीतापुर रोड खदरा चुंगी पुरानी बांसमंडी निवासी जुबैर है।

उसके पास से भारी मात्रा में अवैध ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन बरामद हुए हैं। यह इंजेक्शन दूध निकालने के लिए जानवरों को दिया जाता है। बरामद इंजेक्शन की कीमत करीब 69 लाख 67 हजार 620 रुपये है।

नागरिक संगम पहल से समस्याओं का त्वरित समाधान

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद को सुदृढ़ बनाने और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए ÷नागरिक संगम÷ कार्यक्रम की शुरुआत की। शुक्रवार को नगरपालिका करनैलगंज में कन्हैयालाल इंटर कॉलेज के परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक ने हिस्सा लिया और अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न समस्याओं को सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। डीएम ने नगर पालिका क्षेत्र में आँगनबाड़ी केंद्र बनाने के लिए भी सहमति जताई और कहा कि नगर पालिका प्रशासन भूमि उपलब्ध कराए, ताकि इस कार्य को शीघ्र पूरा किया जा सके।

डीएम ने नागरिकों को अपने गली-मोहल्लों में साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है।

नगर पालिका करनैलगंज में आयोजित यह चौथा और अंतिम नागरिक संगम कार्यक्रम था। इसी के साथ डीएम ने नगर पालिका के सभी वार्डों के नागरिकों से संवाद पूरा कर लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनता की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान सुनिश्चित करना। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों ने अपने स्टाल लगाकर नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की और प्रार्थना पत्र लिए। सड़क, बिजली, पानी और स्वच्छता से जुड़ी समस्याओं को मौके पर ही सुलझाने की कोशिश की गई। इसके अलावा, पेंशन, राशन कार्ड और आवास से संबंधित कई प्रार्थना पत्र भी जमा किए गए। डीएम नेहा शर्मा ने कहा कि संवाद की यह श्रृंखला नागरिकों का प्रशासन पर विश्वास मजबूत करने का कार्य करती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि छोटी समस्याओं को भी समयबद्ध ढंग से हल किया जाए, ताकि जनता को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि नागरिक अपने प्रार्थना पत्रों के साथ सभी जरूरी दस्तावेज संलग्न करें, ताकि उनके मामलों का निपटारा शीघ्र हो सके। डीएम ने आश्वासन दिया कि पात्र नागरिकों को शासन की योजनाओं का पूरा लाभ दिलाया जाएगा और प्रशासन की टीम यह सुनिश्चित करेगी कि हकदारों को उनका हक मिले। इस अवसर पर नगर के नागरिकों ने भी खुलकर अपनी समस्याएं रखीं और समाधान को लेकर संतोष व्यक्त किया।

- डीएम ने किया जनता से संवाद
- करनैलगंज नगर में आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण की मांग पर डीएम ने दिया आश्वासन

डीएम ने किया वार्डो का निरीक्षण

डीएम नेहा शर्मा ने सरफराजगंज पूर्वी वार्ड का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पर जनता से भी मुलाकात की और धरातल पर उनकी समस्याएं जानी उन्होंने नगर पालिका को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। डीएम ने नागरिक संवाद कार्यक्रम में आई दिव्यांग महिला का उसके पास पहुंचकर हाल जाना और जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी और जिला प्रोबेशन अधिकारी को उसकी समस्याओं के मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए।

नाले की गंदगी से संक्रमण का खतरा

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

रेलवे के जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा इस रेलवे नाले की साफ सफाई नियमित न करवाने से यह नाला गंदगी से लबालब भरकर बजबजा रहा है और दुर्गंध उठने से आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है जिससे संक्रमण का खतरा भी उत्पन्न हो गया है गौर तलब हो कि इस रेलवे नाले की साफ सफाई वर्ष 2008 के आसपास रेलवे के पूर्व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एम. एल कनौजिया ने करवाया था। तब से आज तक एक आध बार इस नाले की अपूर्ण साफ सफाई रेलवे के मुख्य एच.आई सफकत काजी हुसैन के द्वारा करवाया गया लेकिन कभी भी पूरे नाले को पूर्ण रूप से साफ नहीं किया गया। यह नाला श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी के उत्तरी एवं दक्षिणी तरफ स्थित है जिससे छात्र छात्राओं के संक्रमित होने का खतरा भी बढ़ रहा है नाले के दोनों तरफ झाड़ झंखाड़ उग आए है जो बढ़कर पेड़ों का रूप ले रहे हैं और नाले को ढक रहे हैं तथा विषैले जीव जंतुओं के खतरे से भी इंकार नहीं किया जा सकता। कब तक इस रेलवे नाले की साफ सफाई को संबंधित विभाग नजरअंदाज करता रहेगा।

खबरें एक नजर में

चाकू मारकर दिखाओ कहते ही दोस्त ने मारा चाकू

बहराइच, समृद्धि न्यूज। शहर के मोहल्ला अकबरपुरा निवासी एक युवक गुरुवार रात को अपने साथी के साथ बैठ कर वार्ता कर रहा था। इसी दौरान कहासुनी शुरू हो गई। साथी ने चाकू मारने की धमकी दी। युवक के चाकू मारने की बात कहते ही साथी ने पेट में चाकू मार दिया। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।कोतवाली नगर के मोहल्ला अकबरपुरा निवासी फैसल अंसारी (18) और मोहल्ला निवासी मुलायम पुत्र मेराज दोस्त हैं। गुरुवार को दोनों मोहल्ले में बैठकर आपस में वार्ता कर रहे थे। वार्ता के दौरान दोनों में आपस में कहासुनी शुरू हो गई। कहासुनी के दौरान मुलायम ने चाकू मारने की धमकी दी। घायल के पिता ने बताया कि बेटे ने चाकू मारकर दिखाने की बात कही। इसी बात से तहस में आए दोस्त ने चाकू से हमला कर दिया। चाकू युवक के पेट और कमर के बीच में लगी है। उसे परिवार के लोगों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। इस मामले में कोतवाल आरके सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि दोनों मित्र हैं। पढ़ने भी एकसाथ जाते हैं। कहासुनी के दौरान चाकू से हमला किया है। तहरीर मिलते ही केस दर्ज किया जायेगा।

टैक्स बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न

गोंडा, समृद्धि न्यूज। जिला टैक्स बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न हुआ जिसके एल्डर कमेटी रहे महीप नारायण, अरुण कुमार, हेमंत कुमार पांडे, अलंकार सिंह, पवन कुमार व राजेश कुमार कौशल के द्वारा संपन्न कराया गया तमाम अधिवक्ताओं ने अपना मत देते हुए अध्यक्ष पद पर बिंदु बहादुर सिंह को निर्विरोध चौथी बार चुना, महामंत्री के पद पर आर एन शुक्ला को भी निर्विरोध तथा तीसरी बार चुना वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर चुनाव हुआ जिसमें प्रवेश कुमार सिंह को 33 मत तथा प्रदीप कुमार पांडे को 21 मत इस प्रकार वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर प्रवेश कुमार सिंह विजय घोषित किए गए उपाध्यक्ष के पद पर राकेश कुमार त्रिपाठी कोषाध्यक्ष के पद पर पवन कुमार उप मंत्री के पद पर बृजेश कुमार श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी के पद पर आर पी सिंह ऑडिटर के पद पर यदुनन्दन शुक्ला विजय घोषित किए गए जिन्हें टैक्स बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ताओं ने खूब दी ढेरों शुभकामनाएं जिस समय प्रेम प्रकाश, नंदकिशोर, समीर मोहन, देवनाथ ,रघुनंदन शुक्ला, कुलदीप, नंदकुमार शुक्ला ,चंद्रेश मणि दुबे, श्याम बिहारी ,विवेक सिंह, अशोक गुप्ता, सौरभ कुमार दुबे, मोहित ओशो, संतोष कुमार, मनीष कुमार शुक्ला, निलेश कुमार श्रीवास्तव, नितिन सिंगर, आशुतोष अग्रवाल, मनीष मणि त्रिपाठी के साथ ही राकेश कुमार उपस्थित रहे उक्त सभी निर्वाचित व निर्विरोध चयनित पदाधिकारी को एल्डर कमेटी ने प्रमाणपत्र प्रदान करते हुए विजय की घोषणा किया।

टीबी मुक्त भारत अभियान की जानकारी की साक्षा

गोंडा समृद्धि न्यूज, गोण्डा। अभियान के अन्तर्गत संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन बाबू ईश्वर शरण चिकित्सालय गोण्डा के डी0पी0सी0 डॉ0 विवेक शरण के संयोजन में दिनांक 31 जनवरी 2025 को श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोण्डा के ललिता शास्त्री सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम में श्री संजय तिवारी- जिला समन्वयक टी0बी0, श्री प्रशान्त कुमार श्रीवास्तव- डी0एम0डी0ओ0, श्री विजय कान्त शुक्ला- सी0पी0एम0 तथा श्री आयुष शरण- एच0आई0वी0 टीम सहित अन्य लोगों ने विद्यार्थियों का संवेदीकरण किया। अतिथियों का स्वागत कॉलेज के रेड क्रास प्रभारी प्रोफेसर राजीव कुमार अग्रवाल एवं स्वयंसेवकों- एन0सी0सी0 के विशाल मिश्रा एवं निधि तिवारी, रोवर अमन तिवारी तथा रेड क्रास की गुलशन एवं अनुष्का विशेन ने किया। श्री संजय त्रिपाठी, जिला समन्वयक, क्षय रोग ने प्रधानमंत्री टी0बी0 मुक्त भारत अभियान की जानकारी प्रदान की। क्षय रोग के लक्षण, जाँच एवं उपचार की जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि क्षय रोग हवा में फैलता है तथा एक क्षय रोगी 15-20 लोगों को इस रोग को हस्तांतरित कर सकता है। सरकार का प्रयास सक्रिय रोग निर्धारण ;।ताकि सम्पूर्ण भारत को क्षय रोग से मुक्त किया जा सके। श्री प्रशान्त कुमार श्रीवास्तव ने क्षय रोग की उत्पत्ति एवं चार मुख्य लक्षणों- कफ, बुखार, रात में पसीना आना तथा वनज में कमी होना के विषय में बताया। डॉट्स सेण्टर के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इलाज पूर्णतय: निशुल्क है। उन्होंने निक्षय पोषण योजना, निक्षय मित्र योजना की भी जानकारी प्रदान की। श्री विजय कान्त शुक्ला ने एड्स के लक्षण, बचाव व उपचार की जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि क्षय रोग होने पर एच0आई0वी0 रोग होने की सम्भावना लगभग एक सौ प्रतिशत हो जाती है। अत: अत्यन्त सतर्क रहने की आवश्यकता है। अपने आस-पास यदि किसी भी व्यक्ति में इस रोग के लक्षण दिखते हों तो बाबू ईश्वर शरण चिकित्सालय गोण्डा में तुरन्त सम्पर्क करें। पूरी सहायता की जायेगी। कॉलेज के रेड क्रास प्रभारी प्रोफेसर राजीव कुमार अग्रवाल ने स्वयंसेवकों को सतर्क रहने को कहा ताकि टी0बी0 की बीमारी मल्टी ड्रग रेसिस्टेंट टी0बी0 में न बदल जाये। इसके लिए नियमित उपचार लेते रहना चाहिये। प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार, प्राचार्य, श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोण्डा ने बताया कि सरकार का यह प्रयास अत्यन्त सराहनीय है और इससे एक और संक्रामक रोग को दूर करने में सहायता होगी। नैक समन्वयक प्रोफेसर जितेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि टी0बी0 रोग को दूर भगाने में और जन-जन तक इस संदेश को पहुँचाने में अधिकतम योगदान करें।

बाइक सवार की मार्ग दुर्घटना में मौत, इलाज के दौरान तोड़ा दम

- दोस्त ने पहुंचाया दिल्ली सफदरजंग अस्पताल
- पुलिस ने परिजनों को सौंपा शव

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

हरियाणा के पलवल जिले में नेशनल हाईवे-19 पर गांव बंचारी के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। मथुरा से आईएमटी मानेसर जा रहे बाइक सवार ज्ञानेंद्र को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गया। मामले की सूचना पर पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना उस समय हुई जब ज्ञानेंद्र, जो गौंडा (यूपी) के कटरा बाजार का रहने वाला था, अपनी बाइक से यात्रा कर रहा था। घटनास्थल पर मौजूद उनके दोस्त राजस्थान भिवाड़ी के रहने वाले आनंद कुमार ने तुरंत एम्बुलेंस को बुलाया और घायल ज्ञानेंद्र को दिल्ली सफदरजंग अस्पताल ले गया। दुर्भाग्यवश उपचार के दौरान ज्ञानेंद्र ने दम तोड़ दिया।

मुंडकटी थाना प्रभारी रेणू शेखावत के अनुसार पुलिस ने मृतक के दोस्त की शिकायत पर अज्ञात वाहन ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दुर्घटना में शामिल वाहन और ड्राइवर की तलाश जारी है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

अच्छे कार्य करने वाले ट्रेफिक इंस्पेक्टर व अन्य अधिकारी सम्मानित

- राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह समापन के अवसर पर जिलाधिकारी ने विद्यालय की छात्राओं को वितरित किया हेलमेट
- राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह समापन के अवसर पर सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु डीएम ने सभी अधिकारियों में अन्य लोगों को दिलाया शपथ

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

शुक्रवार को गुरुनानक चौराहे पर परिवहन विभाग द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह समापन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने पहुंचकर कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों एवं विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु सभी लोगों को शपथ दिलाया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने जनपद में सड़क सुरक्षा के संबंध में अच्छे कार्य करने वाले ट्राफिक इंस्पेक्टर एवं अन्य अधिकारियों कर्मचारियों को हेलमेट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसी कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय के छात्राओं को हेलमेट वितरित कर सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय हम सभी लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना अनिवार्य है, ताकि हम सभी का जीवन सुरक्षित रहे। वाहन चलाते समय सीट बेल्ट तथा हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सभी लोगों को यह भी अवगत कराया कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग कदापि ना किया जाय।

कार्यक्रम के दौरान केमिस्ट एवं ड्रग एसोसिएशन के द्वारा विद्यालय के छात्राओं एवं अन्य लोगों को हेलमेट वितरित कर सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत, पुलिस क्षेत्राधिकार सिटी आनंद कुमार राय, एआरटीओ प्रशासन, एआरटीओ परिवर्तन शैलेंद्र त्रिपाठी, जिला औषधि निरीक्षक रजिया बानो, केमिस्ट एवं ड्रग एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष, एलबीएस पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर रविंद्र कुमार पांडेय, आरबी बघेल, डॉ रेखा शर्मा सहित सभी संबंधित अधिकारी गण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

छोटा गैस सिलेंडर फटने से दर्दनाक हादसा

एक ही परिवार के पांच लोग घायल, तीन महीने की बच्ची भी चपेट में

- घर में खाना बनाते समय अचानक विस्फोट से हुआ हादसा

पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।

जिले के पयागपुर अंतर्गत सत्संग नगर कॉलोनी में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। जब एक छेटा गैस सिलेंडर फटने से एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से झुलस गए। इस घटना में एक तीन महीने की मासूम बच्ची भी घायल हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा उस वक्त हुआ जब घर में खाना बनाया जा रहा था। सिलेंडर में अचानक विस्फोट हो गया, जिससे परिवार के सभी सदस्य झुलस गए। घायलों में सुशांत कुमार (42), बसंती (70), गौरी (30), संतोष (60) और मासूम परी (3 माह) शामिल हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सीएचसी पयागपुर पहुंचाया गया। जहां अधीक्षक डॉ. धीरेंद्र तिवारी ने बताया कि गौरी की हालत गंभीर होने के कारण उसे मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया, जबकि अन्य लोगों का इलाज जारी है। इस हादसे से इलाके में दहशत फैल गई है। प्रशासन द्वारा जांच की जा रही है कि सिलेंडर फटने की असल वजह क्या थी। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि छोटे गैस सिलेंडरों की गुणवत्ता को लेकर सख्त निगरानी की जरूरत है, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को टाला जा सके।

सामूहिक विवाह में 80 जोड़ों के हाथ हुए पीले

पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।

- विधायक ने सभी जोड़ों को दिया आशीर्वाद

सामूहिक विवाह महोत्सव में बजी शहनाई। तहसील परिसर में 80 जोड़ों के हाथ पीले हुए। इस अवसर पर विधायक सुभाष त्रिपाठी के साथ उप जिलाधिकारी दिनेश कुमार ने दांपत्य जीवन को सुखमय बनाए रखने के लिए वैदिक पूजन में शामिल होकर सामूहिक विवाह महोत्सव का शुभारंभ कराया। मुख्य अतिथि के रूप में आए विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार सामूहिक विवाह का आयोजन करती है ।इस विवाह में जो भी व्यक्ति इच्छुक हो वह रजिस्ट्रेशन करवाकर विवाह कर सकता है। सरकार प्रति जोड़े को प्रोत्साहन के रूप में 51 हजार रुपए व जरूरत के सामान उपलब्ध कराती है। जिससे गरीब वर के लोगों का जीवन यापन हो सके ।यही सरकार की मंशा है।उन्होंने कहा कि विवाह जीवन काल में एक ही बार होता है। रिश्ते बनने के बाद दोनों में बड़ा ही अगाध प्रेम होना चाहिए। सरकार की भी यही मंशा है कि आपस में प्रेम कभी टूटे ना। उप जिलाधिकारी दिनेश कुमार ने बताया की 80 जोड़ों के सामूहिक विवाह की तैयारी की गई थी जिसमें बैठने के साथ खाने पीने का भी उचित प्रबंध किया गया है। सामूहिक विवाह महोत्सव में मंगल गीतो से पूरा पांडाल गूंज रहा था। वहीं दूर-दराज से आमंत्रित वैदिक विद्वानों की उच्चारित वैदिक मंत्रों पूरा पंडाल गुंजायमान रहा। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी दीपेंद्र पांडेय, खंड विकास अधिकारी विशेश्वरगंज सर्वेश मिश्रा, खंड विकास अधिकारी हुजूरपुर अनुभा श्रीवास्तव भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार पांडेय तहसीलदार अजय कुमार यादव, छोटू त्रिपाठी तथा तमाम ग्राम प्रधान व सचिव मौजूद रहे।

दहेज के लिए विवाहिता की गला दबाकर हत्या का आरोप

- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा
- पांच लोगों के विरुद्ध दी तहरीर

बहराइच, समृद्धि न्यूज। शहर के मोहल्ला नाजिरपुरा निवासी एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला की मां ने दहेज में पांच लाख नकदी न मिलने पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। हरदी थाना क्षेत्र के गोचंदपुर गांव निवासी रामावती गुप्ता पत्नी शिव नारायन ने कोतवाली नगर में तहरीर दी है। महिला का कहना है कि उसने अपनी बेटी खुशबू (24) का विवाह कोतवाली नगर के मोहल्ला नाजिरपुरा निवासी दीपक गुप्ता के साथ 23 जून 2023 को किया था। महिला का कहना है कि दहेज में पांच लाख रुपये की मांग की गई। उसने व्यवस्था कर एक लाख रूपये नकदी दी थी। इसके बाद भी ससुराल के लोग बेटी को प्रताड़ित कर रहे थे। गुरुवार रात में ससुराल के लोगों ने बेटी की पिटाई की। इसके बाद गला दबाकर हत्या कर दी। महिला ने सास, ससुर, ननद और कोट बाजार निवासी रिश्तेदार समेत पांच लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। कोतवाल आरके सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नेत्र शिविर में 487 मरीजों का हुआ उपचार

- सीतापुर अस्पताल द्वारा आयोजित किया गया नि:शुल्क नेत्र शिविर
- पयागपुर युवा मंच के तत्वाधान में आयोजित हुआ नेत्र शिविर

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

बस स्टॉप स्थित काली माता मंदिर के पास सीतापुर आंख अस्पताल द्वारा निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में 487 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। शुक्रवार को युवा मंच द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में कुल 487 मरीजो ने रजिस्ट्रेशन करा कर नेत्र परीक्षण कराया, जिसमें दर्जनों मरीजों को चश्मा दवा आदि वितरित किया गया तथा 120 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चुना गया जिन्हें निजी बस द्वारा सीतापुर आंख अस्पताल आपरेशन के लिये भेजा गया।

शिविर कैप के डायरेक्टर विजेंद्र सिंह ने बताया कि चिकित्सालय द्वारा नेत्र शिविर कैंपों का आयोजन जगह जगह किया जाता है जिसमें मरीजो के आंखों की जांच सहित आंखों से सम्बंधित ऑपरेशन आदि मुफ्त में किया जाता है।

इस अवसर पर सीतापुर टीम के चिकित्सक डा. नेहा मल्हारिया,डा अंकित मिश्रा, डा. आयुष चौधरी, डा. दीपक, सहयोगी काजल वर्मा गोविंद, करण कश्यप, सहित युवा मंच के संजय सिंह, उत्कर्ष सिंह, एडवोकेट संतोष मिश्रा,अंकुर सिंह, कुलदीप शर्मा, दीपू यादव, कपिल सिंह, अजय सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

आरपीएफ के खिलाफ दिया शिकायत पत्र, कार्रवाई की मांग

बहराइच, समृद्धि न्यूज। नगर पंचायत रिसिया निवासी मनीष कुमार गुप्ता ने बताया की रेलवे लाइन के दोनों तरफ रेलवे की काफी जमीन खाली पड़ी है। उस जमीन पर आरपीएफ बहराइच द्वारा लगभग छोटी बड़ी मिलाकर के 200 दुकान लगवा कर लाखों रुपए की आमदनी की जा रही है। जो सीधे आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक व उनके अधीनस्थ स्टाफ के सह पर टाइगर पुत्र शब्बीर सब्जी विक्रेता व दो-तीन व्यक्ति द्वारा पैसा वसूली का कार्य किया जाता है। इसके लिए मैंने रेलमंत्री ,प्रधान न्यायाधीश इलाहाबाद उच्च न्यायालय, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, डीआरएम पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ, मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल, डीआईजी देवी पाटन मंडल, जिलाधिकारी बहराइच, पुलिस अधीक्षक बहराइच, सांसद बहराइच, कैसरगंज को शिकायत पत्र देकर उपरोक्त पत्र पर गंभीरता से विचार कर उपरोक्त दोषी व्यक्तियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई और वसूले गए धन को रेलवे के खजाना में जमा करने की मांग की है।

हाथियों ने तीन ग्रामीणों के मकान को गिराया, सामान को किया तहस-नहस

- परिवार के लोगों ने भागकर बचाई जान

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले में जंगल से सटे भरथापुर गांव में जंगली जातियों रात में उत्पात मचाते हुए तीन ग्रामीणों के घरों को गिरा दिया। परिवार के लोगों ने भागकर हांका लगाते हुए किसी तरह जान बचाई। वन कर्मियों ने लोगों को जागरूक किया है। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के जंगल से सटे भरथापुर गांव में गुरुवार रात को हाथी पहुंच गए।हाथियों ने गांव में बने फूस के मकान को तहस नहस कर दिया। जब ग्रामीणों ने आग जलाते हुए गोला दगाया, तब जाकर हाथी जंगल की ओर भागे। हाथियों ने रात एक बजे गांव निवासी मिश्रीलाल पुत्र भारत, कलावती पत्नी पुताई व विनोद कुमार पुत्र राधेश्याम के फूस के बने मकान को गिरा दिया है। अनाज भी बिखेर दिया। सुबह वन कर्मियों ने सूचना रेंज कार्यालय में दी। वन कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर जंगली हाथी से बचाव के लिए जागरूक किया। डीएफओ बी. शिव शंकर का कहना है कि ग्रामीण सतर्क रहें। हाथी के पास आने पर गोले दगाएं।

जिले की रैंकिंग प्रभावित होने पर दण्डित होंगे जिम्मेदार अधिकारी : डीएम

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

- बैठक से अनुपस्थित होने पर सहायक श्रमायुक्त का अग्रिम आदेशों तक वेतन बाधित
- जनसुनवाई पोर्टल एवं सीएम डेश बोर्ड की समीक्षा बैठक सम्पन्न

सीएम डेश बोर्ड एवं जनसुनवाई पोर्टल की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान शिकायत निस्तारण की आख्या गुणवत्तापूर्ण न होने तथा छात्रवृत्ति की धनराशि के प्रेषण में विलम्ब व पेंशन लाभार्थियों की केवाईसी पूर्ण न होने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कड़ी नाराज़गी जताते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई के लिए मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिया।

इसी प्रकार बैठक से अनुपस्थित होने पर सहायक श्रमायुक्त का अग्रिम आदेशों तक वेतन बाधित करने तथा आख्या गुणवत्तापूर्ण न होने पर एडीओ पंचायत बलहा को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि से दण्डित किये जाने का निर्देश दिया। जबकि जल निगम से प्राप्त होने वाली आख्या संतोषजनक न होने तथा मौके की फोटो प्रेषित न किये जाने पर डीएम ने विभागीय अधिकारियों एवं लिपकीय संवर्ग को वेतन रोके जाने के निर्देश दिये। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रकरणों का निस्तारण नवीन शासनादेश के अनुसार करें। स्पेशल क्लोज़ से सम्बन्धित प्रकरणों में पूरी जांच पड़ताल कर शिकायतकर्ता से वार्ता के पश्चात संतोषजनक/संतुष्ट फीड प्राप्त करने के बाद ही स्पेशल क्लोज़ करें। डीएम ने पंचायत राज, आपूर्ति, विद्युत एवं आईसीडीएस विभागों को निर्देश दिया कि आख्या पर विशेष ध्यान दें जिससे जिले की रैंकिंग प्रभावित न हाने पाये। समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिया गया कि पेंशन से सम्बन्धित शिकायतों में अधिकारी कर्मचारी मौके पर जाकर जियो टैग फोटो व गवाह का साक्ष्य ज़रूर लगायें।

बैठक के दौरान डीएम ने बताया कि नवीन व्यवस्था के अनुसार एल-1 स्तर के अधिकारी द्वारा शिकायतकर्ता से टेलीफोन पर बात करने पर रैंकिंग तय होगी। डीएम ने एल-1 स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अनिवार्य रूप से शत-प्रतिशत शिकायतकर्ता से दूरभाष पर ज़रूर वार्ता करें। इसके लिए 10 नम्बर आवंटित किये जायेगें। एल-3 स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि कम से कम 10 शिकायतकर्ता से अवश्य वार्ता करें। डीएम ने कहा कि बार-बार असंतुष्ट फीड बैक देने वाले शिकायतकर्ता को कार्यालय में बुलाकर उनकी समस्या का समाधान करने के पश्चात ही फीड बैक लगायें। डीएम ने निर्देश दिया कि सेतु निगम व रेलवे की समन्वय बैठक कराकर ओवर ब्रिज निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराया जाय।

नवनिर्मित नाला चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

- चार-पांच दिन पूर्व निर्मित नाला भरभरा कर गिरा
- 25 लाख की अनुमानित लागत से हो रहा नाले का निर्माण
- सभासद ने नाला निर्माण में हो रहे भ्रष्टाचार की शिकायत डीएम से की

डलमऊ रायबरेली

सरकार द्वारा जनता की सुविधा के लिए योजनाएं चलाकर विभिन्न प्रकार के विकास कार्य कराए जा रहे हैं लेकिन ठेकेदार एवं अधिकारियों की मिली भगत के चलते विकास कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहे हैं नगर पंचायत डलमऊ में जनता की सुविधा के लिए जल निकासी योजना के तहत नल का निर्माण कराया जा रहा है 25 लाख की अनुमानित लागत से हो रहे नाला निर्माण में भ्रष्टाचार इस कदर हावी हुआ कि कार्य पूर्ण होने के पहले ही नाला भरभरा कर गिर गया जिसको लेकर कस्बा वाशी एवं सभासद ने नाराजगी जाहिर की है नगर पंचायत डलमऊ के वार्ड नंबर 10 शंकर नगर में लगभग 25 लाख की लागत से नाले का निर्माण कार्य चल रहा है जिसकी जिम्मेदारी कार्यदाई संस्था को दी गई है सड़क और नाले के बीच में इंटरलॉकिंग कार्य भी होना प्रस्तावित है, गुरुवार को निर्माणाधीन नाले का कुछ हिस्सा ढह गया इसके बाद कस्बे वासियों ने कार्यदाई संस्था पर सवाल खड़े किए हैं कस्बा वासी दिनेश मोदनवाल ऋतिक जायसवाल मोहम्मद रिजवान राजन अग्रहरि रोशन जायसवाल ने बताया कि नाला निर्माण कार्य में कार्यदाई संस्था के ठेकेदार द्वारा जमकर मनमानी की जा रही है मानक को दरकिनार करते हुए निर्माण कार्य में पीली ईंट का उपयोग किया गया है जिसको लेकर कार्य प्रारंभ होने पर भी शिकायत की गई लेकिन जिम्मेदार लोगों ने ध्यान नहीं दिया वार्ड की सभासद सुनीता जायसवाल के द्वारा अधिशासी अधिकारी को भी इसकी लिखित शिकायत की गई थी गुरुवार को नाला गिर जाने पर जब सभासद के द्वारा संबंधित जेई से बात की गई तो सभासद का आरोप है कि जेई ने अभद्र शब्दों का प्रयोग किया शुक्रवार को सभासद सुनीता जायसवाल ने जिलाधिकारी रायबरेली हर्षिता माथुर को कार्य में बरती जा रही लापरवाही एवं भ्रष्टाचार की शिकायत की है वही इस संबंध में अधिशासी अधिकारी आर्थिक श्रीवास्तव ने बताया कि उन्होंने मौके पर जाकर जांच की है नाला में पानी भर जाने के कारण नाला गिर गया है।

क्या बोले नगरवासी

शंकर नगर वार्ड निवासी दिनेश मोदनवाल ने बताया कि नाला निर्माण में मानक विहीन घटिया सामग्री प्रयुक्त की जा रही है ठेकेदार व अधिकारियों की मिली भगत के चलते नाला निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।
मोहम्मद रिजवान ने कहा कि नाला निर्माण में हो रहा है भ्रष्टाचार की जांच होनी चाहिए और दोषी ठेकेदार व अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जानी चाहिए।
राजन अग्रहरि ने कहा कि चार-पांच दिन पूर्व निर्मित नाला घटिया एवं मानक विहीन सामग्री प्रयुक्त होने के चलते गिर गया है मानकों की अनदेखी करते हुए घटिया मसाले का प्रयोग कर नाला का निर्माण हो रहा है जांच कर कर दोषियों को सजा होनी चाहिए।

ओरीदास तपोस्थली पर इकट्ठा होंगे लाखों श्रद्धालु

- रायबरेली जिले में ही नहीं उत्तर प्रदेश में भी इस मेले का एक अपना स्थान

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

बाबा ओरीदास तपोस्थली पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी से विशाल मेले की शुरुआत होने जा रही है। जिसमें लाखों श्रद्धालुओं की पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। मेला कमेटी ने बताया कि रविवार से मेले का आयोजन होना है जिसके लिए अभी से ही मेले में दुकानदार पहुंचने लगे हैं और अपनी अपनी दुकान लगाने लगे हैं साथ-साथ दुकानदारों से किसी प्रकार का कोई पैसा नहीं लिया जाता और उनकी दुकान लगवाई जाती है उन्हें भोजन पानी सहित अन्य तमाम प्रकार की सुविधा दी जाती हैं इस मेले में रायबरेली के अलावा फतेहपुर उन्नाव अमेठी सुल्तानपुर के दुकानदार अपनी दुकान लेकर आते हैं तो वहीं अन्य कई राज्यों के लोग मेले में पहुंचकर जहां मेले का लुफ्त उठाते हैं वहीं बाबा ओरीदास दास से सुख समृद्धि का आशीर्वाद भी मांगते हैं लकड़ी और बक्से की दुकान लगभग 1 महीने तक इसी मेले में लगी रहती हैं और लोग उनसे खरीदारी करते रहते हैं।

क्या खास रहता है मेले में

तीतर की लड़ाई दंगल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन तीन दिनों तक लगातार होता रहता है जिसे देखने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु इकट्ठा होते हैं। सैकड़ो वर्ष पुरानी है तपोस्थली लोग बताते हैं कि लगभग डेढ़ सौ वर्ष से यहां पर मेला लगता है तथा बाबा ओरीदास की तपोस्थली 300 वर्ष से भी अधिक पुरानी है।

खबरें एक नजर में

किसान सम्मेलन आयोजित

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। विकासक्षेत्र के कुंदनगंज में स्थित आरसीसीपीएल प्राइवेट कंपनी लिमिटेड के सौजन्य से आदर्श कृषि फॉर्म परियोजना के द्वारा किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप जिला अधिकारी महाराजगंज सचिन यादव एवं विशिष्ट अतीत के रूप में बछरावां थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने शिरकत की। इस मौके पर उप जिला अधिकारी महाराजगंज सचिन यादव द्वारा कार्यक्रम में किसानों के लिए लगाई गई प्रदर्शनी का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर यूनिट हेड देवेंद्र कुमार पटेल, हरिवंश मिश्रा सहित उद्यान विभाग, कृषि विभाग, श्री राम पैरासाइट्स व आदर्श कृषि फार्म योजना के अधिकारी और कर्मचारी एवं आरसीसीपीएल कंपनी लिमिटेड के अधिकारी व कर्मचारी सहित क्षेत्र की तमाम पुरुष एवं महिला किसान मौजूद रहे।

पानी लगाने को लेकर हुई मारपीट में तीन पर मुकदमा दर्ज

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के सलेथू गांव में पानी लगाने को लेकर हुई मारपीट में पीड़ित की तहरीर पर तीन के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ।महराजगंज कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार वादी देशराज पुत्र गुरु प्रसाद निवासी सलेथू के द्वारा दी गई तहरीर में बताया कि विपक्षीगण के द्वारा पानी लगाने को लेकर वादी के साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट की गई मारपीट में वादी बेहोश हो गया। वहीं देशराज की तहरीर पर शिव बहादुर पुत्र माता बदल सुजीत पुत्र शिव बहादुर बिदेश पुत्र शिव कुमार निवासी ग्राम सलेथू के ऊपर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ।

प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के लिए 1 से 15 फरवरी तक करें आवेदन

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण इरफानुल्लाह खान ने बताया है कि मत्स्य विभाग की संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना हेतु वर्ष 2024-25 में विभिन्न परियोजना हेतु 01 से 15 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन करने हेतु विभागीय पोर्टल https://fisheries.up.gov.in खोला जा रहा है, इच्छुक व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं, आवेदन हेतु विस्तृत जानकारी पोर्टल एवं कार्यालय मत्स्य पालक विकास अभिकरण, रायबरेली से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है, विभिन्न परियोजनान्तर्गत विभाग द्वारा परियोजना अंश की अनुदान धनराशि- सामान्य/अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग 40 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति तथा महिलाओं हेतु 60 प्रतिशत अनुदान विभाग द्वारा देय है, अवशेष लाभार्थी अंश की धनराशि आवेदकों द्वारा स्वयं के संसाधनों से व्यय की जायेगी।

ग्राम प्रधान ने एसडीएम से की लेखपाल की शिकायत

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज। ग्राम प्रधान ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर हल्का लेखपाल के कार्यशैली की शिकायत की है और दूसरे लेखपाल की तैनाती की मांग की है।डलमऊ तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा एहार के प्रधान राजेश कुमार ने उप जिलाधिकारी डलमऊ राजति राम गुप्ता को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि ग्राम सभा सोहवल में तैनात हल्का लेखपाल अमृता सिंह के मनमाने रवैया के चलते ग्राम सभा की बंजर भूमि से मिट्टी खनन कर निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे में भेजी जा रही है तथा गांव में जब खेतों की नाप करने जाती है तो गलत नाप कर देती हैं जोकि पूर्व में हुई नाप के एकदम विपरीत है।ग्राम प्रधान का आरोप है कि लेखपाल के साथ जो सहयोगी उनके साथ जाते हैं वह ग्राम वासियों से अवैध वसूली करते हैं जिसके चलते ग्रामवासी त्रस्त हैं जिसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। दिन रात ग्राम सभा में अवैध रूप से डंपर मिट्टी खनन कर रहे हैं।ग्राम प्रधान ने जनहित में हल्का लेखपाल को हटाकर अनुभव के आधार पर दूसरे लेखपाल के तैनाती की मांग की है।इस संबंध में उप जिलाधिकारी डलमऊ राजित राम गुप्ता ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है जांच के बाद नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

जनता दर्शन में उपजिलाधिकारी ने सुनीं फरियादें एक सप्ताह में कार्रवाई के निर्देश

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज। उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रार्थना पत्रों पर एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यदि निर्धारित समय सीमा में समाधान नहीं किया गया, तो संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। शनिवार को तहसील परिसर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। कम्मरपुर के सगीर ने बताया कि उनके क्षेत्र में खलिहान और तालाब पर अवैध कब्जा हो गया है, जिसे अतिक्रमण मुक्त कराने की आवश्यकता है। इसी तरह, सुभाष नगर के पंकज गुप्ता ने ग्राम अमया देवरिया में सहखतेदारी वाली भूमि पर किसी व्यक्ति द्वारा अपने हिस्से से अधिक पर निर्माण किए जाने की शिकायत की। वहीं, राजेंद्र प्रसाद ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनके निर्माण कार्य में अवैध हस्तक्षेप होने की बात कही। उपजिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल निस्तारण हेतु भेज दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है, और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता दर्शन में प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा कई ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने विभिन्न मुद्दों पर अपनी समस्याएं रखीं। उपजिलाधिकारी ने भरोसा दिलाया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा।

बस की टक्कर से युवक की मौत, पुलिस ने बस व चालक को लिया हिरासत में

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज। बलरामपुर रोड पर नवाब भट्ठा चुंगी नाका के पास शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। उतरौला से बलरामपुर की ओर जा रही रासी ट्रैवल्स नामक निजी बस ने तेज रफ्तार में मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा करीब 11:00 बजे सुबह के करीब हुआ। मोटरसाइकिल सवार अब्दुल सईद उर्फ सिडल पुत्र सलामतुल्लाह, निवासी गौरी डीह, थाना कोतवाली उतरौला, जनपद बलरामपुर अपने निजी कार्य के लिए उतरौला बाजार की ओर जा रहा था, तभी बस ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और 108 एंबुलेंस को बुलाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला ले जाने पर डॉक्टरों ने अब्दुल सईद को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली उतरौला पुलिस मौके पर पहुंची और बस व चालक को हिरासत में ले लिया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना स्थल पर सुरक्षा उपायों की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं रोकी जा सकें। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

सास-बेटा-बहू सम्मेलन में किया जागरूक

सूची सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

स्वास्थ्य उपकेंद्र पर सास बहू और बेटा सम्मेलन का आयोजन किया गया।जिसमें नव दंपतियों को परिवार नियोजन की जानकारी दी गई।साथ ही नवजात शिशुओं में होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया।सलोन क्षेत्र के सूची कस्बा में आयोजित छोटा परिवार सुखी परिवार के उद्देश्य के साथ सास बहू बेटा सम्मेलन में लोगों को परिवार नियोजन की जानकारी देकर जागरूक किया गया।साथ ही ग्राम प्रधान सूची अनीता सिंह व एएनएम रीता यादव,अर्चना मिश्रा द्वारा टिफिन बॉक्स व मिठाई वितरण कर प्रोत्साहित किया गया।इस दौरान आशा कार्यकर्ता व एएनएम ने परिवार नियोजन के साधनों के उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया।साथ ही सीमित परिवार की अहमियत बताई गई।जिससे साधनों को अपनाने में असमंजस की स्थिति न बने।स्थाई और अस्थाई उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया।साथ ही नवजात बच्चों को समय-समय पर गंभीर बीमारियों से बचाव हेतु टीकाकरण जैसे आवश्यक जानकारी देकर उन भ्रांतियां को दूर कर जागरूक किया गया।इस मौके पर एएनएम,आशा,आशा सगिंनी आदि शामिल रही।

खाटू श्याम शोभायात्रा का भव्य स्वागत

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। खाटू श्याम सेवा समिति द्वारा खाटू श्याम मंदिर जनपद सीकर राजस्थान से अहियारायपुर रायबरेली के मंदिर में स्थापना के लिए जा रही खाटू श्याम की मूर्ति की भव्य शोभा यात्रा का कस्बे के मुख्य चौराहे पर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष गौरव बाबा के नेतृत्व में खाटू श्याम भक्तो इस कार्यक्रम में शिरकत की। इस मौके पर सोनू सिंह, अभिषेक मिश्रा, सतीश तिवारी, शैलेंद्र सिंह सहित सैकड़ो खाटू श्याम भक्त उपस्थित रहे।

वरिष्ठ जनों के विधिक अधिकार विषय पर शिविर आयोजित

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राज कुमार सिंह के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,रायबरेली के तत्वाधान में वृद्धजन आवास (वृद्धाश्रम), आई0टी0आई0 कैम्पस दूरभाष नगर, रायबरेली में आवासित वृद्धजनों के देख-रेख, खानपान, रहन-सहन आदि हितों से सम्बन्धित मामलों के सम्बन्ध में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा वृद्धजन आवास का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा अधीक्षक वृद्धाश्रम से आवासित वृद्धों की देखभाल व खान-पान के सम्बन्ध में चर्चा की।

निरीक्षण उपरांत वृद्धजनों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य के द्वारा उपस्थित वृद्धजनों को यह बताया गया कि कैसे आप अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहे। इस अवसर पर वृद्धाजनों को उनके निःशुल्क अधिकारों के विषय पर जानकारी दी गयी एवं बताया गया कि किसी भी प्रकार की निःशुल्क विधिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के कार्यालय में किसी कार्यदिवस में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज कराकर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उक्त शिविर में वृद्धजनों को वृद्धा पेंशन, आधार कार्ड व आयुष्मान कार्ड बनवाये जाने के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा अधीक्षक वृद्धाश्रम धनंजय सिंह को वृद्धजनों के उक्त कार्डों को अद्यतन किये जाने व बनवाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में उपस्थित वृद्धजन को बताया गया कि वह उक्त नंबर पर फोन कर निशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।उक्त शिविर में पराविधिक स्वयं सेवक पूनम सिंह व पवन कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

छात्राओं ने दिखाया पाक कला का हुनर

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

शुक्रवार को एच.आर.ए. इंटर कॉलेज, उतरौला में कक्षा 9 की छात्राओं ने गृह विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा दी। इस दौरान छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए, जिनमें छोले-भटूरे, वेज पुलाव, पकौड़े व चटनी, खीर, सेवईं, पास्ता, पूरी-सब्जी, नूडल्स, आलू टिक्की, फ्रेंच फ्राइज़ और कस्टर्ड प्रमुख रूप से शामिल रहे। छात्राओं ने इन व्यंजनों के साथ चाय और सलाद भी प्रस्तुत किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य वी. के. श्रीवास्तव और प्रबंधक अंसार अहमद खान ने छात्राओं द्वारा तैयार व्यंजनों का निरीक्षण किया और उनकी मेहनत की सराहना की। प्रधानाचार्य वी. के. श्रीवास्तव ने कहा, गृह विज्ञान केवल एक विषय नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। यह छात्रों को आत्मनिर्भर बनाता है और उन्हें कौशल विकास का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने छात्राओं के प्रयासों की तारीफ करते हुए कहा कि इस तरह की प्रयोगात्मक परीक्षाएं न केवल उनकी पाक-कला को निखारती हैं बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाती हैं।

प्रबंधक अंसार अहमद खान ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा, खानपान केवल स्वाद तक सीमित नहीं है, यह एक विज्ञान है जिसमें पोषण, संतुलित आहार और स्वच्छता का समावेश होता है। जो विद्यार्थी इसे गंभीरता से अपनाते हैं, वे आगे चलकर खानपान एवं होटल प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में उज्ज्वल भविष्य बना सकते हैं। इस प्रयोगात्मक परीक्षा में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। अंत में निरीक्षकों ने छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उन्हें सदा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

श्री कृष्ण मंदिर के पुनर्निर्माण की पहल विधि-विधान से हुआ शिलान्यास

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

ग्राम पंचायत तिलखी बढ़या में स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर, जो वर्षों से जर्जर अवस्था में था, अब पुनर्निर्माण की दिशा में अग्रसर हो गया है। ग्रामीणों की पहल और सामूहिक सहयोग से इस ऐतिहासिक मंदिर के पुनर्निर्माण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। गौरतलब है कि वर्ष 1960 में निर्मित यह मंदिर समय के साथ पूरी तरह जर्जर हो चुका था। मंदिर की छत और दीवारों में दरारें आ गई थीं, जिससे यहां जहरीले जीव-जंतु रहने लगे थे। इसे देखते हुए ग्रामीणों ने पंचायत में बैठक कर मंदिर को नए सिरे से बनाने का निर्णय लिया।

शुक्रवार को हुए शिलान्यास कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संदीप कुमार वर्मा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश मौर्य ने बताया कि सैंकड़ों वर्ष पूर्व निर्मित यह मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा है।मंदिर की जर्जर स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों ने इसके पुनर्निर्माण का संकल्प लिया और अब सामूहिक सहयोग से यह कार्य शुरू किया गया है। इस पावन अवसर पर देवेन्द्र कुमार मिश्रा, भागवत प्रसाद मिश्रा, वेद व्रत मिश्रा, रणधीर कुमार मिश्रा समेत दर्जनों श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने मंदिर निर्माण में हर संभव सहायता देने का संकल्प लिया। ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर के पुनर्निर्माण से न केवल धार्मिक आस्था को बल मिलेगा, बल्कि क्षेत्र में सांस्कृतिक और सामाजिक एकता भी मजबूत होगी। मंदिर निर्माण के कार्य में तेजी लाई जाएगी, ताकि जल्द से जल्द श्रद्धालु इसमें दर्शन-पूजन कर सकें।

वालीबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारम्भ

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

अचलपुर चौधरी में आयोजित स्टार वालीबॉल प्रतियोगिता में साबरपुर गोंडा ने जमदाशाही संतकबीर नगर को 2-1 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश कर लिया।

आई पी बी ने सेमरा सिद्धार्थनगर को दो सीधे सेटों से पराजित किया।

सेमरा ने दौलतपुर को पराजित कर अगले दौर में प्रवेश कर लिया। अचलपुर चौधरी 1-3 दौलतपुर से अचलपुर चौधरी पहला दौर प्रवेश कर चुकी थी। प्रपियोगिता का उद्घाटन समारोह पूर्वक मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा विशिष्ट अतिथि विष्णु गुप्ता ने फीता काटकर किया उन्होंन खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सराहनीय कार्य है खेलों के आयोजन से आपसी भाईचारे का विकास होता

खेल-कूद से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। इस अवसर पर विष्णु गुप्त ,एजाजुददीन, विनोद किशन शास्त्री,असगर अली, संजय शर्मा, सुनील, बनवारी बाबू,बंशराम वर्मा, प्रमोद कुमार वर्मा, अरविंद मिश्रा, रियाजउद्दीन, विवेक वर्मा,राम संवारे,सुशील कुमार गुप्ता , इद्रीश ,सियाराम सरोज, राजेश भारती ,मोहम्मद रईस ,विशाल तिवारी, संदीप वर्मा व संतोष मिश्र मौजूद रहे। आयोजक बनवारी लाल वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को भोपाल रेल्वे,मुरादाबाद, आजमगढ़, राजस्थान, उत्तराखंड, दिल्ली, साईं हास्टल मुजफ्फरनगर आदि टीमें खेलेंगे।

सादुल्लानगर पुलिस ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

ज्वेलरी की दुकान का सटर काट कर अज्ञात चोरों द्वारा सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफ करने के मामले में वांछित अभियुक्त को सादुल्लह नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया।

बीते वर्ष 10/11नवंबर की रात में अजय कुमार पुत्र राम सुन्दर निवासी ग्राम गूमा फातमाजोत की सादुल्लनगर बाजार स्थित सर्राफ की दुकान का सटर काट कर सोने चांदी के जेवर अज्ञात चोर पार कर ले गये थे।

घटना के संबंध में अज्ञात चोरों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम व वाँछित/वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेंद्र सिंह के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक सादुल्लानगर मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में दिनांक 31.01.2025 को थाना सादुल्लहनगर पुलिस टीम द्वारा उक्त चोरी की घटनी मु0अ0सं0133 /2024 धारा 331(4)/305(a) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त लल्ला उर्फ लाला उर्फ देशराज पुत्र स्व0 जगन्नाथ नि0ग्रा0 ववया मौ0 रुकनापुर जनपद बहराइच वारिद हाल पता पिपरहवा चौकी गनपुर थाना कोहलपुर जनपद बांके नेपाल राष्ट्र को थाना सादुल्लनगर ने गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया है।

सामुदायिक शौचालय बंद होने से ग्रामीण खुले में शौच जाने को विवश

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज। विकास खंड रेहरा बजार के अधिकांश इलाकों में बनाए गए सामुदायिक शौचालयों का उद्देश्य स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाना था। लेकिन इन शौचालयों पर ताले लटके रहने से लोग मुश्किल में हैं। प्रशासन की अनदेखी और देखभाल की कमी जनता के लिए बड़ी समस्या बन गई है।विकास खंड रेहराबाजार के अलाउद्दीनपुर ग्राम पंचायत की, जहां स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों की लागत से सामुदायिक शौचालय बनाया गया।लेकिन इसका इस्तेमाल नहीं हो रहा। वजह इस शौचालय पर हमेशा ताला लगा रहता है।

ग्रामीणों ने बताया कि शौचालय तो बन गया, लेकिन हमेशा बंद रहता है। जरूरत पड़ने पर हमें खुले में जाना पड़ता है। यह स्थिति हमारे लिए शर्मनाक और असुविधाजनक है। हमने कई बार ग्राम पंचायत अधिकारी से शिकायत की।लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ताला क्यों लगा रहता है, ये कोई बताने वाला नहीं है। इस ताले की वजह से ना केवल स्थानीय निवासियों को दिक्कत हो रही है, बल्कि गंदगी और बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। कई लोग मजबूरी में खुले में शौच कर रहे हैं, जिससे स्वच्छता अभियान का उद्देश्य फेल हो रहा है। इस सम्बन्ध मे वीडीओ रेहरा बाजार रजनीश शुक्ला का फोन रिसीव नही हुआ।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ी

महाकुम्भ – 2025 के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा पूर्व घोषित विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ी का संचालन भी निम्न विवरण के अनुसार किया जाएगा:-

04307/04308 हरिद्वार - फाफामऊ ज. - हरिद्वार कुम्भ विशेष रेलगाड़ी | 04 फेरे

गाड़ी सं. 04307 आगमन	गाड़ी सं. 04307 प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 04308 आगमन	गाड़ी सं. 04308 प्रस्थान
----	06:15	हरिद्वार	23:50	----
07:45	07:50	नजीबाबाद जं.	22:00	22:05
10:25	10:35	मुरादाबाद जं.	20:20	20:30
11:35	11:40	चन्दौसी जं.	17:45	17:50
15:00	15:05	शाहजहाँपुर	13:50	13:55
17:40	17:50	लखनऊ जं.	10:40	10:50
19:10	19:12	रायबरेली जं.	08:30	08:32
21:10	----	फाफामऊ जं.	----	06:30

चलने के दिन: 04307 हरिद्वार से दिनांक 06.02.2025 एवं 20.02.2025 को तथा 04308 फाफामऊ जं. से दिनांक 07.02.2025 एवं 21.02.2025 को।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

362/2025 पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

बजट में छूट की आस

वित्तीय साल 2024-25 की प्रथम छमाही में आर्थिक विकास दर के कम होने के कारणों में मुख्य रूप से देश में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव रहा है। वहीं चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण केंद्र सरकार की पूंजीगत खर्चों एवं अन्य खर्चों में भारी भरकम कमी भी दृष्टिगोचर हुई है। साथ ही देश में मानसून की स्थिति भी ठीक नहीं रही। केंद्र सरकार ने फिर भी मुद्रा स्फीति पर अंकुश लगाने में असफलता तो अर्जित कर ली, परंतु उच्च स्तर पर बन रही मुद्रास्फीति के कारण आम नागरिकों, विशेषकर मध्यवर्गीय परिवारों की खर्च करने की क्षमता पर विपरीत प्रभाव जरूर पड़ा है और कुछ मध्यवर्गीय परिवारों के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने के कारण उनको गरीबी रेखा की श्रेणी में जाने का खतरा उत्पन्न हो रहा है। किसी भी देश में मध्यवर्गी परिवारों की जितनी अधिक संख्या रहती है, तो उस देश की आर्थिक विकास दर भी उच्च स्तर पर बनी रहती है, क्योंकि मध्यवर्गीय परिवार ही विभिन्न प्रकार के उत्पादों मसलन चार पहिया वाहन, दो पहिया वाहन, फ्रिज, कूलर, एयर कंडीशनर जैसे उत्पादों एवं नए फ्लैट्स एवं भवनों आदि को खरीदने पर अपनी आय के अधिकतम भाग का उपयोग बतौर खरीददार करता है। इससे उस देश की आर्थिक चक्र में तीव्रता आती है और इन उत्पादों की बाजार में मांग के बढ़ने के चलते इनके उत्पादन को विभिन्न कंपनियों द्वारा बढ़ाया जाता है। इससे इन कंपनियों की आय एवं लाभप्रदता में वृद्धि होती है एवं देश में रोजगार के नए अवसर निकलते हैं। भारत में पिछले कुछ समय से मध्यवर्गीय परिवारों की व्यय करने की क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। इस लिए आज केंद्र सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से यह अपेक्षा की जाती है कि वह वित्तीय वर्ष 2025-26 के केंद्र सरकार के बजट में मध्यवर्गीय परिवारों के लिए भी विशेष रूप से आयकर में छूट की घोषणा करेंगी। जिसकी मध्यवर्गीय परिवार आस लगाए बैठी है।

बजट 2025-26 : मांग को बढ़ावा देना व अधिक नौकरियां पैदा करना

नित्य चक्रवर्ती

भारत सरकार 1 फरवरी 2025 को मोदी शासन के तीसरे कार्यकाल में अपना दूसरा बजट पेश करने वाली है, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विघटनकारी व्यापार और टैरिफकार्यक्रम के कारण व्यापार में वैश्विक अनिश्चितता के साथ-साथ जीडीपी वृद्धि में घरेलू मंदी का माहौल है। नवीनतम आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के लिए जीडीपी वृद्धि लगभग 5.4 प्रतिशत है और पूरे वर्ष 2024-25 के लिए वृद्धि 2023-24 में 8.2 प्रतिशत की तुलना में 6.5 प्रतिशत अनुमानित है। यह भारत के विकास पथ पर एक बड़ा झटका है, क्योंकि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बहुचर्चित विकसित भारत कार्यक्रम के माध्यम से 2047 तक भारत को उच्च आय वाला देश बनाने की बात कर रहे हैं।

आइए, भारतीय अर्थव्यवस्था के नवीनतम रुझानों पर नजर डालें। पहला, लोगों का उपभोग पैटर्न और दूसरा, रोजगार सृजन परिदृश्य। ये दोनों मुद्दे देश की अर्थव्यवस्था के विकास और लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के साथ जटिल रूप से जुड़े हुए हैं। विकास का मतलब सिर्फ उच्च जीडीपी आंकड़ा नहीं है। यह विकास की गुणवत्ता से संबंधित है और क्या जीडीपी वृद्धि में अतिरिक्त वृद्धि ने देश की आबादी के बड़े हिस्से को मजदूरी, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित अन्य सामाजिक संकेतकों में वृद्धि के मामले में मदद की है? नरेंद्र मोदी सरकार के पिछले दस वर्षों से अधिक समय में, बुनियादी ढांचे के विकास और निजी निवेश दोनों को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों पर जोर दिया गया। ग्रामीण और शहरी गरीबों तक धन पहुंचाने के लिए कोई विशेष कार्यक्रम नहीं थे। 2020 और 2021 में महामारी ने गरीबों और मध्यम वर्गों के जीवन स्तर को बड़े पैमाने पर प्रभावित किया, जिसका असर उपभोग पर पड़ा। जैसा कि नवीनतम घरेलू उपभोग डेटा से पता चलता है, स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं आया है। खाद्य पदार्थों की उच्च कीमत ने निम्न और मध्यम वर्ग की गैर-खाद्य वस्तुओं की खरीद पर अधिक खर्च करने की क्षमता को खत्म कर दिया है।

इसके अलावा स्वास्थ्य देखभाल की लागत ने पिछले दो वर्षों में बड़ी संख्या में लोगों को उनकी पिछली गरीबी स्तर से बाहर की स्थिति से गरीबी स्तर पर ला दिया है। कुछ विशेषज्ञों द्वारा किये गये हाल के अध्ययनों से पता चला है कि नियमित श्रमिकों के लिए वास्तविक मजदूरी- जिसमें बेहतर वेतन वाली श्रेणी के लोग भी शामिल हैं, 2017-18 और 2022-23 के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति वर्ष 0.9 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 0.7 प्रतिशत की गिरावट आई है। 2011-12 की तुलना में भी यह गिरावट वास्तविक है। इसका मतलब है कि निम्न मध्यम वर्ग के लोगों और तुलनात्मक रूप से बेहतर वर्गों की क्रय क्षमता में 2011-12 की तुलना में भी गिरावट आई है। इससे मांग में सुस्ती आई है, जैसा कि सभी एफएमसीजी कंपनियां कह रही हैं। उनका कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में व्हाइट गुड्स सेक्टर का बाजार लोगों की भुगतान क्षमता कम होने के कारण गर्म हो रहा है। उपभोक्ता खाद्य पदार्थों, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित आवश्यक आवश्यकताओं की पूर्ति में बहुत व्यस्त हैं। गैर-खाद्य वस्तुओं की खपत की मांग में ठहराव इतना चिंताजनक हो गया है कि खुद सीईओ कम आय वाले परिवारों की खर्च करने की क्षमता बढ़ाने के लिए सरकार को तत्काल कुछ करने की आवश्यकता की बात कर रहे हैं। व्हाइट गुड्स के निर्माताओं सहित देश के बड़े नियोक्ताओं के संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) को एफएमसीजी कंपनियों द्वारा व्हाइट गुड्स की मांग को बढ़ाने के लिए केंद्रीय हस्तक्षेप की मांग लगातार मिल रही है। एक असामान्य मांग में, सीआईआई ने मांग को बढ़ाने के लिए शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों को कवर करने वाले कम आय वाले परिवारों को उपभोग वाउचर शुरू करने की योजना को अपने बजट प्रस्तावों में सूचीबद्ध किया है। इसके अलावा, सरकारी कार्यक्रमों के तहत दिये जाने वाले वेतन में वृद्धि और पीएम-किसान के तहत किसानों को दी जाने वाली नकद सहायता में वृद्धि होनी चाहिए। भारतीय उद्योग निकाय आखिरकार वही बात कह रहे हैं जो वामपंथी दल और डॉ. अमर्त्य सेन और डॉ. प्रणबबर्धन जैसे कई प्रमुख अर्थशास्त्री लंबे समय से कहते आ रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी अर्थव्यवस्था में मांग को बढ़ावा देने के लिए गरीबों को अधिक नकद भुगतान की आवश्यकता को रेखांकित कर रहे हैं। गरीबों और अन्य कम आय वाले परिवारों के पास खर्च करने के लिए अधिक पैसा होना चाहिए और इसी तरह खपत बढ़ेगी जिससे मांग में तेजी आयेगी। मोदी सरकार ने निवेश के लिए उद्योग को बड़ी कर रियायतें दी हैं लेकिन निजी निवेश में तेजी नहीं आई है क्योंकि निवेशक भी मांग-आपूर्ति की स्थिति के बारे में सुनिश्चित नहीं हैं। अब, जब उद्योग निकाय सरकार से ग्रामीण और शहरी गरीबों की खरीद क्षमता बढ़ाने के लिए अधिक धन खर्च करने का आग्रह कर रहे हैं, तो यह सही समय है कि मोदी सरकार 2025-26 के बजट में उनके लिए अधिक धन जुटाने के लिए कुछ विशिष्ट उपायों की घोषणा करे। इसके अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। पहले ही बहुत देर हो चुकी है, लेकिन देर से ही सही ऐसा करना आवश्यक है। मांग बढ़ाने के मुद्दे के अलावा, अगला जरूरी मुद्दा बड़ी संख्या में नौकरियों का सृजन करने की तत्काल आवश्यकता है।

भारतीय अर्थव्यवस्था के नवीनतम रुझानों पर नजर डालें। पहला, लोगों का उपभोग पैटर्न और दूसरा, रोजगार सृजन परिदृश्य। ये दोनों मुद्दे देश की अर्थव्यवस्था के विकास और लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के साथ जटिल रूप से जुड़े हुए हैं। विकास का मतलब सिर्फउच्च जीडीपी आंकड़ा नहीं है। यह विकास की गुणवत्ता से संबंधित है और क्या जीडीपी वृद्धि में अतिरिक्त वृद्धि ने देश की आबादी के बड़े हिस्से को मजदूरी, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित अन्य सामाजिक संकेतकों में वृद्धि के मामले में मदद की है? नरेंद्र मोदी सरकार के पिछले दस वर्षों से अधिक समय में, बुनियादी ढांचे के विकास और निजी निवेश दोनों को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों पर जोर दिया गया। ग्रामीण और शहरी गरीबों तक धन पहुंचाने के लिए कोई विशेष कार्यक्रम नहीं थे। 2020 और 2021 में महामारी ने गरीबों और मध्यम वर्गों के जीवन स्तर को बड़े पैमाने पर प्रभावित किया।

विचार

बसन्त पंचमी : प्रकृति और ज्ञान के संगम का पर्व

रमेश सर्राफ धमोरा

सभी शुभ कार्यों के लिए बसन्त पंचमी के दिन अत्यंत शुभ मुहूर्त माना गया है। बसन्त पंचमी को अत्यंत शुभ मुहूर्त मानने के पीछे अनेक कारण हैं। यह पर्व माघ मास में ही पड़ता है। माघ मास का भी धार्मिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। इस माह में पवित्र तीर्थों में स्नान करने का विशेष महत्व बताया गया है। दूसरे इस समय सूर्यदेव भी उत्तरायण होते हैं। इसलिए प्राचीन काल से बसन्त पंचमी के दिन देवी सरस्वती की पूजा की जाती है अथवा कह सकते हैं कि इस दिन को सरस्वती के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में पतझड़ ऋतु के बाद बसन्त ऋतु का आगमन होता है। हर तरफ रंग-बिरंगे फूल खिले दिखाई देते हैं। इस समय गेहूं की बालियां भी पक कर लहराने लगती हैं। जिन्हें देखकर किसान हर्षित होते हैं। चारों ओर सुहाना मौसम मन को प्रसन्नता से भर देता है। इसीलिये बसन्त ऋतु को सभी ऋतुओं का राजा अर्थात ऋतुराज कहा गया है।

बसंत पंचमी, प्रकृति और ज्ञान के संगम का पर्व है। यह त्योहार बसंत ऋतु के आगमन पर मनाया जाता है। इस दिन मां सरस्वती की पूजा की जाती है। बसंत पंचमी पर प्रकृति का खिलना और नई फसल आना भी देखा जाता है। बसंत पंचमी बहुआयामी त्योहार है जो बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है और समृद्ध परंपराओं, कृषि महत्व और आध्यात्मिक प्रथाओं से भरा हुआ है। यह एक ऐसा दिन है जब प्रकृति की जीवंतता, देवी सरस्वती की भक्ति और कृषि समुदाय का जीवन उत्सव की एक खूबसूरत तस्वीर में एक-दूसरे से जुड़ जाता है।

माघ महीने में जब बसंत ऋतु का आगमन होता है तो इस महीने के पांचवें दिन यानी पंचमी को बसंत पंचमी के रूप में मनाया जाता है। शास्त्रों में बसंत पंचमी को ऋषि पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। बसंत उत्तर भारत तथा समीपवर्ती देशों की छह ऋतुओं में से एक ऋतु है। जो फरवरी, मार्च और अप्रैल के मध्य इस क्षेत्र में अपना सौंदर्य बिखेरती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता सरस्वती जिन्हें विद्या, संगीत और कला की देवी कहा जाता है, उनका अवतरण इसी दिन हुआ था और यही कारण है कि भक्त इस शुभ दिन पर ज्ञान प्राप्त करने के लिए उनकी पूजा करते हैं। साथ ही इसे सरस्वती पूजा के नाम से भी जाना जाता है।

सभी शुभ कार्यों के लिए बसन्त पंचमी के दिन अत्यंत शुभ मुहूर्त माना गया है। बसन्त पंचमी को अत्यंत शुभ मुहूर्त मानने के पीछे अनेक कारण हैं। यह पर्व माघ मास में ही पड़ता है। माघ मास का भी धार्मिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। इस माह में पवित्र तीर्थों में स्नान करने का विशेष महत्व बताया गया है। दूसरे इस समय सूर्यदेव भी उत्तरायण होते हैं। इसलिए प्राचीन काल से बसन्त पंचमी के दिन देवी सरस्वती की पूजा की जाती है अथवा कह सकते हैं कि इस दिन को सरस्वती के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में पतझड़ ऋतु के बाद बसन्त ऋतु का आगमन होता है। हर तरफ रंग-बिरंगे फूल खिले दिखाई देते हैं। इस समय गेहूं की बालियां भी पक कर लहराने लगती हैं। जिन्हें देखकर किसान हर्षित होते हैं। चारों ओर सुहाना मौसम मन को प्रसन्नता से भर देता है। इसीलिये बसन्त ऋतु को सभी ऋतुओं का राजा अर्थात ऋतुराज कहा गया है। इस दिन ब्रह्माण्ड के रचयिता ब्रह्मा जी ने सरस्वती जी की रचना की थी। इसलिए इस दिन देवी सरस्वती की पूजा भी की जाती है।

बसन्त पंचमी का दिन भारतीय मौसम विज्ञान के अनुसार समशीतोष्ण वातावरण के प्रारंभ होने का संकेत है। मकर सक्रांति पर सूर्य के उत्तरायण प्रस्थान के बाद शरद ऋतु की समाप्ति होती है। हालांकि विश्व में बदलते मौसम ने मौसम चक्र को बिगाड़ दिया है। पर सूर्य के अनुसार होने वाले परिवर्तनों का उस पर कोई प्रभाव नहीं है। हमारी संस्कृति के अनुसार पर्वों का विभाजन मौसम के अनुसार ही होता है। इन पर्वों पर मन में उत्पन्न होने वाला उत्साह स्वप्रेरित होता है। सर्दी के बाद गर्मी और उसके बाद बरसात फिर सर्दी का बदलता क्रम देह में बदलाव के साथ ही प्रसन्नता प्रदान करता है। बसन्त पंचमी का दिन सरस्वती जी की साधना को अर्पित ज्ञान का महापर्व है। शास्त्रों में भगवती सरस्वती की आराधना व्यक्तिगत रूप में करने का विधान है। किंतु आजकल सार्वजनिक पूजा-पाण्डालों में देवी सरस्वती की मूर्ति स्थापित कर पूजा करने का रिवाज चल पड़ा है। मां सरस्वती का प्रिय रंग पीला है। इसलिए उनकी मूर्तियों को पीले वस्त्र, फूल पहनाए जाते हैं। देश में लोग बसंत पंचमी पर पीले कपड़े पहन कर विद्या की देवी मां सरस्वती की वंदना मंत्र का उच्चारण कर उनकी पूजा करते हैं। माना गया है कि माघ महीने की शुक्ल पंचमी से बसन्त ऋतु का आरंभ होता है। फाल्गुन और चैत्र मास बसन्त ऋतु के माने गए हैं। फाल्गुन वर्ष का अंतिम मास है और चैत्र पहला। इस प्रकार हिंदू पंचांग के वर्ष का अंत और प्रारंभ बसन्त में ही होता है। इस ऋतु के आने पर सर्दी कम हो जाती है। मौसम सुहावना हो जाता है। पेड़ों में नए पत्ते आने लगते हैं। सरसों के फूलों से भरे खेत पीले दिखाई देते हैं। अतः राग रंग और उत्सव मनाने के लिए यह ऋतु सर्वश्रेष्ठ मानी गई है। ग्रंथों के अनुसार देवी सरस्वती विद्या, बुद्धि और ज्ञान की देवी हैं। अमित तेजस्विनी व अनंत गुणशालिनी देवी सरस्वती की पूजा-आराधना के लिए माघमास की पंचमी तिथि निर्धारित की गयी है।

आखिरी सप्ताह में बाजी पलटने के संकेत

डॉ. ज्ञान पाठक

दिल्ली चुनाव प्रचार 5 फरवरी को होने वाले मतदान से पहले 3 फरवरी को समाप्त होने वाले अंतिम सप्ताह में प्रवेश कर गया है। चुनाव प्रचार की शुरुआत में भाजपा आक्रामक और आप के राजनीतिक कथानक पर हावी दिख रही थी, लेकिन अब जब चुनाव प्रचार अपने चरम पर पहुंच रहा है, तो भाजपा रक्षात्मक हो गई है और अनजाने में अपने ही राजनीतिक जाल में फंस गयी है। चुनाव प्रचार की शुरुआत में भाजपा ने दो खास रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित किया - पहला, भ्रष्टाचार के लिए आप नेतृत्व को निशाना बनाना और दिल्ली के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले मुफ्तखोरी में सरकारी खजाने को भारी नुकसान पहुंचानाय और दूसरा, कांग्रेस पर इस बात पर जोर देकर निशाना साधना कि इंडिया ब्लॉक टूट रहा है।

कांग्रेस और आप ने इंडिया ब्लॉक का हिस्सा होने के बावजूद दिल्ली चुनाव अपने दम पर लड़ने का फैसला किया, जिससे भाजपा को उम्मीद थी कि उनके अलग होने से भाजपा विरोधी वोट बंट जायेंगे, जिसका फायदा भाजपा को होगा। उनका ऐसा सोचना सही था, लेकिन कांग्रेस को निशाना बनाने की उनकी रणनीति गलत साबित हुई, क्योंकि कांग्रेस को कमजोर करने के प्रयासों ने भाजपा विरोधी वोटों को और अधिक विभाजित करने की कांग्रेस की क्षमता को कम कर दिया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए भाजपा ने इस बात पर जोर दिया कि इंडिया ब्लॉक टूट रहा है। उसने हमेशा ब्लॉक के अन्य राजनीतिक दलों का हवाला देते हुए ऐसा कहा। भाजपा के इस तरह के अभियान ने हालांकि कांग्रेस की संभावनाओं को नुकसान पहुंचाया, लेकिन इसने उसके विरोधी आप को मजबूत किया। इंडिया ब्लॉक के भीतर जो कुछ हुआ, जैसे कि कांग्रेस और आप का अलग होना, शुरू में दोनों इंडिया ब्लॉक पार्टियों की चुनावी संभावनाओं को नुकसान पहुंचाने वाला माना गया।

इसलिए भाजपा ने ब्लॉक में हुए विभाजन के लिए आप और कांग्रेस दोनों को ही खराब रोशनी में पेश करने की पूरी कोशिश की। हालांकि, जब तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), समाजवादी पार्टी (एसपी) जैसे अन्य राजनीतिक दल खुलकर आप के पक्ष में आ गये, तो स्थिति बदल गयी। कांग्रेस और भी कमजोर हो गयी, एक तो इसलिए क्योंकि वह भाजपा के निशाने पर थी, और दूसरा इसलिए क्योंकि दिल्ली के मतदाताओं को यह स्पष्ट संकेत मिल गया कि कांग्रेस दिल्ली चुनाव में इंडिया ब्लॉक सहयोगियों के बीच भी अलग-थलग पड़ गयी है। यह आप से सत्ता छीनकर दिल्ली चुनाव जीतने की भाजपा की राजनीतिक संभावनाओं के खिलाफ गया, क्योंकि भाजपा नेतृत्व भाजपा विरोधी मतों के विभाजन की उम्मीद कर रहा था। शुरू में, भाजपा को उम्मीद थी कि कांग्रेस 2020 के विधानसभा चुनावों में मिले 5 प्रतिशत से भी कम वोट शेयर को बढ़ाकर लगभग 15 प्रतिशत करने में सक्षम होगी, जिससे भाजपा की जीत का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। हालांकि, दिल्ली में तेजी से बदलते राजनीतिक परिदृश्य में, कांग्रेस की चुनावी संभावना उस स्तर तक नहीं बढ़ सकी, जिसकी भाजपा को उम्मीद थी, जिसके लिए भाजपा की अपनी रणनीतिक गलतियां भी जिम्मेदार हैं। दूसरे शब्दों में, भाजपा ने अपनी संभावनाओं को खुद ही नुकसान पहुंचाया। दूसरी ओर, टीएमसी और एसपी द्वारा दिल्ली में न केवल आप का समर्थन करने, बल्कि उसके उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने के फैसले ने भाजपा विरोधी वोटों में विभाजन की संभावना को काफी हद तक कम कर दिया है, जिनमें से अधिकांश अभी भी आप के साथ हैं, और केवल एक छोटे से हिस्से के कांग्रेस की ओर जाने की संभावना है। आप के पक्ष में इंडिया ब्लॉक सहयोगियों का कदम वास्तव में कांग्रेस के खिलाफ नहीं है, बल्कि भाजपा के खिलाफ लक्षित है, वह भी एकजुट होकर। इसलिए, जमीनी स्तर पर राजनीतिक स्थिति से पता चलता है कि चुनावी लड़ाई मुख्य रूप से आप और भाजपा के बीच लड़ी जा रही है, और कांग्रेस राजनीतिक लड़ाई के किनारे पर है।

राशिफल

मेष:- समस्याओं के समाधान हेतु मन नयी-नयी युक्तियों पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

बृषभ:- स्वयं पर भरोसा रख योजनाओं को सुचारू रुप से क्रियान्वित करें। सगे-संबंधों में सरल व व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। अर्थाभाववश चिंता संभव।

मिथुन:- किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध से मन हतोत्साहित होगा। संबंधों के प्रति कुछ नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन में उत्साह का संचार होगा।

कर्क:- कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

सिंह:- किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी किंतु कायरे को समय से पूर्ण करें।

कन्या:- कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। पेशे संबंधी कोई यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार बनेंगे।

तुला:- मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में संतुलित वाणी का प्रयोग करें। कोई हितैषी बिगड़े हुए संबंधों को सुधरवायेगा। रोजगार में अपनी क्षमता का लाभ उठाएंगे।

वृश्चिक:- सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु संतुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में सगे-संबंधियों का सहयोग प्राप्त होगा।

धनु:- नये समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय में संतुलन बनाने का प्रयत्न करें। महत्वपूर्ण कायरे में आलस्य का त्याग करें।

मकर:- कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम सार्थक होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

कुंभ:- पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता से प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कायरें की व्यस्तता रहेगी। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्क रहें।

मीन:- क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें।

नैतिकता को खोखला करता एकल परिवारों का चलन

प्रियंका सौरभ

पारंपरिक संयुक्त परिवारों में दादा-दादी, चाचा और चाची ने कहानी सुनाने, सलाह देने, पहचान देने और सामूहिक भावना जैसे मूल्यों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एकल परिवारों के साथ, यह अंतर-पीढ़ीगत सम्बंध कमजोर हो गया है, जिससे बच्चों के विभिन्न दृष्टिकोणों के संपर्क में आने पर रोक लग गई है। कन्फ्यूशियस ने सद्गुण की पहली क्षमता के रूप में अपने परिवार के सदस्यों पर जोर दिया। बहु-पीढ़ीगत जीवन की गिरावट भी इस नैतिक शिक्षा को कमजोर कर सकती है। एकल परिवारों में, माता-पिता मूल्यों की आपूर्ति का पूरा बोझ उठाते हैं, नियमित रूप से पेशेवर प्रतिबद्धताओं के साथ इसे जोड़ते हैं। इससे समय की कमी या तनाव के कारण कमी आ सकती है।

औरत-मर्द और बच्चे के एकल परिवारों के चलन ने समय के साथ विभिन्न सामाजिक समूहों को बेहद प्रभावित किया है। इसके साथ सामाजिक नैतिकता और भारतीय परिवारों की पारंपरिक मूल्य भी छिन्न-भिन्न हो रहे हैं। शहरीकरण, वित्तीय दबाव और व्यक्तिवादी जीवन शैली के कारण हुए इस बदलाव ने मूल्यों को हस्तांतरित करने के तरीके को बदल दिया है। हालांकि एकल परिवार स्वतंत्रता और निजी विकास को प्रोत्साहित करते हैं लेकिन उन्हें सांस्कृतिक और नैतिक मूल्य बनाए रखने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सामाजिक मूल्यों को विकसित कर एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक उसे पहुंचाने में परिवार नामक संस्था की भूमिका सीमित कर दी गई है।

पारंपरिक संयुक्त परिवारों में दादा-दादी, चाचा और चाची ने कहानी सुनाने, सलाह देने, पहचान देने और सामूहिक भावना जैसे मूल्यों को लागू करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। एकल परिवारों के साथ, यह अंतर-पीढ़ीगत सम्बंध कमजोर हो गया है, जिससे बच्चों के विभिन्न दृष्टिकोणों के संपर्क में आने पर रोक लग गई है। कन्फ्यूशियस ने सद्गुण की पहली क्षमता के रूप में अपने परिवार के सदस्यों पर जोर दिया। बहु-पीढ़ीगत जीवन की गिरावट भी इस नैतिक शिक्षा को कमजोर कर सकती है। एकल परिवारों में, माता-पिता मूल्यों की आपूर्ति का पूरा बोझ उठाते हैं, नियमित रूप से पेशेवर प्रतिबद्धताओं के साथ इसे जोड़ते हैं। इससे समय की कमी या तनाव के कारण कमी आ सकती है। शहरी एकल परिवार सहानुभूति या धैर्य की कोचिंग पर शैक्षिक पूर्ति को प्राथमिकता दे सकते हैं, जिससे बच्चों में व्यक्तिवादी दृष्टिकोण पैदा होता है। एकल परिवार स्वायत्तता, निर्णय लेने और व्यक्तिगत जिम्मेदारी जैसे मूल्यों को बढ़ावा देते हैं, जो वर्तमान सामाजिक मांगों के साथ संरेखित होते हैं। जॉन स्टुअर्ट मिल ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता को व्यक्तिगत और सामाजिक प्रगति के लिए आवश्यक गुणों के रूप में महत्त्व दिया, जिसे एकल परिवार प्रभावी रूप से बेचते हैं। एकल परिवार अक्सर अपने परिवार की ज़रूरतों को प्राथमिकता देते हैं, जिससे निःस्संदेह सामूहिक मूल्यों जैसे साझा करना, त्याग करना और आपसी सहायता के प्रति जागरूकता कम हो जाती है, जो संयुक्त परिवार व्यवस्था के लिए आवश्यक थे। त्योहार, जो कभी संयुक्त परिवारों में सांस्कृतिक बंधन को मजबूत करते थे, अब एकांत में मनाए जाने लगे हैं। जबकि पारंपरिक व्यवस्थाएँ कमजोर होती जा रही हैं, एकल परिवार शिक्षा के लिए स्कूलों, साथियों के समूहों और आभासी प्रणालियों पर अधिक से अधिक निर्भर होते जा रहे हैं। हालाँकि, निजी सलाह की कमी से नैतिक विकास में भी कमी आ सकती है। एकल परिवारों में, एक से अधिक पदों के मॉडल की अनुपस्थिति बच्चों की कई गुणों को देखने और उनका अध्ययन करने की क्षमता को भी सीमित कर सकती है। एकल परिवारों के बढ़ते जोर ने मूल्यों को विकसित करने में परिवार की स्थिति को नया रूप दिया है। स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हुए, यह अक्सर विस्तारित परिवारों द्वारा प्रदान की गई सामूहिक जानकारी और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जागरूकता को कम करता है। इस अंतर को पाटने के लिए एकल परिवारों को सुखद पालन-पोषण, नेटवर्क कनेक्शन को बढ़ावा देने और जिम्मेदारी से आधुनिक उपकरणों का लाभ उठाने पर जोर देते हुए सचेत रूप से अनुकूलन करना चाहिए। जैसा कि कन्फ्यूशियस ने कहा, ÷राज्य की ऊर्जा घर की अखंडता से प्राप्त होती है,÷ इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि परिवार, चाहे किसी भी संरचना में हों, नैतिक नागरिकों को आकार देने के लिए मूल्यवान बने रहते हैं। एकल परिवार-परिवार प्राइमेट मानव समाज की ÷जैविक÷ घटना है। यह मानव विकास के विकासवादी संग्रह में एक अनुकूल रूप नहीं है और न ही आर्थिक समाज की उपयोगी चीज है। बल्कि यह मानव समय और सामाजिक स्थान में लगभग प्रथागत है। इसका केंद्र पति-पत्नी और माता-पिता-बच्चों की एक इकाई है। इसका सामान्य रूप अक्सर मृत्यु या परित्याग या संतान की हानि के कारण ग़लत हो जाता है, लेकिन इसका मॉडल रूप अधिकतम स्थिर होता है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
स्थानीय संपादक आर.बी. सिंह, संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788

सर्राफा एसोसिएशन ने उधारी लेकर चंपत हुए व्यापारी की एसपी से की शिकायत

महोबा, समृद्धि न्यूज।

व्यापार में उधारी लेंन देंन करना आम बात है पर व्यापारियों को यह प्रक्रिया उस वक्त जहर बनती है जब कोई व्यापारी उधारी दे और फिर उसकी मांग करने पर उसे बेज्जित होना पड़े व परेशानियां झेलनी पडे तो समाज मे इससे शर्मनाक बात क्या होगी।

ऐसा ही कुछ मामला जनपद में देखने को मिला जब एक व्यापारी द्वारा सर्राफा बाजार के सोने चांदी के व्यापारियों से उधार लिया और जब उनके द्वारा उधारी की धनराशि मांगी गई तो उक्त व्यापारी द्वारा अपने सहयोगियों और रिस्तेदारो से अपमानजनक शब्दो का प्रयोग और गंभीर मुकदमे में फसाने की धमकी भी दे डाली इतना ही नही उक्त व्यापारी ने अपनी पत्नी से ही एक व्यापारी के विरुद्ध छेड़खानी की शिकायत भी कर डाली। जिससे आहत हो सर्राफा एसोसियन ने जनपद के पुलिस अधीक्षक के दर पर पहुँच उक्त व्यापारी के विरुद्ध शिकायती पत्र सौप कार्यवाही की मांग की है।

मामला जनपद के मुख्यालय स्थित सदर सर्राफा बाजार का है जहाँ पर तीन वर्ष पूर्व जनपद जालोन के कोच निवासी श्यामू सोनी पुत्र कमलेश सोनी ने तमराई बाजार में सोने चांदी की दुकान डाल महिला जिला चिकित्सालय के सामने किराए पर निवास बना रहने लगा। कुछ दिन बीतने पर उसकी बाजार के व्यापारियों से लेन देन होने लगा सर्राफा एसोसियन ने जनपद के पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में उल्लेख करते हुए बताया कि उक्त श्यामू द्वारा सर्राफा व्यापारी कमलेश सोनी, शैलेन्द्र सोनी, सुरेंद्र सोनी, दशरथ सोनी, संतोष सोनी, जागेश्वर सोनी, से लगभग 10 लाख रु. के कीमत के सोने चांदी के आभूषणों की उधारी ले ली और अचानक दुकान बंद कर दी। जब पीड़ित ब्यापारियों द्वारा पैसे की मांग की तो उक्त ब्यापारी श्यामू सोनी टालता रहा पर किसी का कोई पैसा वापिस नही किया और एक दिन किराए का मकान भी खाली कर गायब हो गया। जब उधारी दाता ब्यापारियों द्वारा फोन पर उधारी मांगी तो उक्त व्यापारी श्यामू और उनके साथी सुधीर सोनी कुरारा हमीरपुर राकेश सोनी श्रीनगर द्वारा जान से मारने व महिला द्वारा छेड़खानी का मुकदमा लिखवाने की धमकी दी जाने लगी। सर्राफा एसोसियन ने बताया कि जब पैसे की फिर मांग की तो उक्त व्यापारी श्यामू द्वारा अपनी पत्नी से कमलेश सोनी पुत्र रामाधार सोनी फर्म प्रियंका ज्वेलर्स महोबा के नाम छेड़खानी की शिकायती भी करवाई गई ताकि उधारी न देना पड़े। व्यापारियों ने बताया कि उक्त ब्यापारी के विरुद्ध 26 ,28 व 27 जनवरी 2025 को भी दिया गया।

व्यापारियों ने 31 जनवरी को भी पुनः शिकायती पत्र जनपद के पुलिस अधीक्षक को एक दर्जन से अधिक सर्राफा एसोसियन के पदाधिकारियों ने पीड़ित व्यापारियों के साथ सौप उक्त लोगो के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने व उधारी का पैसा दिलाये जाने की मांग की है।ब्यापारियों ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने उक्त व्यापारी से पैसा दिलाने व कड़ी कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

देवी मंदिर की स्थापना दिवस पर पूजा अर्चना के साथ निकली प्रभात फेरी

घाटमपुर समृद्धि न्यूज।

बुधवार को श्री शक्ति डिग्री कॉलेज शाखाहारी में देवी श्री शक्ति के मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने माता जी की आरती पूजन की और माता के जयकारों के साथ छात्र-छात्रा ने गांव शाखाहरी मे स्थित सभी मंदिरों में फेरी लगा कर के दर्शन किए । श्री शक्ति मंदिर में छात्राओं के साथ गांव की महिलाओं ने देवी जी के भजन और गीत भी गए श्री शक्ति मंदिर में छात्रों के साथ गांव की महिलाओं ने भी देवी जी के भजन और गीत गाये। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के संस्थापक और बैंक ऑफ़ बड़ौदा के पूर्व निदेशक श्री रमेश चंद्र त्रिवेदी जी के द्वारा देवी जी की आरती कर किया गया।

इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक विनय त्रिवेदी जी ने कहा कि भारतीय समाज में महिलाओं का स्थान प्राचीन काल से ही अत्यंत सम्मानित रहा है और श्री शक्ति माता का मंदिर समाज में माता के स्थान को उच्चतम स्थान को बताता है। कॉलेज प्रबंधक ने बताया कि हमारे ग्रंथों मे कहा गया है कि जिस घर में महिलाओं की पूजा और आदर सम्मान होता है उसे घर में देवी देवता विराजमान रहते हैं। इस अवसर पर छात्रों द्वारा फूलों से मंदिर का भव्य श्रृंगार अपने हाथों से किया गया।

छात्रों ने पूरी रात जग कर माता को स्वयं सजा कर श्री शक्ति के प्रति अपनी आस्था और भक्ति प्रकट की इस अवसर पर लेफ्टिनेंट विवेक त्रिवेदी, दीप्ति सचान, राजकुमार शर्मा, राउनंदन विद्यार्थी, सुभाष सिंह, सत्यनारायण पटेल, पुनीत द्विवेदी, श्याम जी शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को मोमेन्टों प्रदान कर एसपी ने दी विदाई

महोबा, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा उ.प्र. पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों की यादगार विदाई हेतु पुलिस कार्यालय में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा उ.प्र. पुलिस सेवा से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को उनके परिवारीजनों की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह, शॉल, उपहार व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया तथा पुलिस सेवा में रहते हुये उनके द्वारा की गयी विभिन्न सराहनीय सेवाओं को याद करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य, सुखमय जीवन व उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाओं के साथ भावुक विदाई दी गयी। सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों में उ.नि. वासुदेव दुबे, मुख्य आरक्षी सशस्त्र मुन्ना लाल शामिल है द्य विदाई समारोह के अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, प्रधान लिपिक शशि तोमर, पीआरओ अरविन्द सिंह गौर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

पुलिस की मौजूदगी में प्रेमी-प्रेमिका ने रचायी शादी

राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।

शुक्रवार को एक प्रेमी युगल कोतवाली पहुंचकर पुलिस की मौजूदगी में मंदिर में एक दूसरे को बरमाला पहनाकर शादी रचा ली। कस्बे के बुधौलियाना निवासी रंजना कुशवाहा पुत्री बबलू का मोहल्ले के अजय कुशवाहा पुत्र भवानीदीन के साथ तीन वर्षों से प्रेम प्रसंग प्रसंग चल रहा था। इस दौरान उन्होंने साथ जीने मरने की कसम भी खाईं। लेकिन स्वजनों द्वारा सहमति न मिलने पर वह अपने प्रेम प्रसंग को विवाह तक ले जाने का निर्णय नहीं ले पा रहे थे। इस दौरान 15 दिन पहले रंजन अपने प्रेमी के घर जा पहुंची और शादी करने का दवाब बनाया। जिसे स्वजनों ने किसी तरह समझा बुझा कर घर भेज दिया। दोनों प्रेमी युगल कोतवाली पहुंच गए और पुलिस से अपना प्रेम विवाह कराने की मांग करने लगे।

इस दौरान पुलिस द्वारा किसी भी तरह की प्रतिक्रिया न देने पर उन्होंने कस्बे के पड़ाव चौराहा के समीप स्थित शक्ति मंदिर में पहुंच एक दूसरे के गले में वरमाला पहना व प्रेमी ने प्रेमिका की मांग भर अपने दांपत्य जीवन की शुरुआत की।

नलकूप आपरेटर के सेवानिवृत्त होने पर सहकर्मियों ने समारोह आयोजित कर दी विदाई

घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश नलकूप खंड प्रथम कानपुर में आपरेटर अनुभाग में तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत शाखा जनवारा से सेवानिवृत्त हो नलकूप आपरेटर रामबाबू गुप्ता का 31 जनवरी 2025 दिन शुक्रवार को सहकर्मियों द्वारा बिदाई सम्मान समारोह का आयोजन कढ़ियन ताला मे आयोजित किया गया। जिसमें सहकर्मियों ने सेवानिवृत्त हो रहे रामबाबू गुप्ता का। माल्यार्पण व साल भेंटकर और मुंह मीठा कराकर उन्हें भीगीं आंखों विदाई दी। इस मौके पर बदले सिमनापुर से ग्राम प्रधान पति बाबूजी एवं ग्राम पंचायत– मकरंदपुर से ग्राम प्रधान– निषाद जी तथा जिलेदार तृतीय श्री बी एल वर्मा, और सींच पर्यवेक्षक लालाराम व पूर्व सींच पर्यवेक्षक महाराज सिंह यादव, प्रहलाद सिंह कर्णधार, पूर्व नलकूप चालक बाबूराम प्रजापति, शिवकान्त सैनी, कार्यरत नलकूप चालक श्री मनोज कुमार ,पंकज सिंह , उमाशंकर मिश्र, सौरभ नामदेव, अखिलेश, अवर अभियंता रवि, सेक्सन मिस्त्री गेन्दालाल, एवं क्षेत्रीय किसानों ने समान समारोह में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

घाटमपुर नगर पालिका बोर्ड की बैठक में सीमा विस्तार का प्रस्ताव पास

घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।

पालिका परिषद घाटमपुर में गुरुवार को बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सीमा विस्तार के प्रस्ताव पर अधिकार सभासदों द्वारा सहमति प्रदान की गई। स्टेडियम के लिए खेल विभाग की भूमि देने एवं नवनिर्मित नीलामी में लगी दुकानों के किराए के सम्बन्ध में चार प्रस्ताव में तीन प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए। सीमा विस्तार प्रस्ताव में ग्राम पंचायत जाजपुर, जैतीपुर, वीरपुर, जगन्नाथपुर, गुच्चूपुर, फरीदपुर, गोपालपुर, पलटूपुर, अंबर सिंह का डेरा,गोकुलगंज, बंग्ला रायपुर, सर्देपुर, ग्राम पंचायत स्योंदी ललईपुर , लखनीपुर, नारायणपुर, भदरस, अलादादपुर, इस्माइलपुर, राजेपुर, बलरामपुर, के समस्त ग्राम सभा मजरा, घाटों को सर्वसम्मति से नगर पालिका में शामिल करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस दौरान मौके पर मौजूद सभासदों ने अपने अपने वार्ड की समस्याओ के साफ सफाई एवं समस्याओं की बात भी रखखी। गाटा संख्या 788 और 797 को अधिकतम मुक्त कराकर विश्वकर्मा पार्क विकसित करने एवं गाटा संख्या 464 में स्वामी विवेकानंद पार्क का प्रस्ताव भी सर्व सम्मति से पारित किया गया। इस दौरान मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष गजाला तबस्सुम, अधिशासी अधिकारी डॉ महेंद्र कुमार, एवं सभी वार्ड के सभासद मौके पर मौजूद रहे।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

महाकुम्भ मेला–2025 के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार हैः–

दिनांक 03.02.2025 (सोमवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

विशेष गाड़ी सं.	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	ठहराव
04210	प्रयागराज संगम	11:15	जौनपुर	14:00	प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन
04209	जौनपुर	14:15	प्रयागराज संगम	17:15	
04202	प्रयागराज संगम	12:20	आलमनगर	17:00	प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन
04201	आलमनगर	19:15	प्रयागराज संगम	23:25	
04206	प्रयागराज संगम	13:30	अयोध्या कैंट	17:00	माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04205	अयोध्या कैंट	08:45	प्रयागराज संगम	12:15	
04229	प्रयाग जं.	21:10	अयोध्या कैंट जं.	01:55	फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन
04271	फाफामऊ	13:00	जौनपुर जं.	16:20	थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई, मड़ियाहूँ एवं जफ़राबाद जं. स्टेशन
04293	प्रयाग जं.	20:20	लखनऊ	02:00	फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरारोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुण्डाहरनाम गंज, गढ़ी मानिकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊंचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर, रायबरेली, गंगागंज, हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराजनगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलालगंज और उतरेटिया जं. स्टेशन
04219	प्रयाग जं.	05:35	अयोध्या धाम जं.	10:30	फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा, अयोध्या कैंट जं. एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन
04225	प्रयाग जं.	13:55	अयोध्या कैंट जं.	18:55	फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन
04233	प्रयाग जं.	09:40	अयोध्या धाम जं.	15:05	फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन
04251	प्रयाग जं.	20:30	अयोध्या कैंट	23:55	फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04252	अयोध्या कैंट	15:45	प्रयाग जं.	19:55	
04253	फाफामऊ जं.	11:15	अयोध्या कैंट	14:45	माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04254	अयोध्या कैंट	06:15	फाफामऊ जं.	10:15	
04255	प्रयाग जं. (रिंग रेल)	05:35	प्रयाग जं. (रिंग रेल)	21:30	फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला, खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी, सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली, रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन
02275	सूबेदार गंज	21:35	दिल्ली जं.	08:55	फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं., एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन
05011	गोरखपुर जं.	14:30	अयोध्या कैंट	19:35	सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायन छपिया, मसकनवाँ, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं.
05012	अयोध्या कैंट	21:50	गोरखपुर जं.	04:30	अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., मसकनवाँ, स्वामी नारायन छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, मगहर एवं सहजनवा स्टेशन
05078	गोण्डा जं.	21:40	अयोध्या धाम जं.	23:50	बरुआ चक, मोतीगंज, झिलाही, मनकापुर जं., टिकरी, नवाबगंज गोंडा, कटरा एवं रामघाट हॉल्ट स्टेशन
04117	प्रयागराज जं.	22:20	अयोध्या कैंट	03:30	प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04118	अयोध्या कैंट	05:15	प्रयागराज जं.	10:15	सुल्तानपुर, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं., देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं प्रयाग स्टेशन
04111	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	06:00	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	18:50	प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन
04112	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	06:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	21:00	
04113	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	17:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	07:45	प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन
04114	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	17:45	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	08:00	
04120	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	13:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	04:00	प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं. जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन
05178	झूँसी जं.	14:15	गोरखपुर जं.	22:55	हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेल्थरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन
05186	प्रयागराज रामबाग	08:30	गोरखपुर जं.	18:00	झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन
05157	छपरा	12:30	झूँसी जं.	20:40	सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जंक्शन, चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, नंदगंज, औंरिहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और हंडिया खास स्टेशन
05130	झूँसी जं.	13:30	छपरा	21:30	हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंरिहार जं., नंदगंज, गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, करीमुद्दीन पुर, चित बड़ागांव, फेफना जंक्शन, बलिया, बांसडीह रोड, सहतवार एवं सुरेमनपुर स्टेशन
05163	थावे जं.	15:30	झूँसी जं.	02:45	गोपालगंज, मांझागढ़, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, राजापट्टी, मसरख, शाम कौड़िया, मढ़ौरा, पटेरही, खैरा, छपरा कचहरी, छपरा, सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन।
05164	झूँसी जं.	10:00	थावे जं.	20:30	
05125	छपरा	10:05	प्रयागराज रामबाग	18:35	सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, नंदगंज, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास एवं झूसी जं. स्टेशन
05126	प्रयागराज रामबाग	21:55	छपरा	06:30	
05121	दोहरीघाट	08:00	प्रयागराज रामबाग	16:45	मुरादपुर (हॉल्ट), अमिला, घोसी, कोपागंज, इंदारा जं., मऊ जं., पनियरा, पिपरी डीह, नायक डीह, दुल्लहपुर, जखनियां, हुरमुजपुर हाल्ट, सादात, माहपुर, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास और झूसी स्टेशन
05122	प्रयागराज रामबाग	21:45	दोहरीघाट	06:00	
05162	झूँसी जं.	18:30	भटनी जं.	01:10	हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंड़िहार जंक्शन, सादात, जखनियां, दुल्लहपुर, मऊ जं., इंदारा जं., चक्र रोड, कीडिहरापुर, गोबिंदपुर दुगली, बेल्थरा रोड, तुरती पार, लार रोड, सलेमपुर जं. और पिवकोल स्टेशन
05004	गोरखपुर जं.	21:30	झूँसी जं.	06:00	चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन
05003	झूँसी जं.	07:45	गोरखपुर जं.	16:25	
07110	बनारस	17:30	नरसापुर	05:00	वाराणसी, काशी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., चन्दौली मझवार, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन, सोन नगर जं., जपला, गढ़वा रोड जं, डालटनगंज, बरवाडीह जं., लातेहार, टोरी, बरकाकाना जं., मूरी, रांची, हटिया, राउरकेला, झारसुगुड़ा जं., सम्बलपुर, बरगढ़ रोड, बलांगीर, टिटिलागढ जं., केसिंगा, मुनिगुड़ा, रायगड़, पार्वतीपुरम, बोब्बिलि जं., विजयनगरम जं., कोत्तावलसा जं., पेन्दुर्ति, उत्तर सिम्हाचलम, दुव्वाडा, अनकापल्ली, एलमंचिली, अन्नवरम, सामलकोट जं., राजमंड्री, निडदवोलु जं., तणुकु एवं भीमवरम जं. स्टेशन

दिनांक 04.02.2025 (मंगलवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

विशेष गाड़ी सं.	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	ठहराव
04210	प्रयागराज संगम	11:15	जौनपुर	14:00	प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन
04209	जौनपुर	14:15	प्रयागराज संगम	17:15	
04202	प्रयागराज संगम	12:20	आलमनगर	17:00	प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन
04201	आलमनगर	19:15	प्रयागराज संगम	23:25	
04206	प्रयागराज संगम	13:30	अयोध्या कैंट	17:00	माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04205	अयोध्या कैंट	08:45	प्रयागराज संगम	12:15	
04229	प्रयाग जं.	21:10	अयोध्या कैंट जं.	01:55	फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन
04271	फाफामऊ	13:00	जौनपुर जं.	16:20	थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई, मड़ियाहूँ एवं जफ़राबाद जं. स्टेशन
04293	प्रयाग जं.	20:20	लखनऊ	02:00	फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरारोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुण्डाहरनाम गंज, गढ़ी मानिकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊंचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर, रायबरेली, गंगागंज, हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराजनगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलालगंज और उतरेटिया जं. स्टेशन
04233	प्रयाग जं.	09:40	अयोध्या धाम जं.	15:05	फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन
04251	प्रयाग जं.	20:30	अयोध्या कैंट	23:55	फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04252	अयोध्या कैंट	15:45	प्रयाग जं.	19:55	
04253	फाफामऊ जं.	11:15	अयोध्या कैंट	14:45	माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04254	अयोध्या कैंट	06:15	फाफामऊ जं.	10:15	
04255	प्रयाग जं. (रिंग रेल)	05:35	प्रयाग जं. (रिंग रेल)	21:30	फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला, खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी, सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली, रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन
02417	सुबेदारगंज	21:35	दिल्ली जं.	08:55	फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन
02276	दिल्ली जं.	09:30	सुबेदारगंज	19:40	अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविन्दपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन
05011	गोरखपुर जं.	14:30	अयोध्या कैंट	19:35	सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायन छपिया, मसकनवाँ, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं.
05012	अयोध्या कैंट	21:50	गोरखपुर जं.	04:30	अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., मसकनवाँ, स्वामी नारायन छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, मगहर एवं सहजनवा स्टेशन
05078	गोण्डा जं.	21:40	अयोध्या धाम जं.	23:50	बरुआ चक, मोतीगंज, झिलाही, मनकापुर जं., टिकरी, नवाबगंज गोंडा, कटरा एवं रामघाट हॉल्ट स्टेशन
05077	अयोध्या धाम जं.	00:45	गोण्डा जं.	03:30	
04117	प्रयागराज जं.	22:20	अयोध्या कैंट	03:30	प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04118	अयोध्या कैंट	05:15	प्रयागराज जं.	10:15	सुल्तानपुर, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं., देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं प्रयाग स्टेशन
04111	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	06:00	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	18:50	प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन
04112	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	06:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	21:00	
04113	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	17:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	07:45	प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन
04114	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	17:45	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	08:00	
04120	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	13:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	04:00	प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं. जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन
05158	झूँसी जं.	06:30	भटनी जं.	14:50	हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंडिहार जं., सादात, जखनियां, दुल्लहपुर, मऊ जं., इंदारा जं., चकरा रोड, कीड़िहरापुर, दुगली, गोबिंदपुर, बेलथरा रोड, तुरतीपार, लार रोड, सलेमपुर जं. और पिवकोल स्टेशन
05164	झूँसी जं.	10:00	थावे जं.	20:30	गोपालगंज, मांझागढ़, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, राजापट्टी, मसरख, शाम कौड़िया, मढ़ौरा, पटेरही, खैरा, छपरा कचहरी, छपरा, सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन।
05004	गोरखपुर जं.	21:30	झूँसी जं.	06:00	चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन
05003	झूँसी जं.	07:45	गोरखपुर जं.	16:25	

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

प्रभारी मंत्री ने किया सड़क सुरक्षा माह का समापन

उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रशास्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

सड़क हादसो को रोकने के लिये चलाये जा रहे 1 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह अन्तर्गत परिवहन विभाग के तत्वाधान में कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार मे प्रशास्ति पत्र वितरण एंव समापन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जनपद प्रभारी मंत्री/कारागार मंत्री सुरेश राही एंव जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बूके एंव स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि कारागार मंत्री श्री राही ने जागरुक करते हुये कहा कि सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों को सर्वप्रथम अपनी जिम्मेदारी को समझकर चलना होगा। ताकि इनसे कोई लोग हताहत न हो। किसी की जान एक छोटी सी लापरवाही से जा सकती है। सावधानी हटी और दुर्घटना घटी। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन हमें स्वयं करना होगा। हेलमेट-सीटबेल्ट पहनने को अपनी आदत मे बनायें। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि जीवन अनमोल है। इसे बचाना आवश्यक है इसके लिए सड़क सुरक्षा आम लोगों के लिए अनिवार्य है। तमाम नागरिकों का यह कर्तव्य बनता है कि गलत ढंग से सड़कों पर चलने वाले लोगों को जागरूक करें ताकि उनकी जीवन रक्षा हो सके। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि कारागार मंत्री द्वारा 'सड़क पर वाहन चलाने से पहलें सभी सुरक्षा सम्बधी बातो का ध्यान रख सड़क व यातायात नियमों का हमेशा पालन करुगा' की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन जिला स्काउट मास्टर राजेन्द्र त्रिपाठी ने किया। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सडक सुरक्षा माध्यमिक शिक्षा नोड़ल अधिकारी डॉ. पूनम सिंह, आशीष पाठक, जीआईसी प्रधानाचार्य राधेश्याम धीमान, डॉ. जगन्नाथ वर्मा, यातायात प्रभारी रामयतन, वीरेन्द्र कुमार, रेड़ क्रास से शैलेन्द्र प्रताप सिंह, तौहीद खान, सरदार परमजीत सिंह सलूजा, श्याम यादव, अंजू रानी, ऋतु अग्निहोत्री, ऋषि टण्ड़न, शिवम शर्मा, चन्द्रभान सिंह, उमेश चन्द्र, पंकज वर्मा, रवि बाला, अनिल सिंह आदि को प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

नहर में डूबने की झूठी सूचना पर हलकान रही एसडीआरएफ की टीम

राजस्थान में मिली गुमशुदा किशोरी

फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र बडडुपुर अन्तर्गत गांव भगौली तीर्थ निवासनी 18 वर्षीय लक्ष्मी उर्फ जूली के नहर मे डूबने की झूठी सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम उसको खोजने मे शारदा नहर मे तीन दिनो तक परेशान रही।प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना सोमवार साढे चार बजे की है। जब लक्ष्मी अपनी सात वर्षीय बहन पायल के साथ शारदा सहायक नहर के किनारे शौच के लिए गई थी।छोटी बहन ने घर लौट कर यह बताया की शौच के लिए पानी लेते समय लक्ष्मी का पैर फिसल गया और वह नहर में डूब गई।सूचना के बाद तीन दिनो तक स्थानीय गोताखोरों और स्थानीय पुलिस व एसडीआरएफ की टीम चौबिसो घंटे शारदा नहर मे छानबीन करती रही लेकिन किशोरी का कोई सुराग नहीं मिला। शुक्रवार को भगौली तीर्थ चौकी इंचार्ज ने जब गहन जांच व पड़ताल की तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। किशोरी का फोन राजस्थान में लोकेट हुआ और लोगो से पूछताछ में पता चला कि वह अपनी सहेली की मां के साथ राजस्थान घूमने गई है।पुलिस ने बताया की किशोरी को वापस लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। किशोरी के घर लौटने पर ही यह स्पष्ट होगा कि उसने नहर मे डूबने की झूठी कहानी क्यो गढी।

इस घटना ने प्रशासन को झकझोर करकें रख दिया क्योंकि इस एक झूठी सूचना के कारण तीन दिनो तक सरकारी तंत्र को व्यर्थ मे शारदा सहायक नहर मे किशोरी को ढूंढने मे जुटे रहना पड़ा।

कुम्भ से लौट रहा मैजिक लोडर पलटा, बारह लोग घायल

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

प्रयागराज से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी मैजिक लोडर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें सवार करीब एक दर्जन श्रद्धालु घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची बदोसरांय पुलिस ने सभी घायलों को संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में भर्ती कराया। जहां सभी का प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर रूप से घायल चार लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। शुक्रवार को प्रयागराज से लौट रहे सीतापुर जनपद के श्रद्धालुओं से भरा मैजिक लोडर थाना सफदरगंज क्षेत्र के ग्राम मौलाबाद में बदोसरांय मार्ग पर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में मैजिक लोडर पर सवार 10 श्रद्धालु घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष बदोसरांय संतोष कुमार मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद चार गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इनमें बहलोल नगर थाना रामपुर मथुरा, सीतापुर निवासी 40 वर्षीय सबंजीत, 64 वर्षीय प्रेमा देवी, 52 वर्षीय राकेश कुमार, 60 वर्षीय छोटकी और 7 वर्षीय प्रियांशु शामिल हैं। वहीं छह अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। इनमें 40 वर्षीय रामचंद्र, 32 वर्षीय दीपू, 8 वर्षीय मुकेश, 24 वर्षीय सोनू मिश्रा और 6 वर्षीय रागिनी शामिल हैं।

भाकियू ने एसडीओ को सौंपा आठ सूत्रीय ज्ञापन

उपभोक्तों के घर पर लगे विद्युत मीटर से प्रत्येक माह बिल निकाला जाये भगौती प्रसाद वर्मा

मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

भारतीय किसान यूनियन के ब्लाक अध्यक्ष भगौती प्रसाद की अगुवाई मे भाकियू कार्यकर्ताओं ने एसडीओ मसौली को 8 सूत्रीय ज्ञापन सौंप कर समस्याओ के निस्तारण की मांग की है। ज्ञापन मे भाकियू ब्लाक अध्यक्ष भगौती प्रसाद वर्मा ने कहा कि उपभोक्तों के घर पर लगे विद्युत मीटर से प्रत्येक माह बिल निकाला जाय जिससे उपभोक्ताओं मे बिल आदयगी मे दिक्कत न हो इसके आलावा मीटर रीडिंग प्रत्येक माह की जाये क्योकि तीन तीन महीने रीडिंग न होने के कारण बिलो मे गड़बड़ी हो जाती है मसौली से सिकंदरपुर के लिए खींची गयी बिजली चालू कराने की मांग की गयी तथा सैदनपुर मे नये पावर हाउस के निर्माण की मांग की।

भाकियू कार्यकर्ताओ ने बिजली विभाग द्वारा बकायेदार उपभोक्ताओं पर जो बिजली चोरी की कार्यवाही की जाती है उसे तुरंत बंद किया जाये तथा 18 घंटे विद्युत आपूर्ति मे कोई कटौती न की जाये साथ ही बगैर उपभोक्ताओं की जानकारी के लोड न बढ़ाया जाय। विद्युत विभाग द्वारा शहर से उतारे गये विद्युत मीटर को गांव मे लगवाया जाता है जो नियम विरुद्ध है भाकियू कार्यकर्ताओ ने कहा कि 8 फ़रवरी तक समस्याओ का समाधान नही हुआ तो 10 फ़रवरी से आंदोलन किया जायेगा। इस मौक़े पर सिरौलीगौसपुर तहसील अध्यक्ष राम सजीवन वर्मा, ग्राम अध्यक्ष रामलखन वर्मा, राजेंद्र वर्मा, सतेन्द्र वर्मा, अभिषेक अमन, जितेंद्र वर्मा, आकाश वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

ओटीएस योजना में महज दस फीसदी उपभोक्ताओं ने कराया पंजीकरण

जालौन,उरई। बिजली विभाग की ओटीएस योजना के अंतर्गत अब तक मात्र 10 फीसदी उपभोक्ताओं ने ही अपना पंजीकरण कराया है। एसडीओ ने उपभोक्ताओं से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की है। विद्युत उपखंड अधिकारी रामसुधार ने बताया कि इस समय प्रदेश सरकार के निर्देश पर बिजली विभाग द्वारा बकाएदारों की सुविधा के लिए ओटीएस योजना चलाई जा रही है। जिसमें पंजीकरण कराकर उपभोक्ता ब्याज में छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। बताया कि जालौन बिजली घर से जालौन नगर, उदोतपुरा, खकसीस, हदरूख और खांखांखरी उपकेंद्र जुड़े हुए हैं। इन सभी उपकेंद्रों पर 22686 उपभोक्ता का पंजीकरण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

गांधी स्मृति दिवस के समापन पर आज आएंगे बिहार के गर्वनर

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

अरविन्द कुमार सिंह गोप करेगे कार्यक्रम की अध्यक्षता

गांधी स्मृति दिवस का समापन शनिवार को देवा रोड स्थित गांधी भवन में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान गांधी स्मृति व्याख्यान को सम्बोधित करेंगे।

इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे तथा सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को मानव सेवा सम्मान से सम्मनित भी करेंगे। कार्यक्रम में की अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप करेगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उ.प्र. अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बैजनाथ रावत, आचार्य नरेन्द्र देव समाजवादी संस्थान के संयुक्त सचिव नवीन चन्द तिवारी, विजय लक्ष्मी आई हॉस्पिटल के निदेशक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विवेक सिंह वर्मा, पूर्व विधायक सरवर अली खान, देवा शरीफ वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष वासिक रफीक वारसी, वरिष्ठ पत्रकार एवं लोकतंत्र रक्षक सेनानी धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पाण्डेय, पटना के समाजसेवी रंजन शर्मा समेत अन्य प्रबुद्धजन, राजनेता, प्रशासक, अधिवक्ता, चिकित्सक और पत्रकार हिस्सा लेंगे।

खबरें एक नजर में

आरोही और जेबा निबंध में अव्वल, चित्रकला में समिरूल निशा रही प्रथम

बाराबंकी। गांधी स्मृति दिवस के दूसरे दिन जमील उर रहमान इस्लामिया गर्ल्स इं. कालेज और वारिस चिल्ड्रेन एकडमी इंटर कॉलेज के छात्र व छात्राओं ने निबंध लेखन प्रतियोगिता और चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। देवा रोड स्थित गांधी भवन में आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता जूनियर में वारिस चिल्ड्रेन एकडमी इंटर कॉलेज की छात्रा आरोही को प्रथम, आदर्श पाण्डेय को द्वितीय और अशी गुप्ता को तृतीय स्थान मिला। निबंध सीनियर में जमील उर रहमान इस्लामिया गर्ल्स इं. कालेज की छात्रा जेबा को प्रथम, इकरा को द्वितीय और साज़िया को तृतीय स्थान मिला। वहीं चित्रकला प्रतियोगता में जमील उर रहमान इस्लामिया गर्ल्स इं. कालेज की छात्रा समिरूल निशा को प्रथम, साक्षी को द्वितीय और पूनम को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम संयोजक राजनाथ शर्मा ने कहा कि गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट नई पीढ़ी को महात्मा गांधी से जोड़ने और उनके विचारों को आत्मसात करने की एक पहल शुरू की है। ताकि बच्चों का शैक्षिक उन्नयन और उनका सर्वांगीण विकास गांधी दर्शन के जरिए हो सके। इस दौरान पटना से आए समाजसेवी रंजन शर्मा, पूर्व एमएलसी राजेश कुमार यादव, ज्ञान सिंह यादव, सत्यवान वर्मा, पाटेश्वरी प्रसाद, रंजय शर्मा, सीमा, अनुष्का आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

हॉकी प्रतियोगता में गांधी क्लब बना चैंपियन

बाराबंकी। गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट द्वारा आयोजित गांधी स्मृति दिवस के अर्न्तगत शुक्रवार को बंकी स्थित खेल मैदान में खेले जा रहे सद्भावना हॉकी प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस दौरान महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब की चार टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मैच में गांधी क्लब की टीम बी को हराकर गांधी क्लब की टीम ए विजेता बना। पहले मैच में टीम ए ने टीम सी को 3-0 से हराया। दूसरे मैच में गांधी क्लब की टीम बी ने टीम डी को 7-0 से करारी शिकस्त दी। फाइनल मैच में क्लब की टीम ए ने टीम बी को 2-0 से हराकर ने विजेता बनने का गौरव हासिल किया। इसके पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी सतीश जायसवाल ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान क्लब के अध्यक्ष सलाउद्दीन किदवई ने खिलाड़ियों को महात्मा गांधी से जुड़े उनके कई प्रसंग साझा किए तथा उनके किए गए कार्यो का भी उल्लेख किया। फाइनल मैच का शंभारंभ नगर पंचायत बंकी चेयरमैन प्रतिनिधि इमरान खान ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से राकेश कुमार, अयाज अंसारी, विजय अवस्थी, निसार अहमद, विनय कुमार सिंह, साकेत संत मौर्य आदि मौजूद रहे।

राजस्व विभाग के कर्मी की सेवानिवृत पर दी गई विदाई

फतेहपुर बाराबंकी। राजस्व विभाग ने तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रिटायरमेंट पर तहसील सभागार में विदाई समारोह आयोजित किया गया।इस दौरान एसडीएम राजेश कुमार विश्वकर्मा सहित राजस्व कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। फतेहपुर तहसील मे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी विनोद कुमार मूल रुप से मऊ जनपद के घोसी के रहने वाले हैं की नियुक्ति सन 17 दिसंबर 1989 मे इसी तहसील मे डाक रनर के पद पर हुई थी। 30 जनवरी 2025 को वह अधिवर्षता आयु पूर्ण कर अपनी सेवा से निवृत हो गए हैं। उनके दो पुत्र हैं जिसमे बडा बेटा मनीष कुमार दूर संचार विभाग मे इंजीनियर है जो गुजरात के अहमदाबा ने कार्यरत है। दूसरा पुत्र मऊ मे ही पिज्जा शॉप चलाता है।राजस्व कर्मचारियों ने तहसील के लोकसभार में उनका भव्य विदाई समारोह आयोजित कर फूल माला अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर भाविनी विदाई दी।विदाई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम राजेश कुमार विश्वकर्मा ने कहाकि एक न एक दिन सभी को अपनी सेवा से निवृत होना पड़ता है लेकिन बिना बेदाग सेवा से निवृत होना बहुत ही कम लोगों की सेवा पुस्तिका में होता है।इस दौरान तहसीलदार वैशाली अहलावत ने विनोद कुमार को फूल माला प्रतीक चिन्ह टॉर्च देकर विदाई दी।कार्यक्रम के तहसील स्तरीय समस्त राजस्व कर्मी अधिवक्ता व सेवानिवृत हो चुके अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

डालसा सचिव ने बैंकर्स के साथ की बैठक

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान पंकज कुमार सिंह जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की निर्देशन में एवं श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में आठ मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए बैंकर्स फाइनेंसर्स के साथ बैठक की गई। श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन पर प्रकाश डाला गया और इस सम्बन्ध में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी पत्रों पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त प्राप्त कराई गई नोटिसों का तामीला पुलिस प्रशासन द्वारा कराये जाने के भी निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार कराने हेतु भी निर्देशित किया गया एवं सभी बैंकों को बताया गया कि अपने अपने बैंक से एनपीए हुए सभी खातों में से उक्त लोक अदालत मामले चिन्हित करें एवं नोटिस आवश्यक रूप से 15 फरवरी तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी में प्रेषित करें एवं जिससे आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा वादों निस्तारण किया जा सके।

डीएम ने विकास खंड हरख कार्यालय का किया निरीक्षण, गंदगी देख हुए नाराज

मनरेगा सहित अन्य योजनाओं की देखी फाइलें

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

शुक्रवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने विकास खंड हरख कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने विकास खण्ड में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, एपीओ मनरेगा, स्थापना, समाज कल्याण कक्ष, एनआरएलएम, सिक्योर लैब, प्रेरणा कैंटीन, एडीओ पंचायत कक्ष, प्रमुख कक्ष, सभागार सहित पूरे विकास खण्ड परिसर का निरीक्षण किया। डीएम ने विकास खंड परिसर के कार्यालय कक्षों और परिसर में गंदगी देखकर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने सम्बंधित को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि ऑफिस व कक्षों सहित परिसर का कोई भी कोना गन्दा नहीं रहना चाहिए।

जर्जर भवनों को देखकर डीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में सभी कार्यालयों में जहाँ पर भी जर्जर भवन है उन सभी जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण की नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। डीएम ने मनरेगा सहित विभिन्न योजनाओं की फाइलें देखी। कैंटीन में स्वयं सहायता समूह की दीदी से कैंटीन के संचालन के विषय में जानकारी ली। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी प्रीती वर्मा, एडीओ आईएसबी, महिला, सांख्यिकी, पंचायत, एपीओ, स्थापना सहित ब्लॉक प्रमुख एवं समस्त पटल सहायक मौजूद रहे।

प्रधान ने किया शारदा संगोष्ठी का शुभारंभ

मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

परिषदीय विद्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय अमदहा में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान फूलनदेवी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रधान प्रतिनिधि बलजीत सिंह व पूर्व प्रधान गुड्डू मौर्या द्वारा पुरस्कृत किया गया।उच्च प्राथमिक विद्यालय अमदहा के प्रांगण में नन्हें मुन्हे बच्चों ने रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी। शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सभी आगंतुकों व अभिभावकों को जानकारी देते हुए विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अतीकुर्रहमान ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालयों में नामांकन, उपस्थिति एवं ठहराव में वृद्धि के साथ ही विद्यालयों में आत्मीयता, बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन एवं टीम वर्क की भावना विकसित करने तथा विद्यालयी गतिविधियों में अभिभावाकों व समुदाय की सक्रिय भागीदारी से बच्चों को आउट ऑफ स्कूल होने से रोकना है। प्रधानाध्यापक मीना बांसफोर ने सभीअभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय जरूर भेजें।

इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष सुदामा, शिक्षक उमेश वर्मा, पूर्णिमा वर्मा,लक्ष्मी मौर्या, पदमिनी वर्मा, निधि वर्मा,शशी,राम सरन ,अवधेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

दृढ़ोमर वैश्य समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन दो फरवरी को

कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।

दृढ़ोमर वैश्य समाज के तत्वावधान वेदव्यास नगरी में 32 वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में तकरीबन दो दर्जन जोड़ों की शादी सम्पन्न होगी जिसमें बड़ी संख्या में दान दहेज भी दिया जायेगा तथा गायत्री परिवार के आचार्यों द्वारा वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न कराया जायेगा।

शुक्रवार को नगर के पदाधिकारियों की बैठक श्याम पैलेस गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई जिसमें कार्यक्रम संयोजक सन्दीप गुप्ता व संरक्षक सीताराम गुप्ता ने कहाकि 2 फ़रवरी को होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर बहुत उत्साह देखने को मिल रहा है। विवाह सम्मेलन में प्रदेश के कोने-कोने के अलावा अन्य प्रदेशों से भी समाज के लोग आयेंगे जिनके लिये नाश्ता व खाने का उचित प्रबन्ध किया गया है इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में 21 जोड़ों का विवाह प्रस्तावित है जिनका वैवाहिक कार्यक्रम गायत्री परिवार के आचार्यों द्वारा कारायी जायेगी तथा सभी की बारात भी निकाली जायेगी तथा आयोजन समिति की ओर से बैंड, सिंगारदान, टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, अलमारी, कूलर, पंखा, प्रेस, मेज, कुर्सी, कैसरोल, पानी गर्म करने का कैम्पर, दोहर, साड़ी, बक्शा, पायल, बिछिया समेत बड़ी संख्या में समाज के सहयोग से सभी जोड़ों को उपहार दिया जायेगा।

सूचना

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम MINA KAR व जन्मतिथि 03.01.1960 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम MINARANI KAR व जन्मतिथि 01.01.1963 है। MINARANI KAR M/o of Army No-10213615L, रैंक-लॉस नायक, रंजन कर, निवासी-ग्राम किस्मतकलेरा, पोस्ट-सिकंदरी, जिला-पश्चिम मेदिनीपुर, राज्य-पश्चिम बंगाल-721146, द्वारा शपथ पत्र नंबर- IN-UP75713153209869X, दिनांक 31.01.2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

सूचना

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम MD KHODA BOX दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम MD KHODABOX है। MD KHODABOX F/o of आर्मी नंबर- 10213439Y, रैंक-हवलदार (Clk SD), एसके अब्दुल कदीर, 113 Inf Bn (TA) राजपूत, निवासी-दक्षिणखंड, जिला-मुर्शीदाबाद, पश्चिम बंगाल-713123. द्वारा शपथ पत्र नंबर- IN-UP75691551990755X, दिनांक-31.01.2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

सूचना

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम DEEJA DEVI व जन्मतिथि 01.07.1957 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम TIJA DEVI व जन्मतिथि 01.01.1946 है। TIJA DEVI M/o of JC N0-482133N, रैंक-सूबेदार, राजा राम गूर्जर, यूनिट 30 राजपूत, निवासी-ग्राम ढाणी राघव जी की, कल्यानपुर कलां, जिला-जयपुर, राजस्थान-303105, द्वारा शपथ पत्र-IN-UP75641277057205X दिनांक-31.01.2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

सूचना

सेना संख्या-3015243L लांस नायक भगवान सिंह राजपुत, 6 राजपूत, पिन-912106 मार्फत 56 सेना डाकघर। मेरे सेना सेवा रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम तुर्वशुराज सिंह गलत दर्ज है। जबकि सही नाम तुर्वसुराज सिंह और जन्मतिथि 11 अक्टूबर 2018 है। द्वारा शपथ पत्र नंबर- IN-UP75657571269094X, दिनांक-31.01.2025 फतेहगढ़ कोर्ट।

टैंकर में डंपर ने मारी टक्कर, तीन लोग घायल

जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।

क्षतिग्रस्त डंपर व पलटा पानी का टैंकर।

बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर डिवाइडर पर लगे पौधों को पानी दे रहे टैंकर में औरैया की ओर से आ रहे डंपर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण टैंकर पलट गया और डम्पर क्षतिग्रस्त हो गया।

दुर्घटना में दोनों वाहनों के चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। एक्सप्रेस वे की एंबुलेंस सेवा द्वारा घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां एक व्यक्ति की हालत गंभीर होने पर उसे उच्च संस्थान रेफर किया गया। शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर पानी का टैंकर लेकर चालक मोनू निवासी एको थाना कुठौंद बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के किमी संख्या 201 छिरिया सलेमपुर के पास डिवाइडर पर लगे पौधों में पानी दे रहा था। तभी औरैया की ओर से आ रहे चिकासी बालू लेने के लिए जा रहे डंपर ने पानी की टैंकर में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण पानी लगा रहा टैंकर पलट गया। साथ ही तेज टक्कर के चलते डंफर का भी अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में पानी टैंकर का चालक मोनू व डंफर चालक इरफान निवासी ग्राम कुडारा थाना खेढागढ जिला आगरा व परिचालक आरिफ घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी मदनपाल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और एक्सप्रेस वे की एम्बुलेंस सेवा की मदद से घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां आरिफ की हालत गंभीर होने पर उसे उच्च संस्थान रेफर कर दिया गया। चौकी प्रभारी मदनपाल ने बताया कि घटना के बाद बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे की टीम की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवा दिया गया है और यातायात सुचारू करा दिया गया है।

जीव अपने धन अर्थात लक्ष्मी को भगवान के काम में लगाए तो ठीक

जालौन ,उरई। नगर के एक मात्र सरस्वती मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास पंडित जगमोहन त्रिपाठी ने भगवान की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठतम लीला रासलीला का वर्णन किया। नगर के सरस्वती माता मंदिर पर आयोजित भागवत कथा के छठे दिन पंडित जगमोहन त्रिपाठी ने बताया कि रास तो जीव के शिव के मिलन की कथा है। यह काम को बढ़ाने की नहीं काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है। इस कथा में कामदेव ने भगवान पर खुले मैदान में अपने पूर्व सामर्थ्य के साथ आक्रमण किया है लेकिन वह भगवान को पराजित नही कर पाया उसे ही परास्त होना पड़ा।

इनोफेस्ट फेस्टिवल में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र पुरस्कृत

उरई, जालौन समृद्धि न्यूज।

आंचलिक विज्ञान नगरी में हुई हुंडई मोटर्स इंडिया फाउंडेशन एवं अगस्त्या इंटरनेशनल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ जिसमें उत्तर प्रदेश, हरियाणा राज्य के 14 जिलों के नन्हे विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान एवं नवाचार पर आधारित प्रोजेक्ट और मॉडल का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस कार्यक्रम को शुभारंभ राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गणेश कुमार द्वारा किया गया था। इस कार्यक्रम में विज्ञान प्रोजेक्ट को कक्षा 6 से 8 तक के 54 नन्हें बच्चों एवं विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के कक्षा 6 से 10 तक के लगभग 1500 विद्यार्थियों द्वारा विद्यार्थियों द्वारा दो दिन तक अवलोकन किया गया इसी इनोफेस्ट प्रोग्राम में अपने जनपद के डकोर ब्लॉक के यूपीएस मड़ोरा के पांच बच्चों को चयनित किया गया था जिसमें अभिषेक ने एक्सरसाइज प्रोड्यूस इलेक्ट्रिसिटी एवं मोनिका, नितिन ज्वालामुखी, अशिका ने होम सिक्योरिटी सिस्टम एवं मानवी ने रेन सेफ क्लॉथ मॉडल बच्चों ने बनाए थे जिसमें बच्चों ने इनोफेस्ट फेस्टिवल में प्रथम स्थान प्राप्त किया था जिसमें बच्चों को पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम आज यूपीएस मड़ोरा कंपोजिट विद्यालय में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि चंद्र प्रकाश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी ज्ञान प्रकाश अवस्थी, एसआरजी लोकेश पाल, एआरपी रोहित उपस्थित रहे।

रोगियों को इलाज मुहैया कराकर टीबी मुक्त बनाएं

टीबी यूनिट छिबरामऊ, डीटीसी कन्नौज, गुगरापुर, जलालाबाद और तालग्राम में स्कैनिंग की खराब प्रगति पर डीएम ने जताई नाराजगी

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

जिले में 290 टीबी रोगियों को माह में जनवरी में चिन्हित किया गया है। इसी प्रकार माह फरवरी में 600 से अधिक टीबी रोगियों को चिन्हित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित करे। यह बात जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट में टीबी उन्मूलन अभियान के बैठक में कही।

टीबी यूनिट छिबरामऊ, डीटीसी कन्नौज, गुगरापुर, जलालाबाद, तालग्राम में स्कैनिंग की खराब प्रगति तथा टीबी यूनिट संयुक्त जिला चिकित्सालय, तिर्वा में मैपिंग की खराब प्रगति मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। निर्देश दिये कि

अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

स्क्रैनिंग व मैपिंग पर फोकस किया जाये। क्वालिटी वर्क सैम्पल करोगे। तो मरीज अधिक मिलेगे। चिन्हित टीबी रोगियों को इलाज मुहैया कराकर टीबी मुक्त बनाया जाएं। जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड की समीक्षा करते हुये कहा कि जनपद में 70 वर्ष से अधिक छूटे हुये 4318 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने है। कार्ड बनाये जाने में सीएचओ एवं पंचायत सहायक द्वारा अच्छा कार्य किया गया है। तथा आशा, एएनएम की खराब प्रगति रही है। आपस में समन्वय स्थापित कर शेष लाभार्थियों को कार्ड बनाकर योजना से आच्छादित करें।

बैठक में यू- विन पोर्टल की समीक्षा करते हुये कहा कि यूविन पोर्टल की प्रगति स्टेट में 14 वां स्थान एंव मण्डल में प्रथम स्थान है। यूविन पोर्टल पर पंजीकरण बहुत आवश्यक है। जितनी डिलवरी हो रही है। यूविन पोर्टल पर अपडेट हो जाये तो वैक्सीनेशन के कार्य में गति आयेगी। बैठक में सीडीओ रामकृपाल चौधरी, सीएमओ डॉ स्वदेश गुप्ता, डीडीओ नरेन्द्र देव द्विवेदी सहित आदि लोग रहे।

बंदियों के उपचार में न बरती जाएं लापरवाही

डीएम-एसपी ने जेल का निरीक्षण कर दिए निर्देश

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

जेल का निरीक्षण करते डीएम व एसपी

जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर डीएम और एसपी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। क्षेत्र के अनौगी स्थित जिला कारागार में जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ल व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सभी बैरकों तथा बन्दियों का गहन निरीक्षण किया गया। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि नियमित रूप से उनके व जेल स्टाफ द्वारा जेल की चेकिंग की जाती है। जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ना जाए इसके लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही जिला कारागार में आने वाले नये कैदियों का जेल चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। पुलिस अधीक्षक ने अधीक्षक को निर्देश दिए कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहे और बंदियों के उपचार में लापरवाही न बरती जाएं। एवं निरूद्ध बन्दियों पर विशेष सतर्क दृष्टि रखें एवं आवश्यकतानुसार समय- समय पर कारागार में निरूद्ध बन्दियों की गतिविधियों के सम्बन्ध मे जानकारी देते रहें।

इस दौरान जेल अधीक्षक मो. अकरम खॉ, कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल रामबहाल दुवे, उपकारापाल उर्मिला सिंह, चिकित्साधिकारी डॉ इफराक हुसैन, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कटियार सहित प्रशासनिक कर्मचारी रहे।

मंदिरों के बाद डॉक्टर के घर चोरी का नहीं हुआ खुलासा

छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

शहर में छोरियों का सिलसिला हमने का नाम नहीं ले रहा है पिछले दिनों एक ही रात में तीन बड़े मंदिरों में चोरों ने लाखों का मार्ग पर कर दिया था उसके बाद चोरों ने एक डॉक्टर के घर को निशाना बनाते हुए वहां से करी 10:30 लख रुपए के सोने चांदी के जब रात और नगदी पार कर दी थी पुलिस अभी तक किसी भी घटना का खुलासा नहीं कर पाई जब जिले की एसओजी टीम के साथ पुलिस की चार टीम में चोरियों के कुलसी से में लगी है लेकिन पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं नगर के सवारी रोड स्थित सिद्ध पीठ महाकाल का देवी मंदिर में चोरों ने लाखों रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवरात और नगदी पार कर दी थी उसी रात चोरों ने बाबा की बगिया स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के दान पत्र तोड़कर लाखों रुपए उड़ा दिए थे इसके अलावा ग्राम अकबरपुर के सिद्ध बाबा मंदिर में भी चोरों की वारदात को अंजाम दिया था एक रात में एक साथ तीन बड़े मंदिरों में चोरी होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया था पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने स्वयं मंदिरों का निरीक्षण कर खुलासा नहीं हो पाया था पुलिस के लिए चेतावनी बनी हुई है क्योंकि अभी तक किसी घटना का खुलासा करने में नाकाम पुलिस साबित हो रही है।

सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को एएसपी ने दी विदाई

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा आयु पूर्ण कर चुके सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को शॉल भेंट कर विदाई दी। एवं उनके उज्वल भविष्य व अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। जनपद से उपनिरीक्षक रामदास, उपनिरीक्षक संतोष कुमार, उपनिरीक्षक देवबहादुर सिंह, हेडकांस्टेबल महेश कुमार सक्सेना, रामदास सिंह, श्याम सुन्दर चतुर्वेदी, महिपाल सिंह सहित 07 पुलिसकर्मी अपनी सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए। अधिवर्षता आयु पूर्ण कर

एएसपी ने शॉल भेंट कर उज्ज्वल भविष्य कर दी विदाई

सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर पुलिस लाइन सभागार कक्ष में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों हेतु विदाई समारोह आयोजित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा विदाई समारोह में सम्मिलित होकर पुलिसकर्मियों को उपहार एवं स्मृति चिन्ह देकर उनके आगामी सुखमय व समृद्ध जीवन की कामना कर शुभकामनाओं सहित विदाई दी गयी।

इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी/ कर्मचारियों ने भी सेवानिवृत होने वाले पुलिसकर्मियों को शुभकामनाएं दी।

कप्तान सिंह यादव कोल्ड स्टोरेज में सपा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

छिबरामऊ, कन्नौज। सपा कार्यकर्ता सम्मेलन कप्तान सिंह कोल्ड स्टोरेज जीटी रोड निगम मंडी के पास में संपन्न हुआ कप्तान सिंह कोल्ड स्टोरेज जीटी छिबरामऊ में सपा कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव ने कहा सभी किसान भाइयों को 10 वापसी भी मिलेगी अगर कोई भी कोल्ड अगर और रुपए वापिसी देगा तो बो भी देने का कार्य करेंगे इस मौके पर शैलेश यादव नीरज सिंह डॉ धमेंद्र प्रताप सिंह विनोद प्रधान देवेंद्र प्रधान घुरंम प्रधान भाटिया बंटू यादव अखिलेश वर्मा लालू ठेकेदार अंकुर सिंह यादव शिवकुमार रॉबिन यादव अशोक यादव मौजूद रहे।

पैसे न देने पर युवक को किया घायल

गुरसहायगंज, कन्नौज। गांव के तीन लोगों ने युवक से शराब के लिए पैसे मांगे। न देने पर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम फ़ाहरन निवासी जीतू पुत्र सोनेलाल ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा कि 30 जनवरी की शाम लगभग 08 बजे वह घर लौट रहा था। तभी ग्राम मोहनपुर के पास गांव के तीन लोगों ने उसे रोक लिया और शराब पीने के लिए पैसे मांगे। विरोध करने पर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी और लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर चले गए। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम का हुआ समापन

छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

शिक्षित लोग अपने कौशल (हुनर) के आधार पर अपने लिए रोजगार के अवसर को बेहतर बना सकते हैं इंटरनेट के जमाने में बड़ी संख्या में ऑनलाइन जॉब उपलब्ध है लेकिन उनमें से बहुत से धोखाधड़ी वाले भी होते है, युवाओं को विशेष जागरूक रहना होगा।

उक्त विचार बनवारी नगर स्थित एसबीवीएस सभागार में युवा कौशल एवं विकास कार्यक्रम के पहले बैच के समापन के अवसर पर प्रशिक्षक गौरव त्रिपाठी अमर ने व्यक्त किये उन्होंने जानकारी दी कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), आत्मनिर्भर भारत रोज़गार योजना (एबीआरवाई), प्रधानमंत्री रोज़गार प्रोत्साहन योजना (पीएमआरपीवाई) राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) परियोजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोज़गार योजना उत्तर प्रदेश नवीन रोज़गार छतरी योजना, पंडित दीन दयाल ग्रामीण कौशल योजना चलाई जा रही है। जानकारी के अभाव में युवा इन योजनाओं को लाभ नहीं ले पा रहे है इसलिए मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी मुहिम के अंतर्गत उड़ान संस्था ने हुनर से रोजगार योजना शुरू की है जिसके अंतर्गत युवाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर ईकॉमर्स, टेलीकालिंग, लीडरशिप, कम्युनिकेशन, मैनेजमेंट

कार्यक्रम के पहले बैच के समापन के अवसर पर प्रशिक्षक गौरव त्रिपाठी अमर ने व्यक्त किये उन्होंने दी जानकारी

जैसे विषयों पर निःशुल्क प्रशिक्षण देकर लाइव जॉब अभ्यास कराया जा रहा है, उन्होंने बताया कि शीघ्र ही नगर पालिका चेयरमैन एवं ग्राम प्रधान लोगो से मिलकर युवाओं के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता कैंप का आयोजन होगा।

पहले बैच में अच्छे अंक लाने वाले लक्ष्मी, पलक, गौतमी, खुशबू, शीतल, लोकेंद्र, आशुतोष, राज, देव को माल्यार्पण के साथ प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

डिलक्स शौचालय के सुन्दरीकरण का किया लोकार्पण

छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

नगर के पश्चिमी बाईपास पर नगर पालिका परिषद द्वारा नव निर्मित डीलक्स शौचालय एवं पश्चिमी बाईपास का सुनदरीकरण का लोकार्पण पूर्व राज्यमंत्री/विधायक अर्चना पांडेय व नगर पालिका परिषद के चेयरमैन मनोज दुबे ने फीता काटकर लोकार्पण किया। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पाण्डेय ने कहा कि इससे आम जनमानस की सुविधाएओ करने के लिए व बहार से आने जाने वालो के लिए यहां पर डीलक्स शौचालय व सुनदरीकरण की व्यवस्था की गई है।राहगीरो व लोगो के बैठने के लिए पश्चिमी बाईपास का सुनदरीकरण किया गया है इस कार्य के लिए मे नगर पालिका को बधाई देती हूँ। नगर पालिका परिषद के चेयरमैन ने कहा मे नगर को स्वच्छ व साफ बनना चहता हूँ।इसके बाद नगर मे कई जगहो पर भी सुनदरीकरण किया जायेगा।इस दौरान अधिशाषी अधिकारी सुनील सिह,जेई कौशल गुप्ता,अनुराग त्रिपाठी,हिमांक त्रिपाठी, लिपिक सजय वर्मा,प्रदीप कश्यप, अशुतोष पाण्डेय,शिवम दुबे,त्रिपाठी,सुनील दुबे, सहित कई लोग मौजूद रहे।

दिव्यांजनो के उपकरण पाकर खिले चेहरे

नगर पालिका परिषद मे दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनो को निशुल्क सहायक उपकरण का वितरण किया गया।जिसमे मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पाण्डेय ने नगर पालिका मे आयोजित कार्यक्रम मे पहुंचकर 46 दिव्यांगजनो को ट्राई साइकिल व उपकरण दिये जिसको पाकर लोगो के चेहरे पर खुशी की लहर देखने को मिली।इस दौरान जिला विकलांग अधिकारी महेंद्र प्रतापसिंह व सभी नगर पालिका परिषद के सभासद व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

गलत कामों से बचकर नेक रास्ते पर चलने की आदत डालें मुसलमानः मौलाना

समधन, समृद्धि न्यूज़।

गलत कामों से बचकर नेक रास्ते पर चलने की आदत डालें और नवी के बताए रास्ते पर चलें मुसलमान तभी चैन और सुकून हासिल होगा बीता गुरुवार रात समधन नगर स्थित मुख्य बाजार में एक अजीमुश्शान जलसा सीरतुन्नबी का आयोजन किया गया कुरान पाक की तिलावत से जलसे का आगाज हुआ जिसमें जिला बस्ती से आए मौलाना मुफ्ती साजिद कासमी ने अपने बयान में कहा कि अल्लाह ताला रहमतों व बरकतों का फजीना नाजिल फरमाए अल्लाह ताला हमें और आपको जन्नतुल फिरदोस

जलसा में तकरीर करतें मौलाना मुफ्ती साजिद क़ासमी वस्तबी

आता फरमाए अपनी मोहब्बत का ज़र्रा नसीब फरमाए तों याद रखो मरी मुर्गी मुल्ला के नाम करनें से अल्लाह ताला की मोहब्बत हासिल नहीं होगी। आगे उन्होंने कहा कि मुसलमान कहता है हम परेशान हैं हमारे पास कारोबार नहीं अल्लाह कहता है नाजायज कामों में हर जगह मत खर्च करो आगे उन्होंने बताया कि मरने के बाद आखिरत में अल्लाह पूछेगा कि आपने इतनी मेहनत से जो माल कमाया था वह कहां खर्च किया अपनी अमानत को वहां खर्च करों जिसे अल्लाह पसंद करें इससे पहले फिरोजाबाद से आए हज़रत मौलाना आदम मुस्तफा ने भी अपने बयान में दीनी बातें बताई। मुल्क में अमन-चैन की दुआएं मांगी गई।जलसा कार्यक्रम की निजामत मौलाना हारून ने की इस अवसर पर मौलाना अलीमुद्दीन, मौलाना मोहम्मद आरिफ, मौलाना दिलशाद, मौलाना आसिफ अली, आदि मौजूद रहे।

दिव्यांग किशोरी से युवक ने किया दुष्कर्म का प्रयास, मुकदमा दर्ज

तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।

ठठिया थाना क्षेत्र के एक गांव में एक दिव्यांग किशोरी के साथ एक युवक ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया। ग्रामीणों के आ जाने पर आरोपी युवक भाग निकला। पीड़िता की तहरीर पर ठठिया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पीड़िता ने ठठिया थाना क्षेत्र के जसापुर्वा गांव निवासी राहुल कुमार के खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया है। लिखाई रिपोर्ट में बताया है कि वह अपने खेतों की ओर जा रही थी। सूनसान क्षेत्र में राहुल ने उसे

ग्रामीणों के आ जाने से मौके से भाग गया आरोपी युवक

दबोच लिया और खेतों की ओर ले गया। जहां उसके साथ जबरन दुष्कर्म करने का प्रयास किया। उसके शोर मचाने पर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण दौड़े, तो उक्त युवक मौके से भाग निकला। बाद में उसने घर मामले की जानकारी परिजनों को दी। शुक्रवार की सुबह पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। ठठिया थानाध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

यातायात पुलिस ने हाइवे पर चलाया चेकिंग अभियान

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

प्रयागराज महाकुंभ स्नान के चलते पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में शुक्रवार को यातायात उपनिरीक्षक अरशद अली ने गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिरगांवा, जसोदा, टोल प्लाजा आदि स्थानों पर रोड के किनारे होटल ढाबों पर खड़े भारी वाहन को हटवाया गया। शुक्रवार को अभियान के दौरान टीएसआई अरशद अली ने बताया कि महाकुंभ स्नान के चलते अत्यधिक संख्या में पर्यटकों, श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। इस तरह से बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण दुर्घटनाएं अधिक होने की संभावना रहती है। जिस कारण वाहन चालकों को हिदायत की गई, कि कभी भी सड़क किनारे अपने वाहन न खड़ा न करें। टीएसआई ने आमजन को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। उन्होने वाहन चालकों को बताया कि स्वयं यातायात नियमों को जाने और दूसरों को भी समझाने का प्रयास करें। ताकि लोग नियमों को सीख सके और समाज को जागरूक करें। उन्होंने टेंपो, टैक्सी, ईरिक्शा चालकों को चेतावनी दी। कि यदि कोई भी वाहन चालक सवारी को लटका कर चलेगा। तो उसके विरुद्ध नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। चेकिंग के दौरान बिना फिटनेस, बिना हेलमेट, नो पार्किंग आदि नियमों का उल्लंघन करने वाले 20 वाहनों का चालान किया गया। टीम में विजय बाबू, नवदीप कुमार आदि ने मौजूद रहे।

वाहन चालक को नियम का पालन करने का निर्देश देते टीएसआई।

युवाओं को मिली उर्जा होगा संगठन का विस्तार

गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

सलोवा राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते पदाधिकारी।

संगठन की मजबूती व विस्तार के लिए नगर निवासी अरूण कुमार शर्मा को समाजवादी लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने से नगर सहित क्षेत्रीय युवाओं में उर्जा का संचार हुआ है। इससे संगठन को नई शक्ति मिलेगी। यह बात जिला पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रामसेवक बाथम ने कही। शुक्रवार को नगर के तिर्वा रोड पर समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अरुण कुमार शर्मा का फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। सपा नेता राजेश गुप्ता ने कहा कि अरूण कुमार शर्मा के सलोवा का राष्ट्रीव सचिव बनने से संगठन को मजबूती मिली है। लंबे समय से निष्क्रिय कार्यकारणी को नवीन उर्जा मिली है। इससे युवा पदाधिकारी व कार्यकर्ता संगठित होकर पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगे। इस दौरान मनी गुप्ता, विजय गुप्ता, श्याम यादव, मोहित पाठक, राहुल शर्मा आदि ने फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया।

रिटायर पुलिस कर्मी को दी यादगार विदाई

गुरसहायगंज, कन्नौज। स्थानीय कोतवाली में तैनात पुलिस कर्मी रामदास ने अपने कार्यकाल में निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्यों का पालन किया। यह बात कोतवाली निरीक्षक आलोक कुमार दुबे ने कही। शुक्रवार को पुलिस कर्मी रामदास के सेवानिवृत होने पर कोतवाल, निरीक्षक व पुलिस कर्मियों फूलमालाएं पहनाकर व उपहार देकर यादगार विदाई दी। निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी ने कहा कि पुलिस कर्मी ने विभाग के प्रति हमेशा इमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का पालन किया है। प्रत्येक कर्मी को इनसे सीख कर अपनी ड्यूटी करना चाहिए। कोतवाली प्रभारी ने रामदास को शाल उड़ाकर और गीता भेंट करके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर निरीक्षक शैलेंद्र कुमार, कस्बा प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, रविंद्र सिंह, नीलम सिंह, मोहनलाल सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएंगी: मनोज पोरवाल

वीडीओ बोले जनता की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करना हमारी प्राथमिकता

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

विकासखण्ड जलालाबाद में आएं नवागंतुक खण्डविकास अधिकारी से ब्लॉक की जनता को जल्द ही राहत मिलने की उम्मीद है। क्योंकि नए बीडीओ मनोज पोरवाल ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। उनके कार्यभार संभालते ही ब्लॉक के विकास कार्यों में तेजी आने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। स्थानीय निवासियों को लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं की कमी, धीमी गति से

नवागंतुक खण्डविकास अधिकारी मनोज पोरवाल

चल रहे सरकारी कार्यों, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। जनता की शिकायत थी। कि विकास कार्यों में देरी और योजनाओं का लाभ सही समय पर न मिलने के कारण उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। नए बीडीओ ने पदभार ग्रहण करते ही स्पष्ट किया। कि जनता की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने ब्लॉक के कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए और सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक शीघ्र पहुंचे।

भ्रष्टाचार और लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

बीडीओ ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों में आने वाले लोगों को अनावश्यक परेशान न किया जाए और उनकी शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए।

बीडीओ ने विकास योजनाओं की समीक्षा की

अपने पहले ही दिन बीडीओ मनोज पोरवाल ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जल आपूर्ति, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा व्यवस्था और कृषि संबंधित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए। कि सभी सरकारी योजनाओं को पारदर्शिता के साथ लागू किया जाए ताकि जनता को उसका सीधा लाभ मिल सके।

अस्पताल के कर्मचारियों ने मरीज के परिजनों से की मारपीट

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

- कटियार हॉस्पिटल का मामला, पुलिस ने तीन को हिरासत में लिया
- दोनों पक्षों ने दी तहरीर, पीड़ित ने अस्पतालकर्मियों पर 25 हजार छीनने का लगाया आरोप

तीमारदारों से मारपीट करते अस्पताल कर्मचारी

बच्चे को अस्पताल में दिखाने आये परिजनों के साथ अस्पतालकर्मियों ने मारपीट कर कपड़े फाड़ दिये। सूचना पर पहुंची पुलिस मारपीट करने वाले तीन अस्पतालकर्मियों को पकड़ लायी और थाने में बिठा दिया। जानकारी के अनुसार आवास विकास स्थित कटियार हॉस्पिटल में अमृतपुर अपनी रिश्तेदारी में आये इंद्रेश के आठ वर्षीय पुत्र हनु की तबियत खराब होने पर अपने पुत्र को आवास विकास स्थित कटियार हॉस्पिटल में दिखाया। जहां डायरिया की आशंका जताते हुए बच्चे को भर्ती कर लिया और उपचार शुरु कर दिया। शुक्रवार को दोपहर के समय बच्चे के परिजनों ने अस्पताल में मौजूद स्टाफ ने बताया कि बच्चे के हाथ में लगी बिग्गो से खून बाहर आ रहा है। इस पर अस्पतालकर्मियों ने हीलाहवाली की। इसी दौरान दोनों पक्षों में विवाद होने लगा। देखते ही देखते अस्पताल स्टाफ ने मारपीट शुरु कर दी। इस दौरान बच्चे के तीमारदार एक युवक के कपड़े भी फट गये। अस्पतालकर्मी उसे पीटते हुए नीचे ले आये। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर मारपीट करने वाले अस्पताल के तीन कर्मचारियों को हिरासत में ले लिया और ले जाकर थाना कादरीगेट में बिठा दिया। वहीं अस्पताल के स्टाफ का भी बच्चे के साथ आये उनके परिजनों ने मारपीट की, ऐसा आरोप लगाया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस दोनों पक्षों में समझौते का प्रयास कर रही थी। बताते चलें कि कटियार अस्पताल के मालिक डॉ0 भानू प्रताप कटियार का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई मामले आ चुके हैं। मरीज के परिजनों के साथ इससे पहले भी मारपीट की थी। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी थी। उस घटना में भी पुलिस के सहयोग से समझौता कर लिया था। आसपास के लोगों ने बताया कि आये दिन कोई न कोई विवाद होता ही रहता है। मारपीट की घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गयी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। देर शाम थाना कादरीगेट की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार अस्पताल पक्ष की ओर से अभय प्रताप निवासी डिग्गीताल ने मरीज पक्ष इंद्रेश कुमार के विरुद्ध दी तहरीर में दर्शाया कि उसने अपने बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज शुरु होने पर उसे पैसा जमा करने के लिए महिला मैनेजर ने कहा तो वह धक्का मुक्की व अभद्रता करने लगा और गालियां देनी शुरु करदी। इस दौरान अन्य सहयोगी कर्मचारियों ने समझाने का प्रयास किया, तो वह झगड़ा करने लगा और मारपीट शुरु कर दी। वहीं इंद्रेश सिंह भदौरिया निवासी छितरामऊ थाना सांडी जिला हरदोई ने भी पुलिस को तहरीर दी। जिसमें दर्शाया कि वह अपने बच्चे को इलाज के लिए कटियार अस्पताल में डाक्टर शिवाशीष उपाध्याय ने भर्ती कराय.ा। यहां पर डाक्टर भानू प्रताप कटियार की देखरेख में इलाज शुरु हुआ। सुबह अचानक बिग्गो से खून आने लगा। शिकायत करने पर मौजूद स्टाफ ने कोई ध्यान नहीं दिया। दोबारा कहा, तो नाराज होकर अभद्र भाषा का प्रयोग स्टाफ करने लगा। जब मेरे ससुर ने समझाने का प्रयास किया, तो सभी लोगों ने हाथों में डंडे व बेल्ट ले लिये और मारपीट शुरु कर दी। इससे मेरे काफी चोट आयी। कपड़े फट गये और 25 हजार रुपये भी स्टाफ ने छीन लिये।

दहेज हत्या के मामले में पति पर दोष सिद्ध

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अपर जिला जज विशेष न्यायाधीश कक्ष संख्या-5 न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने दहेज हत्या के मामले में रमेश सिंह पुत्र रामबक्स सिंह निवासी कुबेरपुर डूंगरसी कोतवाली मोहम्मदाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंन्दु पर 4 फरवरी की तिथि नियत की गयी है।

बीते लगभग 28 वर्ष पूर्व कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस को रामदेव सिंह पुत्र धनपाल निवासी जैतपुर आगरा ने दी गयी तहरीर में बताया मैंने अपनी बहन पूनम उर्फ छुन्नी की शादी रमेश सिंह के साथ पूर्व हिन्दू रीति रिवाज से की थी। मैंने अपनी क्षमता से अधिक दान दहेज दिया था। शादी के बाद से ही रमेश मुझसे अतिरिक्त दहेज की मांग करता था। एक दो बार मेरी बहन को मेरे साथ भेज दिया। उसके बाद रमेश मेरी बहन को अपने साथ ले गया। कुछ दिनों बाद रमेश ने अपने चाचा और चाची व बिट्टो देवी ने हत्या कर दी। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता भानु प्रकाश मिश्र की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीष रीतिका त्यागी ने रमेश को दोषी करार देते हुए जेल भेज दिया। सजा के बिन्दु पर सुनवाई के लिए 04 फरवरी की तिथि नियत की गयी है।

निरीक्षण करते अधिशाषी अधिकारी

ईओ ने निर्माणाधीन वेस्ट टू बंडर पार्क का किया निरीक्षण

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। एमआरएफ सेन्टर का अधिशाषी अधिकारी लव कुमार मिश्रा ने निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार कायमगंज नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी लव कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को गाँव लुधैया में एमआरएफ सेन्टर पर निर्माणाधीन वेस्ट टू बंडर पार्क का निरीक्षण किया तथा संबंधित लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। अधिशाषी अधिकारी ने कहा कि कार्य शासन की मंशा के अनुरुप होना चाहिए। निर्माण कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरतें और निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत कार्य को पूरा करें। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी लव कुमार मिश्रा, एसआई अनिल आजाद, जेई प्रशान्त कुमार, सफाई नायक विजेन्द्र, रवि सहित अन्य नगर पालिका परिषद के लोग मौजूद रहे।

परचून दुकान में नकब लगाकर नकदी व सामान चोरी

जांच पड़ताल करती पुलिस

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

परचून की दुकान में चोरों ने नकब लगाकर हजारों की चोरी कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तथा दुकानदार को जल्द चोरी की घटना का खुलासा करने का भरोसा दिया। जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र नगर के मोहल्ला पाठक निवासी अनिल रस्तोगी पुत्र सत्य प्रकाश ने बताया की मेरी परचून की दुकान कस्बे के मेन सब्जी मन्डी जवाहरगंज में स्थित है। कल दुकान को बन्द कर घर चले गये थे। आज सुबह जब दुकान खोलने के लिए आये तो नकब लगाकर चोरों ने दुकान के अन्दर से 7 हजार की नगदी तथा परचून का सामान पार कर दिया।

दुकान का सामान खिखरा हुआ था। जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुँची पुलिस ने जाँच पड़ताल की।

कांटे के तार की चपेट में आकर बालिका घायल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव शाहपुर गंगपुर निवासी ज्योती उम्र 8 वर्षीय पुत्री अजयपाल जाटव खेत पर गई थी। वहाँ पर मवेशियों के लिए लगे कांटे की चपेट में आ गई। जिससे वह घायल हो गई। आनन-फानन में परिजनों ने कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया

तमंचा सहित युवक गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। आईटीआई चौकी प्रभारी विशेष कुमार ने चेकिंग के दौरान वीरेंद्र उर्फ हसन निवासी अल्लैपुरपुर गंजडुडवार काजनपद कासगंज को 315 बोर के तमंचा सहित देवरामपुर क्रासिंग के पास से गिरफ्तार कर लिया।

विवेचक पर कार्यवाही करने के लिए डीजीपी व गृह विभाग के सचिव को भेजा पत्र

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

पॉक्सो एक्ट के मामले में विवेचक द्वारा की गयी घोर लापरवाही के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/ अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने विवेचक के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए उ0प्र0 पुलिस महानिदेशक व अपर सचिव गृह को पत्र भेजा है। विवेचक राजीव कुमार सिंह तत्कालीन उप निरीक्षक कोतवाली फर्रुखाबाद ने राज्य बनाम जीनस उर्फ इस्लाम धारा-363, 366, 376 की विवेचना की थी। विवेचना के दौरान विवेचक ने केवल वादिनी मुकदमा द्वारा तहरीर में दिये गये कथनों पर ही पूर्ण विश्वास करते हुए मामले की विवेचना कर अभियुक्तके विरुद्ध विभिन्न धाराओं में आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया। विवेचना में घोर लापरवाही बरती गयी है। अभियुक्त न्यायिक अभिरक्षा में निरुद्ध जेल में उसे छह वर्ष से अधिक हो चुके हैं। इस दौरान न्यायालय द्वारा अभियोजन पक्ष की ओर से प्रस्तुत साक्षियों के साक्ष्य का सम्यक परिशीलन करने के उपरान्त यह बात पायी गयी विवेचक द्वारा घटना के संदर्भ में गुण दोष पर कोई विचार नहीं किया गया। केवल वादिनी की तहरीर पर ही पूरी विवेचना कर दी। न्यायालय ने गृह विभाग के सचिव को पत्र भेजकर विवेचक राजीव सिंह द्वारा की गयी उपेक्षापूर्ण विवेचना के कारण उनके विरुद्ध समुचित विधिक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जिसकी एक प्रति जिला मजिस्ट्रेट व पुलिस अधीक्षक को भी भेजी गयी है।

खबरें एक नजर में

महिला पर बंदरों ने किया हमला, जख्मी

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कई इलाकों में बन्दर हिसंक होते जा रहे हैं। जो कि मानव जीवन के लिए भी खतरा बने हुए हैं। बन्दर कई जगह पर लोगों पर हमला कर घायल कर चुके हैं। इनका खौफ इतना है कि लोग इन्हें भगाने के लिए पहले एक जुट होते हैं ताकि बन्दर इंसान की संख्या देखकर भाग जाएं। कई बार तो हाथों में डन्डे लेकर इन्हें भगाना पड़ता है। अकेला व्यक्ति तो बन्दरो को भगा ही नहीं सकता। बन्दर एक होकर झुन्ड में हमला कर देते हैं। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव अताईपुर निवासी नीतू उम्र 22 वर्षीय पत्नी अवनीश कुमार पर बदरों ने हमला कर दिया। हमले में महिला को बुरी तरह से जख्मी हो गई। महिला के शरीर के कई हिस्सों पर बन्दरों ने काटा है। इस वजह से बन्दरों की दहशत है। घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया।

खाकी का इकबाल खत्म, दिनदहाड़े बीज भंडार से नकदी भरा झोला पार

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। दिनदहाड़े बीज भंडार की दुकान से टप्पेबाजों ने नगदी से भरा थैला पार कर दिया। पीड़ित ने थाने में सूचना दी। थानाध्यक्ष ने कस्बे के सीसीटीवी कैमरे खंगाले। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव महमदपुर कामराज निवासी देवेश यादव की महमदपुर कामराज तथा गांव बघौना के बीच में फर्रुखाबाद रोड पर बीज भंडार की दुकान है। देवेश यादव के बताए मुताबिक वह अपनी बिक्री कर रहे थे तथा दुकानदारी करने के उपरांत टॉयलेट करने चले गए, तभी पीड़ित के बताएं मुताबिक दो बाइक सवार टप्पेबाज आये और दुकान पर रखा थैला जिसमें लगभग 8 से 10000 रुपये तथा आधार कार्ड व अन्य जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे। जब तक पीड़ित दौड़कर आया तब तक बाइक सवार निकल चुके थे। काफी देर तक पीड़ित ने खोजबीन की अपने साथ घटी घटना के बारे में थाना पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की तथा वापस आकर कस्बे के चौराहे के दुकानदारों के सीसीटीवी कैमरे खंगाले। खबर लिखे जाने तक उक्त घटना के बारे में थाना पुलिस कोई जानकारी नहीं जुटा पाई।

दलित के साथ मारपीट में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम उबरीखेड़ा निवासी चंद्रावती पत्नी उदयवीर सिंह ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया कल 6:30 उसके पति उदयवीर सिंह कतरौली पट्टी से काम करके वापस लौट रहे थे और खारे नगला स्थित सरकारी स्कूल के नजदीक जैसे ही पहुंचे तभी गांव की ही शेर सिंह एवं राजीव एवं उनके आधा दर्जन साथियों ने उनके साथ जाति सूचक गालीं-गलौज किया। मना करने पर लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। राहगीरों के आ जाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए बोलेरो से फरार हो गए। राहगीरों द्वारा 108 एंबूलेंस को सूचना दी गयी। घायल उदयवीर सिंह को सीएचसी कमालगंज भेजा गया। वहां पर हालत गंभीर होने पर लोहिया रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

कच्ची दीवार गिरने से महिला दबकर घायल

- आनन-फानन में परिजनों ने मलबा हटाकर किरन को बाहर निकाला

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

सीएचसी में भर्ती महिला

कच्ची दीवार गिरने से नहा रही महिला मलबे में दब गयी। परिजनों ने आनन-फानन में मलबे से बाहर निकाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव गऊटोला निवासी किरन बाल्मीकि उम्र 35 वर्षीय पत्नी बांकेलाल बाल्मीकि सुबह नहा रही थी, तभी कच्ची दीवार भरभराकर गिर गयी। जिसके मलबे में दबकर किरन घायल हो गयी। आनन-फानन में परिजनों ने मलबा हटाकर किरन को बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य में भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार जारी है।

विधायिका ने जन चौपाल में सुनीं ग्रामीणों की समस्यायें

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

जन चौपाल में समस्यायें सुनतीं विधायिका सुरभि

ग्राम पंचायत में शासनादेश के अनुसार जन चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कायमगंज विधायिका तथा विकास खंडाधिकारी ने अधीनस्थों के साथ सुनी जनता की समस्याएं सुनीं।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बराबिकू कायमगंज क्षेत्र की विधायिका सुरभि गंगवार तथा विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने शासनादेश के अनुसार चलाई जा रही जन चौपाल के तहत जनता की समस्याएं सुनीं।

जिसमें प्रधानमंत्री आवास सर्वे योजना, गांव में साफ -सफाई तथा कूड़ा कलेक्शन सहित सरकारी सभी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी और विधायिका सुरभि ने बताया की सरकार की जितनी भी सुविधाएं हैं वह सभी कर्मचारी ग्राम पंचायत में धरातल पर लाने का प्रयास करें। जिससे कि उसका सीधा लाभ जनता को मिल सके। वहीं विकास खंड अधिकारी ने आंगनवाड़ी विद्यालयों के साथ सफाई जीरो पॉवर टी सहित कई योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने बताया की कोई भी लाभार्थी किसी भी योजना में किसी भी कर्मचारी को तथा गैर सरकारी कर्मचारियों को कोई पैसा देने की जरूरत नहीं है। सरकार की निःशुल्क योजनाएं धरातल पर लाई जाएं। उसके लिए उनके सभी कर्मचारी वचनबद्ध रहेंगे। इस मौके पर कायमगंज क्षेत्र से विधायिका सुरभि, विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा, एडियो पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडियो आईएसबी सुखदेव सिंह, एडियो समाज कल्याण प्रवीण कुमार, बीएमएम अनुज शुक्ला, संजीव कुमार, ममता देवी, ग्राम पंचायत सचिव मोतीलाल यादव, ग्राम प्रधान बराबिकू विजय प्रताप शाक्य तथा मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

हत्या करने के मामले में एक पर दोष सिद्ध, सजा पर सुनवाई 3 को

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

विशेष न्यायाधीश इसी एक्ट न्यायाधीश डॉ0 अनिल कुमार सिंह ने हत्या के आरोप में दोष सिद्ध करते हुए सतीश को न्यायिक अभिरक्षा मे लेने का आदेश पारित किया है। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 03 फरवरी की तिथि नियत की है।

बीते लगभग 24 वर्ष पूर्व पीड़ित रामपाल पुत्र लोकनाथ खुड़िनाखार थाना शमशाबाद ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि दिनांक 06.03.2001 को मेरा लड़का प्रदीप कुमार उर्फ लल्लू उम्र 8 वर्ष रोज की तरह समय करीब 9 बजे सुबह खेलते-खेलते मेरे पड़ोसी सतीशचंद्र पुत्र मदन लाल किसान के घर चला गया था। जब मैं खेत से घर आया, तो मेरी पत्नी ने बताया कि लल्लू सुबह से घर नहीं आया है। मैंने लल्लू को तलाश किया, तो मेरे पड़ोसी रघुवीर पुत्र गुलजारी लाल व प्रेमचंद्र पुत्र नानकराम ने बताया कि तुम्हारे लड़के लल्लू को दिन में करीब 2 बजे सतीशचंद्र के आंगन में खेलते देखा था। उस समय सतीशचंद्र व उसके पिता मदनलाल पुत्र सालिगराम बच्चे के पास मौजूद थे। लड़का सतीशचंद्र के पास खेल रहा था। इस पर मैंने मगनलाल व सतीशचंद्र से पूछा, तो बताया कि तुम्हारा लड़का आया जरुर था वह उसी समय चला गया था। इसके बाद मैंने इधर उधर काफी तलाश किया, मगर कोई पता नहीं चला। दिनांक 08.03.2001 को गांव के बहुत से लोग एकत्रित हुए और सबने कहा कि पहले सतीशचंद्र के घर में देखा जाये। इस पर मैं व मेरे पड़ोसी रघुवीर, प्रेमचंद्र तथा गांव के बहुत से लोग सतीशचंद्र के घर की तरफ चले, तो सतीश व उनके पिता मदनलाल घर छोड़कर भाग गये। हम लोगों ने सतीशचंद्र के घर में जाकर देखा, तो कमरे के उत्तर तरफ एक पैर लटक रहा था। टार्च जलाकर देखा तो मेरे बच्चे की लाश पडी हुई थी। जो पत्तों से ढकी हुई थी। बच्चे की गर्दन व पेट पर चोट के निशान थे। मेरे बच्चे प्रदीप की सतीश व मदन लाल ने हत्या कर दी। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर विशेष न्यायाधीश इसी एक्ट न्यायाधीश डॉ0 अनिल कुमार सिंह ने सतीश को दोषी करार देते हुए जेल भेज दिया। सजा के बिन्दु पर सुनवाई के लिए 03 फरवरी की तिथि नियत की गयी है।

अग्निवीर भर्ती: 842 युवाओं ने लगायी दौड़, 376 हुए पास

फर्रुखाबाद,समृद्धि न्यूज।

बीम लगाते युवा

सेना भर्ती कार्यालय (एआरओ) बरेली की अग्निवीर भर्ती रैली 29 जनवरी से फतेहगढ़ में चल रही है। भर्ती रैली 6 फरवरी तक चलेगी। रैली का आयोजन मुख्यालय भर्ती क्षेत्र लखनऊ के तत्वावधान में स्टेशन कमांडर फतेहगढ़ छावनी फतेहगढ़ नागरिक प्रशासन के सहयोग से किया जा सका है। शुक्रवार को भी रैली में कुल 842 युवाओं ने भाग लिया।

एआरओ बरेली के क्षेत्र में आने वाले जनपद फर्रुखाबाद, लखीमपुर, संभल, हरदोई, पीलीभीत, सीतापुर, बरेली, बहराइच, बलरामपुर, बदायूं, शाहजहाँपुर, श्रावस्ती के जिन अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन सीईई पास कर लिया है वे फतेहगढ़ में रैली में भाग ले सकते हैं। सुबह 3 बजे सभी अभ्यर्थियों को स्पोर्ट्स स्टेडियम में एकत्र किया गया। यहां से टोंकन देने के बाद सभी को सिखलाईट रेजीमेंट सेंटर के बैरियर से सैन्य क्षेत्र में दाखिल किया गया। अभ्यर्थियों को लंबाई मापने के उपरांत माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों ने शैक्षिक प्रमाण पत्रों की पड़ताल की। प्रपत्रों की पड़ताल के उपरांत दौड़ के लिए युवकों को करियप्पा मैदान पर ले जाया गया। सैन्य भर्ती अधिकारी कि जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को 1151 अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र भेजा गया था। 842 युवाओं ने भर्ती प्रक्रिया में भाग लिया। दौड़ में 376 युवा कामयाब रहे।

दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, आधा दर्जन घायल

सीएचसी में भर्ती घायल

नवाबगंज,. समृद्धि न्यूज। दो पक्षों में हुए विवाद के चलते जमकर लाठी-डंडे चले। जिससे दोनों ओर से आधा दर्जन लोग घायल हो गये। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। दोनों ओर से पुलिस को जवाबी तहरीर दी गयी है।जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम कड़िउली में दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। जिससे दोनों तरफ से तीन-तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। एक पक्ष से उमेश चंद्र पुत्र नेकसेलाल लाल, सविता देवी पुत्री हंसराज, द्वितीय पक्ष से उदयवीर पुत्र मेघ सिंह, संजीव पुत्र अमर सिंह, अतुल पुत्र प्रवेश कुमार दोनों पक्षों से गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों पक्ष पक्षों की ओर से जवाबी तहरीर दी गयी है। दोनों पक्षों को डॉक्टरी परीक्षण हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज भेजा गया है।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला घायल

अस्पताल में भर्ती महिला

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। ट्रक की टक्कर से महिला गम्भीर रुप से घायल हो गयी। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार जनपद शाहजहांपुर के थाना अल्लागंज के ग्राम मिघौल निवासी लक्ष्मी पत्नी सुभाष उम्र करीब 35 वर्ष शुक्रवार को पति के साथ बाइक से घर जा रही थी, तभी मसेनी चौराहे पर ट्रक संख्या-एच.आर.55एएल1815 के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी। जिससे महिला गम्भीर रुप से घायल हो गयी। उसका एक हाथ गाड़ी के पहिये के नीचे आ गया। जबकि पति के हल्की फुल्की चोटें आयीं। दुर्घटना के बाद यातायात प्रभारी सतेंद्र ने घायल महिला को लोहिया अस्पताल भिजवाया।

मेले में गंगा संरक्षण हेतु गोष्ठी व सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पतित पावनी मां गंगा के तट पर चल रहे मिनी कुंभ मेला श्री राम नगरिया में जिला गंगा समिति वन विभाग के तत्वाधान में गंगा संरक्षण हेतु गंगा गोष्ठी व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के संरक्षक के रूप में ईश्वरदास महाराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन प्रभागीय निदेशक वन विभाग राजीव कुमार के दिशा निर्देशन में जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे निहारिका पटेल ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव ने उपस्थित लोगों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मां गंगा हमारी जीवनदायनी हैं। हम सभी आधुनिकता की ओर बढ़ रहे हैं परंतु कहीं ना कहीं हम अपनी संस्कृति और सभ्यता को पीछे छोड़ रहे हैं। आधुनिकता के चलते हम अपने पर्यावरण को अनदेखा कर रहे हैं। जिसके फलस्वरुप हमारा पर्यावरण असंतुलित हो रहा है। ईश्वरदास महाराज ने कहा कि हम सभी स्वच्छ वातावरण में रहे इसके लिए हम अपने पर्यावरण को बचाने के लिए प्रयास करें। युवा पीढ़ी को विशेष तौर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करना चाहिए।

जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी ने कहा कि हम सभी अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रयासरत रहें। अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं, अपनी मां गंगा एवं अन्य नदियों में किसी भी प्रकार के अपशिष्ट वस्तुएं ना डालें। विशेष अतिथि के रूप में दिल्ली से आए रजनीकांत ने भी पर्यावरण संरक्षण पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त गंगा विचार मंच के संयोजक भूपेंद्र प्रताप सिंह, आचार्य प्रदीप नारायण शुक्ल, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित भारती मिश्रा, पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन व अन्य लोगों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल के संयोजन में विभिन्न गंगा ग्रामों एवं विद्यालयों से आए युवाओं ने गंगा संरक्षण पर अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक, नृत्य, गीत, कविता आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। सभी को मिलकर गंगा संरक्षण की शपथ दिलाई गई। अंत में प्रभागीय निदेशक राजीव कुमार के द्वारा सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षक रोहित दीक्षित के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रस्तुति करने वाले सभी युवाओं को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसवीएन ग्लोबल स्कूल के डायरेक्टर अवनीश सोमवंशी, सहयोग के रूप में निशु कटियार, विकास कुमार, हिमांशु, राहुल वर्मा, नेमा एवं अन्य युवा साथी उपस्थित रहे।

आउटसोर्सिंग चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का शीघ्र किया जाये भुगतान: अटेवा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

माध्यमिक विद्यालय में आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का वेतन भुगतान छह माह बीत जाने के बाद भी नहीं किया गया है।

अटेवा की बैठक में चतुर्थ श्रेणी के वेतन भुगतान को लेकर चिंता व्यक्त की गई। रस्तोगी इंटर कालेज में आयोजित बैठक में अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से चयनित लगभग दो दर्जन से अधिक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का छह माह से भुगतान न होने पर चिंता व्यक्त की गई। अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यदायी संस्था लायंस सिक्यूरिटी गार्ड सर्विसेस विनीत खण्ड गोमती नगर लखनऊ द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को चयनित किया गया।

बैठक को सम्बोधित करते ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी

माध्यमिक विद्यालयों में कार्यग्रहण कराया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से प्रमाणित कर सूची भेजी गयी, लेकिन लगभग छह माह बीत जाने के बाद भुगतान नहीं किया गया। जिससे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के परिवार के लोग चिंतित है। आउटसोर्सिंग चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का शीघ्र भुगतान न किया गया तो अटेवा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। क्योंकि उनके जीवन यापन में कठिनाई आ रही है। साथ ही अटेवा के पदाधिकारियों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग की तथा निजीकरण का विरोध किया। साथ ही शोषण बंद कर चतुर्थ श्रेणी का भुगतान करने की मांग की।

आउटसोर्सिंग चतुर्थ कर्मचारियों के वेतन की जेडी द्वारा रुकी है कार्यवाही: डीआईओएस

फर्रुखाबाद। माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के भुगतान के बारे में जिला विद्यालय निरीक्षक से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि इनका भुगतान उप शिक्षा निदेशक कानपुर के यहां से विलंब है। साथ ही कार्यदायी संस्था लायंस सिक्यूरिटी गार्ड सर्विसेस विनीत खण्ड गोमती नगर लखनऊ के द्वारा भुगतान होना है। मेरी तरफ से वेतन नहीं रुका है।

भाकृए एसो. ने जन समस्याओं को लेकर नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारतीय कृषक एसोसिएशन ने जनसमस्याओं को लेकर सात सूत्रीय ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।

दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि कस्बा कायमगंज में अस्पताल, तहसील कोर्ट व डाकखाना के पास नगर पालिका कायमगंज द्वारा सड़क के दोनों किनारों के फुटपाथों पर अतिक्रमण कर रखा है, जिसे हटवाया जाये। गांव भगौतीपुर में गाटा संख्या 114 व 96 नॉन जेड में आती है, राजकीय संपत्ति है। एसडीम कायमगंज द्वारा मोटी रकम लेकर राजकीय जमीन पर कब्जा नहीं हटवाना चाहते हैं। एसडीएम ने शिकायतकर्ता रामवीर पर ही कार्यवाही कर दी। संबंधित कार्यवाही कर एसडीएम को कायमगंज से हटाये जाने की मांग की है। कस्बा कायमगंज में नगरपालिका द्वारा जो दुकानें फ्री होल्ड की गई थी। उन दुकानदारों द्वारा मोहल्ला जवाहरगंज में पैमाइश से अधिक जगह पर निर्माण करवा लिया। जिससे आवागमन के लिए रास्ता छोटा हो गया है। दोबारा पैमाइश कराकर अतिरिक्त निर्माण हटवाये जाने की मांग की है। तहसील कायमगंज के अंतर्गत गांव नगला धीमर से लेकर शमशाबाद ढाईघाट तक गंगा के दोनों किनारों पर बन्धा बनवाये जाने की मांग की। जिससे बाढ़ से किसानों की फैसले बर्बाद होने से बचाया जा सके। सरकार विद्युत परियोजनाओं का निजीकरण कर रही है, जबकि रोस्टर के अनुसार बिजली नहीं मिल रही है। रोस्टर के अनुसार बिजली किसानों को देने की मांग की। तहसील कायमगंज के गांव भगौतीपुर में 26 व 27 अगस्त 2024 की रात्रि को रामवीर व पप्पू और महेंद्र की पुत्रियों का अपहरण कर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हत्या कर शव पेड़ पर लटका दिया गया था। जिसकी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। जिसमें एक एफआईआर में दोनों का मुकदमा दर्ज किया गया। जिसकी किसी अन्य एजेंसी से जांच कराये जाने की मांग की है। गोल्डी मसाले मानक के अनुसार नहीं है। हल्दी में अरारोट कलर व मिर्च में लाल रंग की मिलावट हो रही है। जिसको खाने से आम जनमानस का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। मसालों की जांच कराये जाने की मांग की है। इस मौके पर सुनील कुमार दुबे, रामलाल गुप्ता, मुन्नालाल सक्सेना, रामवीर जाटव, बिंदु सिंह गंगवार, गजेन्द्र परिहार, रामवीर पाल, रमाकांती आदि लोग मौजूद रहे।

नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते भाकृए

शिविर के तीसरे दिन एक सैकड़ा बुजुर्गों के बने आयुष्मान कार्ड

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

प्रशासन की ओर से वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान बनाने के लिए लगाए गए शिविर में व्यापार मंडल के पदाधिकारी सहित समाजसेवी संस्थाओं ने सहयोग किया। शिविर के दौरान करीब एक सैकड़ा वरिष्ठ नागरिकों के जिनकी उम्र 70 वर्ष से अधिक है के आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

नगर के स्टेट बैंक सेठ गली स्थित अग्रवाल धर्मशाला में शिविर के तीसरे दिन स्वास्थ्य विभाग आयुष्मान प्रकोष्ठ से संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों ने मौजूद रहकर आयुष्मान कार्ड बनाए गये गय, जिसका शुक्रवार को समापन हुआ। आयुष्मान भारत के जिला प्रबंधक डा0 अमित मिश्रा की देखरेख में कैम्प लगाया गया है। वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान योजना में शामिल करने के लिए आरोग्य मित्र पंकज द्वारा रजिस्ट्रेशन किया गया। नागरिकों को आयुष्मान कार्ड की उपयोगिता और उससे होने वाले फायदा से भी अवगत कराया गया तथा अधिक से अधिक संख्या में लोगों से अपने-अपने आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की गई थी। यह सुविधा सभी लोगों के लिए है। जिनकी उम्र 70 से अधिक है। जो सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी है उनको पंडित दीन दयाल उपाध्याय योजना के अन्तर्गत कार्ड बनाये जा रहे है। सहायक पंकज कुमार, अविलाशा चतुर्वेदी, रागिनी यादव, सौरभ अवस्थी ने आयुष्मान कार्ड बनाये। इस मौके पर व्यापार फेडरेशन के जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा, भारतीय व्यापार मंडल के कानपुर मंडल संगठन मंत्री व जिला मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता, सभासद अतुल शंकर दुबे, संजय गर्ग, रोहित गोयल आदि लोग मौजूद रहे।

शिविर में आयुष्मान कार्ड का रजिस्ट्रेशन करवाते बुजुर्ग

पांच दिवसीय नेतृत्व क्षमता प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय की पांच दिवसीय नेतृत्व क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम पंचम दिन समापन हुआ। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि पांच दिनों की कार्यशाला में प्रधानाचार्यों ने नेतृत्व क्षमता का कौशल दिखाया। कोई स्थायी नहीं होता है। कैसे काम करें और दूसरों से काम कैसे लें। भावना पैदा करना उद्देश्य है। अंतिम लक्ष्य तक पहुंचने के लिए प्रधानाचार्यों व शिक्षकों को मेहनत करना चाहिए, जिससे हर विद्यार्थी शिक्षित हो सकें। बच्चों को आगे बढ़ाये और पढ़ने के लिए प्रेरित करें। डायट प्राचार्य डॉ. अनुपम अवस्थी ने कहा कि कार्य कोई छोटा बड़ा नहीं होता है। व्यक्ति के अंदर नेतृत्व क्षमता होनी चाहिए और जो सीखे उस सीख को बच्चों के साथ साझा करें। जिससे विद्यालय उन्नति कर सकें। जीआईसी के प्रधानाचार्य व ट्रेनर सौरभ प्रताप सिंह ने संचालन करते हुए कहा कि प्रशिक्षण में तनाव मुक्त व नेतृत्व विकास की विशेषतायें देखने को मिली। प्रधानाचार्यों ने अपने-अपने अनुभव साझा किये। हर कोई कार्य सेवा भाव से करना चाहिए। ट्रेनर प्रधानाचार्य डॉ. महेश चन्द्र वर्मा, नई दिल्ली से तैयार प्रशिक्षण माडयूल्ड से समग्र प्रधानाचार्यों को नेतृत्व विकास, समय प्रबंधन, तनाव प्रबंधन नेतृत्व की विशेषतायें व दक्षतायें के बारे में गहनता से प्रशिक्षण में जानकारी दी गई। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रधानाचार्यों को कुशल नेतृत्व से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशासनिक कौशल में दक्ष बनाना जो अपनी संस्था को एक अधिगम संस्था के रुप में विकसित करें। प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने कहा कि प्रशिक्षण में जो सिखाया गया वह तनाव मुक्त होकर सीखा। विद्यालय के विकास की धुरी प्रधानाचार्य होता है। विद्यालय की प्रगति के लिए प्रधानाचार्य मार्गदर्शक होता है, उसके बताये गये कार्यों पर सभी अमल करें, तभी नेतृत्व की क्षमता, शक्ति का साहस, कुशलता और व्यवहार किसी को प्रभावित कर सकता है। प्रशिक्षण में जनपद के 63 प्रधानाचार्यों ने रस्तोगी इंटर कालेज में आयोजित प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया।

कार्यशाला में मौजूद डीआईओएस व प्रधानाचार्य

प्रशिक्षण में आये प्रधानाचार्यों ने नेतृत्व क्षमता, समय प्रबंधन आदि दक्षताओं के बारे में गहनता से विचार रखे। सभी प्रधानाचार्यों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी, प्रेमपाल सिंह, डॉ. संदीप कुमार चतुर्वेदी, डॉ. बृजभूषण सिंह, डॉ. ओमपाल सिंह रघुवंशी, डॉ. विनीत चौहान, डॉ. महेश चन्द्र राजपूत, प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी, डॉ. नीतू मसीह, इंदू मिश्रा, ऐस्तर रोज दयाल, रीता दुबे, विश्वमोहिनी, सोनिका त्रिवेदी, राकेश कुमार गुप्ता, डॉ. विनीत सिंह चौहान, राजीव शाक्य, संजीव कुमार, अनिल सिंह, शिवओम दीक्षित, गिरिजा शंकर, बलविन्दर सिंह, संजीव कुमार शर्मा, रजिन्दर कुमार, अमित सिंह, धर्मेन्द्र सिंह रघुवंशी आदि 63 प्रधानाचार्यों ने प्रतिभाग किया।

पुलिस भर्ती परीक्षा का शिक्षकों का पारिश्रमिक भुगतान कराये जाने की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। शिक्षक नेता संतोष दुबे व सतेन्द्र सिंह ने अपर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर आरक्षी पुलिस भर्ती 2024 के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का पारिश्रमिक भुगतान कराये जाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक को भी ज्ञापन दिया जा चुका है। जनपद के विभिन्न विद्यालयों में पुलिस भर्ती परीक्षा का आयोजन 23 व 24, 25 तथा 30, 31 अगस्त को हुआ था। विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक व शिक्षिकाओं का शासन द्वारा निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी लगी थी। परीक्षा के पश्चात कुछ केंद्रों से जानकारी मिली है कि लगभग ५ माह बीत जाने के बाद ड्यूटी का पारिश्रमिक भुगतान अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। रामानंद बालिका इंटर कालेज, रखा बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़, एनएकेपी बालिका डिग्री कालेज फर्रुखाबाद में ड्यूटी के दौरान कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाओं का पारिश्रमिक भुगतान नहीं हुआ है। जिसका भुगतान कराये जाने की मांग की है।

जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम व महामंत्री बने ईश्वरदयाल

- अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामण्डलेश्वर स्वामी सिच्चदानंद हरि साक्षी महाराज सांसद की स्वीकृति पर प्रदेश अध्यक्ष साहब सिंह राजपूत ने जनपद फर्रुखाबाद का जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम राजपूत को मनोनित किया है। साथ ही जिला महामंत्री ईश्वरदयाल राजपूत को बनाया है। शुक्रवार को रेलवे रोड स्थित अनंत होटल में आयोजित बैठक में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष व महामंत्री का समाज के लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम राजपूत ने बताया कि शीघ्र 15 से 20दिनों में कमेटी का गठन कर लिया जायेगा।

स्वागत के दौरान मौजूद जिलाध्यक्ष व महामंत्री

जिसमें जनपद से समाज के लोगों को पदाधिकारी बनाया गया। ईश्वरदयाल राजपूत ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बेंचेलाल वर्मा, लज्जाराम वर्मा, अजय राजपूत, नंदकिशोर राजपूत, कमलेश राजपूत, दामोदर राजपूत, शैलेन्द्र राजपूत, अजय राजपूत, पवन राजपूत, रामचरन राजपूत, जौली राजपूत, जेडी राजपूत, विपिन राजपूत, रामप्रकाश राजपूत, सुरेन्द्र राजपूत, कौशल राजपूत, विनोद राजपूत, नवाब सिंह राजपूत, नरोत्तम राजपूत, रीतेश राजपूत, संतोष राजपूत, गुरुदेव राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के तहत विद्यालय में हुई प्रतियोगितायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमलैया आशानंद शमशाबाद में इंचार्ज प्रधानाध्यापक राजकुमार द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारियां दी गई। सड़क पर चलने वाले प्रत्येक मानव का जागरुक किया गया तथा पालन कराने के लिए प्रेरित किया गया। बाइक चालकों को हेलमेट लगाने व कार चालकों को सीट बेल्ट लगाने व सड़क के किनारे चलने, लगी रेलवे क्रासिंग को पार न करने की सलाह दी गई। साथ ही स्लोगन लिखे नारे लगाये गये। दुर्घटनाओं को नियंत्रण रखने के लिए सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही विद्यालय में निबंध, पोस्टर, स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रथम स्थान पर शशि, प्रेमलता, नेहा व श्याम जी रहे। द्वितीय स्थान पर सत्यम, खुशी, सेजल, शिवानी रही। तृतीय स्थान पर लोकेश, जुनैद, अजीत रहे। सांत्वना पुरुस्कार में निर्मला, प्रांशी, मानवी, आंशी, पलक, काजल, आरके, आस्था, अंशुल रहे। साथ ही सड़क सुरक्षा की रैली निकाली गई। इस मौके पर अतुल कुमार, अभिषेक कुमार, प्रधानपति प्रमोद गंगवार, एसएमसी अध्यक्ष अशोक कुमार, संकुल शिक्षक अशोक सिंह, एआरपी मुकेश सिंह मौजूद रहे। प्रधानाध्यापक स्काउट मास्टर राजकुमार ने आभार व्यक्त किया।

धर्म के तीन स्कन्ध करने वाला मनुष्य कहलाता है धर्मात्मा: चन्द्रदेव शास्त्री

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला श्रीरामनगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में प्रातःकाल यज्ञ किया गया। आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने कहा कि धर्म के तीन स्कन्ध हैं यज्ञ, अध्ययन और दान। यज्ञ करने वाला, श्रेष्ठ पुस्तकों का अध्ययन करने वाला और उत्तम कार्यों में दान देने वाला मनुष्य धर्मात्मा कहलाता है। यज्ञ को शास्त्रों में कल्पवृक्ष कहा गया है, जो व्यक्ति जैसी शुभकामना लेकर यज्ञ करता है उसकी वो शुभकामनाएं यज्ञ भगवान पूर्ण करते हैं। यज्ञ करने से प्रदूषण दूर होता है। जिससे मनुष्य लम्बी आयु को प्राप्त करता है। इसीलिए शास्त्रों में यज्ञ को श्रेष्ठतम कर्म कहा गया है। स्वाध्याय करने वाले मनुष्य के विचार श्रेष्ठ बनते हैं। और धर्म हित दान करने वाले मनुष्य सौभाग्य को प्राप्त होते हैं। श्रुतिकीर्ति अग्निहोत्री ने भजन के माध्यम से बताया कि महर्षि दयानन्द ने वेदों का भाष्य करके सम्पूर्ण संसार में ज्ञान का सूर्यवत प्रकाश किया। जिससे लोग अविद्यान्धकार से बचकर ज्ञान के प्रकाश में विचरण कर सकें। पण्डित शिवनारायण आर्य ने बताया कि मनुष्य जीवन की सार्थकता वेद के बताए हुए रास्ते पर चलने से है। पण्डित धनीराम बेधड़क, आल्हा सम्राट मुन्नालाल ने अपने विचारों से श्रोताओं को सन्मार्ग में चलने की प्रेरणा दी। स्वामी महेन्द्रानंद ने मंच का संचालन किया। सभा में उत्कर्ष आर्य, उदयराज आर्य, संदीप आर्य, हरिओम शास्त्री, शिशुपाल आर्य, अजीत आर्य आदि उपस्थित रहे।

प्रवचन करते धनीराम बेधड़क

डायबिटीज है गुर्दे की सबसे बड़ी दुश्मन: डॉ. शुचि आनंद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

रेडक्रास सोसायटी संस्था द्वारा किये गये कार्यों व हैल्प कैम्प, ब्लड-डोनेशन कैम्प दवा वितरण व अन्य सामाजिक कार्यों के बारे में पत्रकारों को जानकारी दी गई। लोहाई रोड स्थित डॉ. रजनी सरीन के आवास पर पत्रकार वार्ता में अमेरिका से आई गुर्दा रोग विशेषज्ञ डॉ. शुचि आनन्द ने बताया कि गुर्दा हमारे शरीर का मुख्य अंग है।

अगर उसमे कोई दिक्कत हो जाये तो उसका इलाज कराना बहुत मंहगा है, गुर्दे को सुरक्षित रखने के लिए अच्छा खाना और योग करना चाहिए। लोगों को अपने अंग को मृत्यु उपरान्त दान करना चाहिए। जिससे इस बीमारी से परेशान लोगों को जीवन मिल सके। रेडक्रास सोसायटी के उप चेयरमैन शीश महरोत्रा ने बताया कि जनपद में 100 से ज्यादा सदस्य है। संस्था समाज हित में कुछ कार्य करती रहती है। अभी तक 38 कार्यक्रम हो चुके है। 4 हजार से ज्यादा लोगों को मेडिकल की सहायता दी जा चुकी है। तीन कैम्प आयोजित हुए है। रक्तदान शिविर हुआ है, जिसमें 100 यूनिट रक्तदान किया गया जा चुका है। गंगा स्वच्छता अभियान चलाया जा चुका है। बीते दिनों कचहरी में भी स्वास्थ्य कैम्प लगा था। बाढ़ पीड़ितों को लंच पैकेट भी वितरित किये गये थे। संस्था में प्रत्येक माध्यमिक विद्यालयों से 1 रुपया प्रति बच्चा शुल्क लिया जाता है जो जमा होता है। जिसके द्वारा संस्था अपना खर्च कर कार्य करती रहती है। इस मौके पर कोषाध्यक्ष कौशल्या महरोत्रा, हिमांशी अरोड़ा, आकाश चतुर्वेदी, गुंजा जैन आयुष्मेन्द्र सिंह, अंशुली महरोत्रा, निशांत तिवारी, अजय प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

जानकारी देती डॉ. शुचि आनंद

सीएमओ सहित चार के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। स्वास्थ्य विभाग में फैले भ्रष्टाचार के संदर्भ में विभाग के उच्चाधिकारियों से शिकायत करने व जन सूचना अधिकार के तहत सूचना मांगें जाने पर मुख्य चिकित्साधिकारी, एसीएमओ व उनके विभाग से संबंधित दो अन्य कर्मियों द्वारा जानमाल व झूठे मुकदमे में जेल में भेजने की धमकी देने के मामले में पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न किये जाने पर पीड़ित पत्रकार ने न्यायालय की शरण ली। संजीव उर्फ संजय चौहान पुत्र राधेलाल निवास नेकपुर चौरासी न्यू फौजी कालोनी बंधौआ कोतवाली फतेहगढ़ ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवनीन्द्र कुमार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सर्वेश कुमार, स्टेनो सत्यवीर सिंह, वरिष्ठ सहायक लिपिक हरिप्रकाश सिंह कार्यरत मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय फतेहगढ़ के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर की।

जिसमें दर्शाया कि मैने अपने समाचार पत्र में मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में बिना सरकार की अनुमति से आउट सोर्सिंग की कम्पनी मै0 अवनी परिधि एण्ड कम्युनिकेशन प्राइवेट लि0 लखनऊ द्वारा 6 व्यक्ति राजेश पाल पुत्र सोवरन पाल की नियुक्ति 22 जुलाई 2024, आशीष पुत्र फतेहचन्द्र, अभिषेक तिवारी पुत्र अजय तिवारी, अफजल खान पुत्र असद, सूरज दिवाकर पुत्र सुरेश बाबू, गौरव सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह की विभिन्न तिथियों पर नियुक्ति इन लोगों द्वारा की गई। से संबंधित समाचार प्रकाशित किया था। इसके अलावा डा0 राममनोहर लोहिया चिकित्सालय पुरुष से संबंधित भ्रष्टाचार कर सरकारी धन का दुरुपयोग व नेत्र परीक्षण की फर्जी भर्ती निरस्त की गई, लेकिन सीएमएस के स्टेनो सत्यवीर सिंह ने अपने फर्जी आदेश सीएचसी भेज दिया। ऐसे विभाग के कई मामले जो मेरे संज्ञान में आने पर मैंने जन सूचनाधिकार के तहत सूचना मांगी तो उपरोक्त सभी लोगों ने मुझे धमकी दी कि यदि अगर तूने शिकायत करना बंद नहीं किया तो तुझे षड्यंत्र के तहत फर्जी मुकदमा लिखवाकर जेल भिजवाने व हत्या करवाने की भी धमकी दी। शिकायतकर्ता ने पुलिस से भी शिकायत की, कार्यवाही न होने पर न्यायालय की शरण ली।

अप्रेंटिसशिप मेले में 35 अभ्यार्थियों का हुआ चयन

अप्रेंटिसशिप मेले में मौजूद अभ्यार्थी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर शुक्रवार को रोजगार मेले का आयोजन हुआ। अप्रेंटिसशिप मेले में 6 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। 110 रिक्तियों के सापेक्ष मेले में 60 अभ्यार्थियों ने भाग लिया। रोजगार मेले में कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 60 अभ्यार्थियों का साक्षात्कार कर 35 अभ्यार्थियों का चयन अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण हेतु किया गया। मेला की व्यवस्था में प्रमुख रुप से कार्यदेशक बृजेश कुमार, अप्रेंटिसशिप प्रभारी रंजीत कुमार सुमन, प्लेसमेंट प्रभारी सुनील कुमार, विजेन्द्र सिंह, राजकिशोर महतो आदि लोग मौजूद रहे।

जिला बार एसो0 के चुनाव लड़ने के लिए अनुभव व शुल्क निर्धारित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिला बार एसोसिएशन में अध्यक्ष पद के लिए अनुभव व विधि व्यवसहाय की उम्र 25 वर्ष व नामांकन शुल्क 25 हजार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए अनुभव 20 वर्ष, शुल्क 20 हजार, उपाध्यक्ष पद के लिए अनुभव 10 वर्ष, शुल्क 15 हजार, उपाध्यक्ष महिला आरक्षित के लिए अनुभव 10 वर्ष, शुल्क 15 हजार, उपाध्यक्ष पद के लिए अनुभव 10 वर्ष, शुल्क 15 हजार, सचिव पद के लिए अनुभव 15 वर्ष, शुल्क 20 हजार, कोषाध्यक्ष पद के लिए अनुभव 10 वर्ष, शुल्क 10 हजार, संयुक्त सचिव महिला आरक्षित के लिए अनुभव 5 वर्ष, शुल्क 10 हजार, संयुक्त सचिव के लिए अनुभव 5 वर्ष, शुल्क 10 हजार, कार्यकारिणी सदस्य वरिष्ठ के लिए अनुभव 15 वर्ष, शुल्क 5 हजार, कार्यकारिणी कनिष्ठ सदस्य के अनुभव 5 वर्ष, शुल्क 5 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। 23 पदों के लिए एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष श्रवण कुमार चतुर्वेदी ने सूची जारी की है।

गणित के सूत्र को लिखकर याद करें, जिससे बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक आ सकें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। यूपी बोर्ड की परीक्षा 24 फरवरी से सम्पन्न होने जा रही है। जिसकी तैयारियों को लेकर छात्र शिक्षकों के मार्गदर्शन में पढ़ाई कर रहे है। परीक्षा पर चर्चा के दौरान अपने अनुभव साझा करते हुए

परीक्षा पर चर्चा

कन्हैया लाल रामशरन रस्तोगी इंटर कालेज के गणित प्रवक्ता देवेन्द्र कुमार ने बताया कि एनसीईआरटी की किताबों से तैयारी करें। किताब में दिये गये हर महत्व पूर्ण टॉपिक को जरुर पढ़े। ध्यान रहे की कोई भी जरुरी टॉपिक छूटने न पाये। कुछ टॉपिक ऐसे होते है जिनमें सवाल आता ही है,जैसे निश्चित समाकलन के सामान्य प्रगुण त्रि-विमीय मॉप ज्यामिती से न्यूनतम दूरी रैखिक प्रोग्राम सांतत्यता, समीकरणो को आव्यूह विधि से हल उच्चिष्ठ और निम्निष्ठ,

पिछले साल के पेपर जरुर देखे। इससे आपको पेपर का आइडिया हो जायेगा। टाइम का जरुर ध्यान रखें। आपको ध्यान रखना है कि प्रश्न को कितने समय में हल करना है। ज्यादा नम्बर वाले प्रश्न को पहले हल करें।

देवेन्द्र कुमार, प्रवक्ता गणित

अगर प्रश्न में थोड़ी सी दुविधा है तो उनको बाद में हल करें। गणित के सूत्र को लिखकर याद करें। जो सवाल हल करे उनमें प्रयोग होने वाले सूत्र को भी लिखे। सवाल लगाते समय कैल्कुलेशन का ध्यान रखें। जिससे वह गलत न हो पाये। सवाल को हल करते शॉटकट का प्रयोग न करें। गणित का निरतंर अभ्यास करें और मन लगाकर पढ़े। जिससे बोर्ड परीक्षा में बच्चे अच्छे अंक लाकर उत्तीर्ण हो सकें। क्योंकि गणित सब विषयों का ज्ञाता है। गणित में पूरे अंक मिलते है। इसलिए सूत्रों का विद्यार्थी ध्यान रखें और लिखकर याद करें।

संजीव चौहान, अध्यापक गणित

रस्तोगी इंटर कालेज के गणित अध्यापक संजीव कुमार चौहान ने बताया कि गणित के प्रश्न पत्र को हल करने के लिए पहले वह प्रश्न करें जो उन्हें आते है। घर पर बच्चे फार्मूलों का अभ्यास जरुर करें। फार्मूलों में हल्की चूक हो जाने पर सवाल गलत हो जाता है, यदि किसी प्रश्न पर अटक जाते है तो उसे छोड़ दें, तथा अन्य प्रश्नों को हल करें। समय बचने पर सवाल के जवाबों को पुनः चेक कर लें। घर पर बच्चे प्रश्नों को ज्यादा से ज्यादा, रिविजन करें, जो की परीक्षा के समय आसानी से आये हुए प्रश्नों के सवाल हल कर सकें।

छात्र- प्रांशु अग्निहोत्री

गणित को नियमित अध्ययन करने से सरल बना सकते है: प्रांशु

रस्तोगी इंटर कालेज के मेधावी व कक्षा-12 के छात्र प्रांशु अग्निहोत्री ने बताया कि गणित एक कठिन विषय माना जाता है, लेकिन मेरा यह मानना है कि नियमित अध्ययन करने से इसे सरल बना सकते है। अधिक से अधिक पिछले वर्षों के पेपर को हल करना चाहिए और फार्मूलों के नोट्स बनाकर हम परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर सकते है और लिखकर रिविजन भी करें।

छात्र-संजय कुमार

गणित के सवाल लगाने से पहले परीक्षा के लिए नोट्स तैयार करें: संजय कुमार

रस्तोगी इंटर कालेज के हाईस्कूल के छात्र संजय कुमार ने बताया कि गणित देखने में जितना कठिन लगता है उतना ही सरल है। गणित में फार्मूलों का महत्व होता है। लिखकर फार्मूलों का रिविजन करने से सवाल अपने आप में हल हो जाता है। सवाल हल करते समय पहले से बनाये गये नोट्स पर भी ध्यान रहना चाहिए, जिससे प्रश्न का उत्तर आसानी से हल हो सकें।

महाकुम्भ में उमड़े श्रद्धालुओं की मदद को उतरा प्रयागराज, लोग कर रहे सहयोग

समृद्धि न्यूज

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ में उमड़ रहे आस्था के जनसमुद्र को संभालने और सहयोग के लिए उत्तर प्रदेश के हर कोने से लोग तत्पर दिख रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से हर धर्म, वर्ग और समुदाय के लोग श्रद्धालुओं की मदद के लिए आगे बढ़कर आ रहे हैं।

प्रयागराज के साथ लखनऊ, अयोध्या, काशी, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, कौशाम्बी, चित्रकूट, मिर्जापुर तक के लोग श्रद्धालुओं के भोजन-पानी का इंतजाम कर रहे हैं। वहीं, डॉक्टर से लेकर शिक्षक तक लोगों की सेवा के लिए मैदान में उतर पड़े हैं। दुनिया में पहली बार इतना भारी जनसैलाब उमड़ रहा है। इसीलिए देश भर के श्रद्धालुओं के लिए सीएम योगी के प्रयासों से प्रभावित होकर समूचे यूपी वाले श्रद्धालुओं के सहयोग के लिए मैदान में उतर पड़े हैं। उम्मीद से भी अधिक श्रद्धालुओं को देखते हुए इंग्लैंड के रोबोटिक सर्जन के लेकर प्रदेश के बड़े हार्ट स्पेशलिस्ट और वैस्कुलर सर्जन तक आगे बढ़कर सामने आ रहे हैं। यहां तक कि मेले में आने वाले लोगों के लिए स्कूलों और धार्मिक स्थलों के दरवाजे खोल दिए गए हैं। स्कूलों और धार्मिक स्थलों के दरवाजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं।

मुस्लिमों ने हर-हर गंगे के उद्घोष के बीच श्रद्धालुओं का किया स्वागत

प्रयागराज में प्रवेश करती ही आस्था, श्रद्धा, सामाजिक समरसता और सद्भाव का रूप दिखने को मिल रहा है। त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाने के लिए प्रतिदिन श्रद्धालुओं का रेला महाकुम्भ नगर पहुंच रहा है। इस दौरान सनातन श्रद्धालुओं के साथ मुस्लिमों ने भी पुष्प और अंगवस्त्र देकर उनका स्वागत किया। पुराने शहर के चौक इलाके में जामा मस्जिद के बाहर बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने हर हर गंगे के उद्घोष के साथ श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इसके बाद श्रद्धालुओं को अंगवस्त्र और पुष्प देकर रवाना किया गया।

डॉक्टर व शिक्षक बने सेवक

यूपी सरकार के सहयोग के साथ इंग्लैंड के रोबोटिक सर्जन से लेकर स्थानीय अध्यापक तक श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे हैं। लखनऊ के अपोलो अस्पताल में डॉक्टरों की पूरी टीम श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य समस्याओं का ऑनलाइन समाधान कर रही है। वहां प्रदेश के जाने-माने वैस्कुलर सर्जन डॉ यशपाल सिंह श्रद्धालुओं को ऑनलाइन उपचार कर रहे हैं। इसके अलावा इंग्लैंड से रोबोटिक सर्जरी के विशेषज्ञ डॉ. वलीउल्लाह सिद्दीकी लखनऊ से प्रयागराज आकर लोगों का उपचार कर रहे हैं। इनके अलावा मेदांता हॉस्पिटल के हार्ट स्पेशलिस्ट डॉक्टर अविनाश कुमार सिंह महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं का लखनऊ और अयोध्या से ही ऑनलाइन उपचार कर दवाएं उपलब्ध करा रहे हैं।

महाकुंभ में अदाणी व इस्कॉन लाखों लोगों को वितरित कर रहे महाप्रसाद

समृद्धि न्यूज

महाकुंभनगर। मौनी अमावस्या के पवित्र स्नान के लिए देश और दुनिया से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ प्रयागराज में उमड़ रही है। करोड़ों लोग संगम में पवित्र डुबकी लगा रहे हैं, भीड़ और आवागमन को लेकर लोग चिंता में हैं लेकिन खानपान को लेकर लोगों में किसी तरह की चिंता नहीं है। इसका कारण है कुंभ मेला क्षेत्र में उपलब्ध महाप्रसाद। अदाणी और इस्कॉन मिलकर प्रतिदिन 1 लाख से ज्यादा लोगों के लिए महाप्रसाद का वितरण कर रहे हैं। यह महाप्रसाद, मेला क्षेत्र में स्थित इस्कॉन की 3 रसोईयों में बनाया जा रहा है और 40 से भी ज्यादा स्थानों पर वितरित किया जा रहा है। वितरण का काम लगभग पूरे दिन ही चलता रहता है।

कुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर 19 में स्थिति इस्कॉन की रसोई में पूरे दिन सरगर्मी बनी रहती है। सुबह के प्रसाद की तैयारी देर रात 2 बजे के आसपास शुरू हो जाती है। सबसे पहले सब्जियों को किचन तक लाने और उन्हें छीलने-काटने का काम होता है। सब्जियां ताजी ही इस्तेमाल की जाती हैं। सारी खरीदारी लोकल दुकानदारों से की जाती है। जरूरत के मुताबिक दुकानदारों को पहले ही सूचित कर दिया जाता है। खरीदारी के काम को लगातार करने वाले इस्कॉन के सेवक निखिल बताते हैं कि हम रोज सुबह इस काम के लिए लिए निकलते हैं और सुबह ही तकरीबन 500 कुंटल सब्जी खरीदी जाती है। अदाणी-इस्कॉन रसोई का निर्माण भी इस तरह से किया गया है कि खाने की गुणवत्ता बनी रह सके।

खबरें एक नजर में

बैटरी स्मार्ट ने स्टेशन पार्टनर सम्मेलन का किया आयोजन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। बैटरी स्मार्ट, जो भारत का सबसे बड़ा बैटरी-स्वॉपिंग नेटवर्क है, ने हाल ही में लखनऊ में स्टेशन पार्टनर सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें 100 से ज्यादा स्टेशन पार्टनर्स ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में ईवी क्षेत्र में उनके योगदान का सम्मान किया गया और प्रदूषण रहित इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के लिए आपसी सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। सम्मेलन में इस बात पर जोर दिया गया कि स्टेशन पार्टनर्स और ड्राइवर्स शहर की स्थायी गतिशीलता को बढ़ावा देने में कितनी अहम् भूमिका निभाते हैं। इस कार्यक्रम में उन बेहतरीन पार्टनरों को भी सम्मानित किया गया जो सुरक्षा, संचालन और बेहतरीन सेवा पर ध्यान देकर बैटरी-स्वॉपिंग को आगे बढ़ा रहे हैं। इस तरह की पहल इंडस्ट्री में पहली बार की गई है, जो बैटरी-स्वॉपिंग के जरिए पर्यावरण पर असर डालने के साथ-साथ इस क्षेत्र से जुड़े लोगों के सामाजिक और आर्थिक विकास पर भी जोर देती है। बैटरी स्मार्ट अपने स्टेशन पार्टनरों को स्थिर आय और व्यवसाय के अवसर देकर उन्हें सशक्त बना रहा है और साथ ही लखनऊ के ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने में योगदान दे रहा है। निशांत गर्ग, सीनियर डायरेक्टर, एक्सपेंशन, बैटरी स्मार्ट, ने कहा, लखनऊ में बैटरी स्मार्ट का बढ़ता नेटवर्क इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में तेजी ला रहा है और शहर के लेक्ट्रिक वाहन इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर रहा है। स्टेशन पार्टनर सम्मेलन के माध्यम से हम सिर्फ बैटरी स्वॉपिंग का विस्तार ही नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम अपने पार्टनर्स के लिए आर्थिक अवसर भी उत्पन्न कर रहे हैं, जिससे समुदाय की प्रगति हो रही है।

बरेका ने 124 इलेक्ट्रिक लोको बोगियों का किया निर्माण

वाराणसी, समृद्धि न्यूज। बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) की ट्रक मशीन शॉप ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। मशीन शॉप ने जनवरी 2025 में अब तक की सर्वाधिक 124 इलेक्ट्रिक लोको बोगियों का निर्माण किया है। इससे पूर्व, नवंबर 2022 में सर्वाधिक 104 लोको बोगियों का निर्माण कारखाना में हुआ था। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने ट्रक मशीन शॉप पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और बोगियों को राष्ट्र सेवा में समर्पित किया। महाप्रबंधक ने इस शानदार उपलब्धि के लिए टीएमएस शॉप की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि ''बरेका लोको उत्पादन के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। यह उपलब्धि भारतीय रेलवे के आत्मनिर्भर भारत मिशन को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। वर्ष 2022 में 104 लोको बोगियों का निर्माण हुआ था, जबकि जनवरी 2025 में 124 लोको बोगियों का निर्माण कर रिकॉर्ड स्थापित किया गया। यह नया कीर्तिमान बरेका के समर्पित अधिकारियों, कर्मचारियों की कड़ी मेहनत से संभव हुआ है। इस अवसर पर मुख्य विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी परिषद के सदस्य एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

ब्रिक्स युवा परिषद उद्यमिता समूह बैठक की मेजबानी करेगा भारत

नई दिल्ली। भारत मार्च 2025 में ब्रिक्स युवा परिषद उद्यमिता कार्य समूह की बैठक की मेजबानी करेगा। युवा मामले और खेल मंत्रालय का युवा मामले विभाग इस बैठक का आयोजन 3 से 7 मार्च 2025 तक करेगा। बैठक का मुख्य विषय ''सतत विकास के लिए युवा उद्यमिता'' होगा, जिसमें ब्रिक्स देशों के लगभग 45 युवा प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस बैठक का उद्देश्य ब्रिक्स देशों के बीच उद्यमिता के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देना और युवा उद्यमियों को नीतियों, कार्यक्रमों और अवसरों से जोड़ना है। कार्य समूह में ब्रिक्स युवा परिषद के प्रतिनिधि अपने-अपने देशों के अनुभव साझा करेंगे और नई कार्य योजनाओं, नीतिगत सहयोग और अंतरराष्ट्रीय उद्यमिता अवसरों पर चर्चा करेंगे। बैठक से पहले युवाओं के बीच उद्यमिता के महत्व को बढ़ावा देने के लिए देशभर में 8 रन-अप कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में पैनल चर्चा, विचार-विमर्श और उद्यमिता से जुड़े विषयों पर संवाद किया जाएगा।

महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित रखने का प्रस्ताव

काठमांडू। नेपाल निर्वाचन आयोग ने संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करने का प्रस्ताव किया है। यदि आयोग का यह प्रस्ताव पारित होता है तो अगले आम चुनाव से महिलाओं के लिए देश में 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित हो जाएंगी। प्रमुख निर्वाचन आयुक्त दिनेश थपलिया ने गृह मंत्रालय को भेजे प्रस्ताव में महिलाओं के लिए प्रत्यक्ष निर्वाचन में ही 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करने का प्रस्ताव किया है। थपलिया का कहना है नेपाल के संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक नेपाल की महिलाओं को प्रत्यक्ष राजनीति में भागीदारी बढ़ाने के लिए यह प्रस्ताव किया गया है। संसद में वैसे तो अभी भी 33 प्रतिशत आरक्षित सीट हैं। लेकिन यह प्रत्यक्ष चुनाव के बदले समानुपातिक सीटों से पूरा किया जाता है। उन्होंने बताया कि यह प्रस्ताव महिलाओं की संसद में बैक डोर इंट्री के बजाए प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया से आगे लाने के लिए किया गया है। इस प्रस्ताव को गृह मंत्रालय की तरफ से पहले कैबिनेट की बैठक से पारित कराया जाएगा। उसके बाद संसद के दोनों सदनों से पारित करना अनिवार्य है।

सड़क हादसे में चाचा की मौत, भतीजा घायल

राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज। राजगढ़ थाना छेत्र के ददरा पहाड़ी में सुबह स्विफ्ट डीजायर से मिर्जापुर से सोनभद्र जा रही थी कि रास्ते में ददरा पहाड़ी के पास बाइक सवार सड़क पार करते समय चाचा भतीजा को स्विफ्ट डीजायर के धक्का मार दिया। जहाँ पर लोगों की भीड़ लग गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एम्बुलेंस से राजगढ़ के सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जिसमे डॉक्टर के जाँच में चाचा की मौत हो गई। मृतक चाचा शिवलाल 62 वर्ष निवासी बेलाही रैकरा मडीहान थाना, एवं भतीजा मुन्ना 45 वर्ष निवासी बेलाही रैकरा मड़ीहान थाना गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक के परिजनो का रों रों कर बुरा हाल है। राजगढ़ थाना प्रभारी महेंद्र पटेल मौके पर राजगढ़ अस्पताल पहुचे। मृतक की डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से गांव में शोक ब्याप्त है। कार को पुलिस ने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही कर रही है।

बिहार में खत्म हो चुका है शासन-प्रशासन : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि बिहार के सासाराम में सांसद मनोज राम पर जिस तरह से जानलेवा हमला हुआ है उससे यह साफ हो गया है कि प्रदेश में जंगल राज चल रहा है और वहां शासन प्रशासन पूरी तरह से खत्म हो चुका है। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह तथा विधायक दल के नेता शकली अहमद ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिहार में एक दिन पहले एक बहुत दुखद घटना हुई है। इसमें सासाराम के सांसद मनोज राम के साथ जो घटित हुआ है वह बहुत दुखद है और उससे साफ हो गया है कि वहां शासन प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं है।

योगी ने जो कर दिखाया वह किसी और के बस की बात नहीं : निकोलो

समृद्धि न्यूज

महाकुम्भ नगर । महाकुम्भ में मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत का साक्षी बनने और इस समृद्ध विरासत की एक झलक देखने की लालसा केवल भारतीयों में ही नहीं, दुनिया भर के लोगों में है। यही कारण है कि सकल विश्व से लोग महाकुम्भ के महाआयोजन का साक्षी बनने स्वतः ही खिंचे चले आ रहे हैं। कुछ दिनों पहले एक वीडियो वायरल होता है जिसमें एक विदेशी शख्स भंडारे से मिला खाना बड़े चाव से खाता दिखता है और लोग उसे हैरी पॉटर की संज्ञा देते हुए प्रचारित करना शुरू कर देते हैं।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियोज में हैरी पॉटर फेम यह शख्स कोई और नहीं, इटली के निकोलो ब्रुग्नारा हैं। महाकुम्भ में मिल रहे फेम का आनंद लेते हुए निकोलो महाकुम्भ, यूरोप, भारत, योग और योगी सरकार के बारे में भी कई बातें बताते हुए मुक्त कंठ से तारीफ करते हुए नहीं थकते हैं। निकोलो इटली की न्यूज एजेंसी द्वारा बतौर कैमरामैन महाकुम्भ मेला कवर करने आए हैं और यहां महाकुम्भ पर बन रही एक डॉक्यूमेंटरी का भी हिस्सा हैं। वह आए तो थे महाकुम्भ की खबरें कवर करने, तस्वीरें खींचने। मगर अब खुद खबर बन गए हैं और इसका कारण सोशल मीडिया से मिल रही पॉपुलैरिटी है। उनके अनुसार, एक सीमित क्षेत्र में करोड़ों लोगों का यूं जुटना, स्नान-पूजन व ध्यान करना और छिटपुट घटनाओं के इतर इतने समायोजित तरीके से पूरी प्रक्रिया का प्रबंधित होना किसी अचरज से कम नहीं है।

आईडी विस्फोट को अंजाम देने वाले नक्सलियों के दो सहयोगी गिरफ्तार

गरियाबंद/रायपुर । छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के बड़े गोबरा गांव में आईडी विस्फोट को अंजाम देने वाले नक्सलियों के दो सहयोगियों को एनआईए ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों ओवर ग्राउंड सहयोगियों का नाम धनेश ध्रुव उर्फ गुरुजी और रामस्वरूप मरकाम बताया गया है। जांच में पता चला कि दोनों आरोपी धनेश राम ध्रुव और रामस्वरूप मरकाम माओवादी आतंकियों को आईईडी बनाने के लिए जरूरी सामग्री और लॉजिस्टिक सपोर्ट मुहैया करवा रहे थे। फिलहाल गिरफ्तार किये गए दोनों सहयोगियों से पूछताछ की जा रही है। अधिकारिक सूत्रों ने आज जानकारी दी कि इस वारदात को 17 नवंबर 2023 को अंजाम दिया गया था। नक्सलियों ने यह विस्फोट उस समय किया था, जब मतदान दल, मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद बड़े गोबरा गांव से लौट रहा था। इस हमले में भारत तिब्बत सीमा पुलिस के एक हेड कांस्टेबल बलिदान हो गए थे।।

यमुना में पानी की गुणवत्ता में हुआ सुधार

एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को चुनाव आयोग के दूसरी नोटिस का जवाब दिया। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वह दिल्ली के लोगों को बधाई देना चाहते है कि आज आम आदमी पार्टी और दिल्ली के ढाई करोड़ लोगों का संघर्ष सफल हुआ और सकारात्मक नतीजा मिल गया। 26-27 जनवरी तक हरियाणा की सरकार दिल्ली में जो पानी भेज रही थी, आज वह 7.2 पीपीएम अमोनिया से 2.1 पीपीएम पर आ गया है। 2.1 अमोनिया के साथ हमारे अधिकतर वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट ठीक चल सकते हैं और लोगों को ठीक-ठाक पानी मिल सकता है। हम सब के संघर्ष की वजह से पानी में अमोनिया का स्तर नीचे आया।

आगे केजरीवाल ने कहा कि चुनाव आयोग ने मुझे एक नोटिस भेजा था। उन्होंने उसका जवाब दे दिया। फिर चुनाव आयोग ने उन्हें दूसरा नोटिस भेजा। चुनाव आयोग के दूसरे नोटिस में जो भाषा लिखी है, उससे ऐसा लगता है कि वह पहले से ही तय कर चुके हैं कि क्या सजा सुनानी है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा बहुत संगीन है। मोटे तौर पर दिल्ली और देश के लोगों को बताना चाहता हूं कि आखिर यह पूरा मामला क्या है? लगभग दिसंबर के महीने से दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने यह देखा कि दिल्ली में यमुना के जरिए जो पानी आ रहा है, उसमें अमोनिया बढ़ने लगा है। केजरीवाल ने कहा कि उनकी सरकार पानी के ऊपर राजनीति नहीं करना चाहती। इसलिए दिसंबर से जनवरी तक दिल्ली सरकार और यहां तक कि पंजाब के मुख्यमंत्री ने बहुत कोशिश की कि बातचीत के जरिए समाधान निकले। इसलिए या तो आप पानी में अमोनिया की मात्रा कम कीजिए या ज्यादा पानी दे दीजिए। जिससे अमोनिया को डायल्यूट कर सकें।

चुनाव आयुक्त पर लगाया आरोप

आतिशी और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मुख्य चुनाव आयुक्त को इस बारे में बताते हुए चिट्ठी लिखी और निवेदन किया कि वह हरियाणा सरकार को कहें कि वह दिल्ली में अधिक अमोनिया वाला पानी न छोड़ें। चुनाव आयोग ने इसका कोई संज्ञान नहीं लिया। ये लोग उनसे मिलकर आए। चुनाव आयोग ने उसको लेकर हरियाणा मुख्यमंत्री को कोई ऑर्डर पास नहीं किया कि वो पानी ठीक छोड़े। मुख्य चुनाव आयुक्त ने उल्टा उन्हें नोटिस दे दिया कि आवाज उठाने के लिए क्यों न कार्रवाई की जाए। आगे केजरीवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को अपना जवाब देते हुए कहा है कि उन्हें 30 जनवरी को उनका पत्र प्राप्त हुआ है।

समाजवादी पार्टी का पीडीए चर्चा अभियान जारी

समृद्धि न्यूज

मिर्जापुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार जनपद मिर्जापुर के छानबे के बैधा, सदर के भटेवरा, मझवां के पहाड़ी, चुनार के रामगढ़ सीखड़, मड़िहान के बनकी आदि सेक्टरों में पीडीए जन पंचायत चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें संविधान को बचाने की शपथ दिलाई जा रही है और डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी संगठनों की मंशा बाबा साहब के संविधान को बदलने की है। भाजपा जितना ताकतवर होगी, संविधान पर उतना बड़ा हमला करेगी। देश की एकता, अखंडता, भाईचारे, सामाजिक न्याय और खुशहाली के लिए बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के बताए रास्ते पर चलना होगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने संविधान बनाकर गरीबों, वंचितों, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों आदिवासियों और महिलाओं को अधिकार और सम्मान दिलाया। उनका संविधान पीडीए की ताकत और संजीवनी है। सपा बाबा साहब के संविधान और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रही है।

वर्ष 2027 में सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को दिन-रात एक करके काम करना है। इस मौके पर पीडीए पर्चा भी घर-घर वितरण किया गया। जगह-जगह आयोजित जनचर्चा कार्यक्रम में मड़िहान विधानसभा अध्यक्ष शैलेष पटेल, सदर विधानसभा अध्यक्ष सत्यप्रकाश यादव, संतोष गोयल, मुकुन्द यादव, सुभाष कोल, गुल बहार, मो0 इस्लाम, रामकिशन यादव, गोविन्द कोल, विनय कुमार, शेर अली, हृदय नारायण, रामराज, अभय यादव, राममिलन यादव, रामराज यादव, रिन्कू यादव, निरंजन राय, राणा प्रताप सिंह, महिपाल सिंह, इन्दू कुमारी, विरेन्द्र यादव, रफीक अहमद, जमुना यादव, रामजी मौर्या, रविन्द्र बहादुर सिंह, निराला कोल, गुड्डू यादव, मुमताज आदि मौजूद रहें।

आमने-सामने बाइक की भिड़ंत, दो घायल

मड़िहान (मिर्जापुर)। मड़िहान थाना क्षेत्र के मड़िहान घोरावल संपर्क मार्ग पर जमुई गांव के सामने दो अनियंत्रित बाईकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो गंभीर रूप से घायल हो गये जबकि अधेड़ बाल-बाल बच गया। शुक्रवार की दोपहर जमुई गांव निवासी 30 वर्षीय राजू पुत्र पवन घर से कलवारी बाजार की तरफजा रहा था तभी भटवा की पोखरी मिर्जापुर निवासी 35 वर्षीय प्रकाश गुप्ता पुत्र नींबू गुप्ता अपने साथी 45 वर्षीय संतोष गोड़ को बाइक से लेकर मिर्जापुर की तरफजा रहे थे।दोनों जैसे ही जमुई गांव के सामने मोड पर पहुंचे ही थे कि अनियंत्रित होकर आमने-सामने टकरा गए टक्कर इतनी जोरदार थी कि राजू और प्रकाश गंभीर रूप से घायल होकर लघु लुहान होकर सड़क पर पड़े रहे। संतोष गोंड ने बताया की दोनो हलवाई का काम करते है। जो दो दिन पहले खुटारी गांव तिलक समारोह के लिए व्यंजन बनाने हेतु आए हुए थे। शुक्रवार को भोज कार्यक्रम चालू कराने के बाद घर वापस जा रहे थे कि सड़क दुर्घटना में घायल हो गए।।

चंद्रगढ़ व उंटी में लगी ग्राम चौपाल एडीओ-एसटी ने सुनी समस्याएं

समृद्धि न्यूज

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत चंद्रगढ़ व उंटी में शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर निस्तारण का भरोसा दिया है।

ग्राम चौपाल में पेंशन, आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय की मांग ग्रामीणों ने रखी ग्राम पंचायत गलरा में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी मनोहर लाल ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुना। जिसमें पेंशन, आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय की मांग ग्रामीणों ने रखी जिसमें एडीओ एसटी ने मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत चंद्रगढ़ में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी मनोहर लाल ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जिसमें पेंशन, आवास, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, शौचालय की मांग को ग्रामीणों ने रखी जिसमे एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की मांग को पूरा करने का भरोसा दिया है। इसके बाद ग्राम पंचायत में कराये गये विकास कार्यो का एडीओ एसटी ने स्थलीय निरीक्षण किया है। इस संबंध में एडीओ एसटी मनोहर लाल ने बताया की ग्राम पंचायत उंटी में आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना ग्रामीणों ने आवास, पेंशन, शौचालय, की मांग को रखा मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया गया है।

शेयर बाजार में निवेश कराने का झांसा देकर 27.97 लाख की ठगी, केस दर्ज

मुरादाबाद। मुरादाबाद के थाना मझोला क्षेत्र में निवासी व्यापारी ने थाना पुलिस को दी तहरीर में साइबर ठगों पर शेयर बाजार में निवेश कराने का झांसा देकर कई बार में करीब ?27,97,320 ठगने का आरोप लगाया था। थाना मझोला एसएचओ मोहित चौधरी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर, थाना साइबर क्राइम को ट्रांसफर कर दिया है। मझोला क्षेत्र के सम्राट अशोक नगर निवासी व्यापारी पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीती 26 अगस्त को उनके मोबाइल नंबर को एक व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ लिया गया। इसके बाद उनसे शेयर बाजार में रकम निवेश करने पर मोटा मुनाफा होने का लालच दिया गया। इस ग्रुप में अन्य लोग भी जुड़े थे। ग्रुप एडमिन ने उन्हें एक खाते का नंबर भेज दिया और 4 सितंबर से 26 सितंबर के बीच 12,98,660 ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद 8,60,000 और ट्रांसफर करा लिए। ग्रुप एडमिन राहुल और कस्टमर सर्विस मैनेजर सानवी ने ?21,58,660 ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित ने अपनी रकम निकालने के लिए कहा तो आरोपितों ने ?6,38,660टैक्स के नाम पर जमा कराने को कहने लगे।

ओमेगा हॉस्पिटल के एमडी ने बीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया

समृद्धि न्यूज

बाराबंकी। उमरा ग्राउंड पर आयोजित बाराबंकी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को मुख्य अतिथि के रूप में ओमेगा हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर नईम अहमद उमरा ग्राउंड पहुंचे।

साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवकुमार यादव एडवोकेट हाईकोर्ट लखनऊ, अखिलेश तिवारी पूर्व छात्र नेता लखनऊ विश्वविद्यालय व विपुल बालियान बाली पूर्व छात्र नेता लखनऊ विश्वविद्यालय भी मौजूद रहे इस बीच सभी मेहमानों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए उनकी हौसला अफज़ाई की और खेल कूद को बढ़ावा देने के लिए युवाओं को मेहनत करने का संदेश दिया। मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को डॉक्टर नईम अहमद ने इनामी राशि देकर उनका हौसला बढ़ाया साथ ही टूर्नामेंट कमेटी की तारीफ़ करते हुए डॉक्टर नईम अहमद ने कहा कि इस साल उमरा की सरजमीं पर बेहतरीन टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है जिस में प्रदेश व प्रदेश के बाहर के तमाम खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं और अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेर रहे हैं। कमेटी के बेहतरीन इंतज़ाम के चलते दूर दराज की टीमें बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही हैं और टूर्नामेंट को कामयाब बनाया जा रहा है।

राष्ट्रपति से बिना शर्त माफी मांगे कांग्रेस : जेपी नड्डा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी की ओर से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए की गई एक टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को उनकी कड़ी निंदा की और मांग की कि वह राष्ट्रपति तथा भारत के आदिवासी समुदायों से बिना शर्त माफी मांगें। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के बाद शक्रवार को कहा कि वह अपने संबोधन के आखिर तक थक गई थीं और बहुत मुश्किल से बोल पा रही थीं। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''अंत तक राष्ट्रपति बहुत थक गई थीं...वह मुश्किल से बोल पा रही थीं, बेचारी। जेपी नड्डा ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सोनिया गांधी द्वारा राष्ट्रपति को संदर्भित करने के लिए ''घटिया बात जैसे शब्द का उपयोग किया जाना बेहद अपमानजनक है और यह सर्वोच्च संवैधानिक पद की गरिमा के प्रति विपक्ष की निरंतर अवहेलना को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा, ''दुर्भाग्य से, यह कोई पहली घटना नहीं है। जब राष्ट्रपति सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित कर रही थीं तो विपक्ष ने अपनी सामंती मानसिकता से प्रेरित होकर पिछड़े वर्गों और महिलाओं के सशक्तीकरण का मजाक उड़ाया। नड्डा ने कहा कि वह और उनके साथ-साथ भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए इस्तेमाल किए गए शब्द के मद्देनजर सोनिया गांधी की कड़ी निंदा करता है।

भारत ने ईरान के समक्ष उठाया तेहरान में तीन भारतीयों के लापता होने का मुद्दा

नई दिल्ली। ईरान में तीन भारतीय नागरिकों के लापता होने का मामला सामने आया है। भारत ने ईरान के समक्ष इस मुद्दे को उठाया और उनकी खोज-खबर मांगी है। तीनों भारतीय नागरिक बिजनेस के सिलसिले में तेहरान गए थे और लापता हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इसकी पुष्टि करते हुए साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि तीन भारतीय व्यापारिक कारणों से ईरान गए थे और वह वहां पर लापता हैं। हम उनके परिजनों से संपर्क में हैं। हमने इस मुद्दे को सख्ती से दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास और तेहरान में ईरान के विदेश मंत्रालय से उठाया है। विदेश मंत्रालय और तेहरान में भारतीय दूतावास लगातार ईरानी प्रशासन के साथ संपर्क में है। हमने उनसे अनुरोध किया है कि वह लापता भारतीयों की खोज-खबर और सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहयोग करें। उल्लेखनीय है कि कुछ मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक योगेश पांचाल और मोहम्मद सदीक पिछले साल दिसंबर में 15 दिनों के वीजा पर गए थे। उनकी आखिरी ज्ञात स्थिति तेहरान के एक होटल की बताई जा रही है। इसके अलावा सुमित सूद इसी साल जनवरी के पहले सप्ताह से लापता हैं।

उत्तराखंड ने पुरुषों की बीच हैंडबॉल में जीता रजत

एजेंसी

शिवपुरी (टिहरी)। 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड की पुरुष बीच हैंडबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक पर कब्जा जमाया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में उत्तराखंड को सर्विसेज के खिलाफ 2-1 के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। टिहरी के शिवपुरी स्थित सैंड बीच पर खेले गए इस फाइनल में उत्तराखंड ने दमदार शुरुआत की और पहला सेट 21-18 से जीत लिया। हालांकि, सर्विसेज की टीम ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा सेट 17-11 से अपने नाम कर लिया, जिससे मुकाबला निर्णायक शूटआउट तक पहुंच गया। यहां दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला, लेकिन अंत में सर्विसेज ने 5-4 से बढ़त बनाकर स्वर्ण पदक जीत लिया, जबकि उत्तराखंड को रजत से संतोष करना पड़ा। उत्तराखंड के लिए सुमित ने शानदार खेल दिखाते हुए कुल 14 गोल किए और पूरे मैच में टीम की मजबूती बनाए रखी। उनकी बेहतरीन परफॉर्मेंस ने उत्तराखंड की जीत की उम्मीदें जिंदा रखीं, लेकिन टीम मामूली अंतर से चूक गई। इस पदक के साथ उत्तराखंड ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में कुल नौ पदक जीत लिए हैं।

एशियाई शीतकालीन खेलों में भारतीय दल की भागीदारी को मंजूरी

नई दिल्ली। भारत सरकार ने चीन के हार्बिन में 7 से 14 फरवरी तक आयोजित होने वाले 9वें एशियाई शीतकालीन खेलों 2025 में 88 सदस्यीय भारतीय दल की भागीदारी को मंजूरी दे दी है। इस दल में 59 एथलीट और 29 टीम अधिकारी शामिल हैं। पहली बार, अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस-कंट्री स्कीइंग, फिगर स्केटिंग, शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग और स्पीड स्केटिंग (लॉन्ग ट्रैक) में प्रतिस्पर्धा करने वाले एथलीटों को राष्ट्रीय खेल महासंघों (एएनएसएफ) योजना के तहत पूर्ण वित्तीय सहायता दी जा रही है। सरकार के इस फैसले को भारत में शीतकालीन खेलों के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह पहला अवसर है जब सरकार ने एशियाई शीतकालीन खेलों में भारतीय दल की आधिकारिक वित्तीय सहायता प्रदान की है। इससे खेल प्रशासन में पारदर्शिता और योग्यता-आधारित चयन को भी बढ़ावा मिलेगा। युवा मामले और खेल मंत्रालय ने सभी भारतीय एथलीटों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह मंच खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अवसर देगा। सरकार का यह संरचित दृष्टिकोण भारत को शीतकालीन खेलों में एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

श्रीलंका की इशादी ने मिसेज वर्ल्ड प्रतियोगिता में फर्स्ट रनर-अप का खिताब जीता

कोलंबो। श्रीलंका की इशादी अमांडा ने अमेरिका के लास वेगास में आयोजित 40वीं मिसेज वर्ल्ड प्रतियोगिता में फर्स्ट रनर-अप (उप विजेता) का खिताब जीतकर इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। इशादी अमांडा ने पिछले महीने कोलंबो में आयोजित मिसेज श्रीलंका का ताज पहनना था। श्रीलंका के समाचार पत्र डेली न्यूज के अनुसार इसकी घोषणा अमेरिका के लास वेगास में स्थानीय समयानुसार आज सुबह की गई। 40वीं मिसेज वर्ल्ड का खिताब दक्षिण अफ्रीका की त्शेगो गेले ने अपने नाम किया। दूसरा स्थान श्रीलंका की इशानी अमांडा को मिला। इशादी अमांडा ने इस कामयाबी का श्रेय मिसेज श्रीलंका वर्ल्ड की राष्ट्रीय निदेशक चंडीमल जयसिंघे और कोच रुकमल सेनानायके को दिया है। इशादी अमांडा ने पिछले महीने कोलंबो में आयोजित मिसेज श्रीलंका का ताज पहनना था। 1984 में मिसेज वर्ल्ड का ताज जीतने वाली रोजी सेनानायके भी इस कार्यक्रम में शामिल हुईं। थाईलैंड की प्लॉय पैनपर्म को दूसरा रनर-अप घोषित किया गया।